

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • कार्तिक कृष्ण पक्ष 14 • विक्रम संवत 2080 • रविवार, 12 नवम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-28 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

## शुभकामनाएं

राष्ट्रीय नवीन मेल के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं, हॉकरों एवं शुभचिंतकों को 'दीपावली' की हार्दिक शुभकामनाएं।

## अवकाश की सूचना

'दीपावली' के शुभ अवसर पर राष्ट्रीय नवीन मेल कार्यालय 12 नवम्बर (रविवार) को बंद रहेगा। अतः अखबार का अगला अंक 14 नवम्बर (मंगलवार) को प्रकाशित होगा।

## गागर में सागर

### ओडिशा के राज्यपाल बनने के बाद पहली बार झारखंड आए रघुवर दास

**रांची।** ओडिशा के राज्यपाल बनने के बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पहली बार रांची आए। यहां एयरपोर्ट पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका ढोल नगाड़ों के साथ स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने अंग वस्त्र, बुके और फूल मालाओं से उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। स्वागत करने वालों में रांची के सांसद संजय सेठ, विधायक नवीन जायसवाल, शिवपूजन पाठक भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ,परमा सिंह, हेमंत दास प्रकाश राम, काजल प्रधान ललित नारायण ओझा महानगर अध्यक्ष केके गुप्ता ,वरुण साहू ,सूर्यप्रभात समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे। जबकि प्रशासन की ओर से रांची उपायुक्त और एसएसपी मौजूद रहे।

### सिदो- कान्हू पार्क में निःशुल्क योग प्रशिक्षण 13 नवंबर से

**रांची।** रांची के सिदो- कान्हू पार्क में निःशुल्क योग प्रशिक्षण 13 नवंबर से मिलेगा। इस संबंध में झारपार्कस रांची (वन विभाग, झारखंड) के सीइओ के स्तर से सूचना दी गई है। झारपार्कस अंतर्गत इस पार्क में नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने तथा प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित कर जीवन की पद्धति के विकास के लिए निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर 13 नवंबर से शुरू होगा। इसका समय हर दिन सुबह 6:30 से 7:30 बजे तक रहेगा। मंगलवार को पार्क में साप्ताहिक बंद नहीं होगा। योग के लिए प्रशिक्षक की व्यवस्था झारपार्कस प्रबंधन के स्तर से की गई है। झारपार्कस प्रबंधन ने यह भी कहा है कि फिलहाल योग प्रशिक्षण का समय एक माह (13 दिसम्बर तक) के लिए ही तय किया गया है। अभी जो लोग योग सीखने को सुबह में पार्क आएंगे, उन्हें अपने साथ दरी, मैट या चादर वगैरह स्वयं लाना होगा। सुबह में पार्क घुमने आने वाले लोगों को योग सीखने को पार्क में उपलब्ध रजिस्टर में अपना पंजीकरण भी कराना होगा।

### पूर्व मंत्री मन्नान मलिक की तबीयत हुई खराब, पल्स अस्पताल में भर्ती


**रांची।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री मन्नान मलिक की तबीयत खराब होने पर उन्हें बरियातू स्थित पल्स अस्पताल में भती कराया गया है। मामले की जानकारी मिलते ही शनिवार को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर पल्स अस्पताल पहुंचे और उनसे मुलाकात की। साथ ही जल्द स्वस्थ की ईश्वर से की कामना की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा भी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि पूर्व मंत्री मन्नान मलिक बीते शुक्रवार को पल्स में भर्ती कराया गया था। नॉर्मल ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। फिलहाल वह ठीक बताए जा रहे है। उनका इलाज चल रहा है।

### रांची में बीच-बचाव करने गई महिला की हत्या


**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के हुरहुरी बाड़ी टोला में आपसी विवाद में हुई मारपीट में बीच बचाव में गयी एक महिला की लाठी से मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर रात महिला के देवर टुलगु और भतीजा पंकज के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। दोनों लाठी से लड़ने लगे। इस दौरान बीच-बचाव में आई महिला बिरसी देवी (60) को सिर में चोट लग गयी। उसे आनन -फानन में रिम्स ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही शनिवार को पुलिस मौके पर पहुंची।

### नानी की हत्या कर नाती-नतनी को भी मारा, ट्रिपल मर्डर से इलाके में सनसनी


**बोकारो।** बोकारो थर्मल इलाके की रहने वाली 70 वर्षीय सीता देवी की हत्या के बाद हत्यारों ने नाती-नतनी को भी मार डाला है। ट्रीपल मर्डर की सूचना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गयी हैं। इतना ही नहीं हत्या के समय घर में मौजूद कुत्ता के मुंह से आवाज तक नहीं निकला। संभावाना जतायीं जा रही है कि हत्यारा संभवतः परिचित है। पड़ोसी ने देखा तो मामले की जानकारी पानागढ़ पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। बताया जाता है कि मृतक सिमरन का आज पति से तलाक भी होने वाला था। पुलिस हर बिंदुओं पर जांच कर रही है।



### आईसीसी क्रिकेट वर्ल्ड कप-2023



ऑस्ट्रेलिया - 307 /2 (44.4 ओवर)
बांग्लादेश - 306/ 8 (50 ओवर)



इंग्लैंड - 337/9 (50 ओवर)
पाकिस्तान -244 /10 (43.3ओवर)

**आज का मैच**

भारत बनाम नीदरलैंड: बेंगलुरु (200 बजे से)

---

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार अभिनयान की मॉनिटरिंग के लिए

# 15 आईएएस अधिकारियों की नियुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता**




**रांची।** 15 नवंबर से शुरू होने वाली आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की निगरानी एवं अनुश्रवण के लिए राज्य के 15 पदाधिकारी को जिलों का प्रभारी नियुक्त किया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय में विभाग ने आदेश जारी किया है। राजीव अरुण एक्का को पूर्वी सिंहभूम, अजय कुमार सिंह को रांची और धनबाद , सुनील कुमार को बोकारो ,लातेहार, राहुल पुरवार को गोड्डा, अमिताभ कौशल को कोडरमा व गिरिडीह, मनीष रंजन को देवघर व जामताड़ा, राजेश कुमार शर्मा को साहिबगंज, अबू बकर सिद्दीकी को पश्चिम सिंहभूम और सिमडेगा का प्रभार सौंपा गया है। इसी प्रकार प्रवीण टोप्पो को सरायकेला खरसावां और चतरा, प्रशांत कुमार को दुमका और पाकुड़ कृपानंद झा को पलामू और गढ़वा, मनोज कुमार को खूंटी, विप्रा भाल को लोहरदगा, चंद्रशेखर को गुमला व जितेंद्र कुमार सिंह को हजारीबाग और रामगढ़ जिला का प्रभारी बनाया गया है। सभी पदाधिकारी जिले की उपायुक्त और उप विकास आयुक्त को मार्गदर्शन भी देंगे।



संपूर्ण जगत को प्रकाशमान करने के साथ सुख-समृद्धि से परिपूर्ण करने धरा पर आयेंगी मां महालक्ष्मी।

# दीपावली आज, प्रदोष काल में मां लक्ष्मी-गणेश की पूजा करना शुभ



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** दीपावली कार्तिक माह के अमावस्या तिथि को रविवार को मनाई जाएगी। इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजन का विधान है। लक्ष्मी गणेश पूजा के लिए प्रदोष काल का समय सबसे शुभ और फलदायी होगा। पंडित राजेंद्र पांडेय ने बताया कि दीपावली के दिन प्रदोष काल में माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा सभी के लिए सुख-समृद्धि और मंगलकारी होगी। जबकि मध्य रात्रि में मां काली का जाप, तप और साधना से भक्त के सारे कष्ट दूर होते हैं। मां काली की पूजा निशिता काल में करने का विधान है। उन्होंने बताया कि दीपावली पूजा के लिए शुभ मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:23 से 12:56 बजे तक है। जबकि प्रदोष काल में संध्या 5:10 से रात 9:40 बजे तक और महानिशा काल मे काली पूजा रात 11:15 से 12:07 तक होगी।

## राष्ट्रपति ने देशवासियों को दिवाली की शुभकामनाएं दीं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को दीपावली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राष्ट्रपति ने अपने संदेश में कहा, "दीपावली के शुभ अवसर पर, मैं भारत और विदेश में रहने वाले सभी साथी नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देती हूं। दीपावली हर्ष और उल्लास का त्योहार है। यह अंधकार पर प्रकाश की, बुराई पर अच्छाई की और अन्याय पर न्याय की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। विभिन्न धर्मों और आस्थाओं के लोग इस त्योहार को मनाते हैं और प्रेम, भाईचारे और सद्भाव का संदेश फैलाते हैं। यह त्योहार दयालुता, सकारात्मकता और समृद्धि का प्रतीक है। दीपावली का त्योहार हमारी अंतरात्मा को प्रकाशित करता है और हमें मानवता के कल्याण के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है।" राष्ट्रपति ने कहा कि एक दीपक अनेक दीपकों को प्रकाशित कर सकता है। इसी प्रकार हम गरीबों और जरूरतमंदों के साथ अपनी खुशियां बांटकर उनके जीवन में सुख और समृद्धि ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि आइए हम सभी सुरक्षित रूप से रोशनी का त्योहार मनाएं और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देकर राष्ट्र निर्माण का संकल्प लें।

# योगाचार्य लगा रहे मरीजों की क्लास

**डायबिटीज के साथ बीपी, थायरॉयड और चर्बी का सदर में इलाज**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अगर आप भी हाई बीपी, कमर दर्द और शरीर में चर्बी की समस्या से जूझ रहे है तो अब टेंशन लेने की जरूरत नहीं है। चूंकि सदर हॉस्पिटल में इन समस्याओं को दूर करने का इंतजाम किया गया है। जी हां, हॉस्पिटल में योगा से मरीजों का इलाज शुरू किया गया है। जहां योगाचार्य मरीजों की क्लास लगा रहे है। इतना ही नहीं उन्हें योग करने के तरीके भी बताए जा रहे है। जिससे कि मरीजों की बीमारी ठीक भी हो रही है। बता दें कि सदर हॉस्पिटल पहला अस्पताल है जहां पर मरीजों का इलाज योग से किया जा रहा है।

**6 दिन चल रहा सेशन :** योगाचार्य की क्लास हफ्ते में छह दिन चल रही है। जिसमें सोमवार, मंगलवार, बुधवार को शाम साढ़े चार बजे से 6.30 बजे तक मरीज संपर्क कर सकते है। वहीं गुरुवार, शुक्रवार और शनिवार को सुबह 10 बजे से लेकर 12 बजे तक दो घंटे का सेशन है। यह सुविधा हॉस्पिटल के न्यू बिल्डिंग में तीसरे फ्लोर पर है। जहां एक हिस्सा योगा के लिए रिजर्व रखा गया है।

**इनडोर के मरीजों को भी सुविधा :** हॉस्पिटल में डायिबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर, थायरॉयड, कमर दर्द के अलावा चर्बी का इलाज तो किया जा रहा है। वहीं हॉस्पिटल में एडमिट मरीजों को भी सलाह दी जा रही है। इसके अलावा गंभीर बीमारी के मरीजों का भी इलाज योग गुरु चंद्रदेवार्य कर रहे है। उन्होंने बताया कि कोई भी मरीज इलाज के लिए आ रहे है तो उनसे आकर मिले। बीमारी के हिसाब से उन्हें आसन और योग करने के तरीके बताए जा रहे है।

# सावधान : दिवाली पर आया संदेश आपका दिवाला निकाल सकता है

**दिवाली पर गिफ्ट वाउचर के लिंक या क्यूआर कोड पर क्लिक करने से हो सकता है खाता खाली**

**- आरपी सिंह**

**नई दिल्ली।** शातिर दिमाग ठग, ठगी के नये - नये तरीके ईजाद कर रहे हैं। दिवाली के अवसर पर ठगी का नया तरीका सामने आया है। इस समय दिवाली की शुभकामना देते हुए वॉट्सऐप और सोशल मीडिया पर गिफ़्ट पाएँ जैसे लिंक आने लगे हैं। जिस पर लिखा है कि इस गिफ्ट वाउचर के लिंक या क्यूआर कोड पर क्लिक करें। जो ऐसा करके ठगों के जाल में फंस रहा है उसके बैंक खाते से ठग पैसा उड़ा ले रहे हैं। इसलिए ऐसे किसी भी मैसेज को सीधे डिलीट कर दें। उसको ब्लॉक कर दें। यदि इन लिंक पर क्लिक किये तो ठग आपसे आपके खाते में पैसा ट्रांसफर करने के बहाने आपसे और कई जानकारी लेने के बाद आपके फोन पर या ईमेल पर आये ओटीपी को बताने को कहते हैं। और आपके बताने के बाद वह उसका उपयोग करके आपके खाते से पैसा निकाल ले रहे हैं। इसलिए आप इस तरह के किसी भी ऐसे लिंक या गैरजरूरी अनुमति मांगने वाले ऐप से बचें। गिफ्ट वाउचर के लिंक या क्यूआर कोड पर क्लिक न करें। अपने मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी व ओटीपी किसी के साथ शेयर नहीं करें।इसलिए सतर्क रहें क्योंकि दिवाली बधाई मैसेज के साथ एक लिंक शेयर किया जा रहा है, जो ऑनलाइन फ्रॉड की वजह बन रहा है।

### इस फ्रॉड से कैसे बचें?

दिवाली मैसेज के साथ यदि कोई लिंक आता है, तो उस पर क्लिक नहीं करें। क्योंकि यह लिंक आपके लिए खतरनाक हो सकता है।

यदि कोई ऐप आपके गैरजरूरी परमिशन मांग रहा हैं, तो उससे बचें। मैसेज के साथ जुड़े गिफ़्ट वाउचर के किसी भी लिंक पर क्लिक नहीं करें।

दिवाली गिफ्ट वाउचर के लिए किसी क्यूआर कोड को भी स्कैन ना करें। दिवाली गिफ्ट के लिए मोबाइल नंबर, ईमेल आईडी,ओटीपी किसी को भी नहीं बतावें।

# मुगलकाल में सम्राट धूमधाम से मनाते थे दीपावली का त्योहार

**अकबर के समय आगरा के किले, फतेहपुर सीकरी को, शाहजहां के समय दिल्ली के लाल किला को दीयों, झूमरों, चिरागदानों से सजाया जाता था, आतिशबाजी होती थी**

**शुद्ध देसी घी में मिठाइयां , पकवान बनाने के लिए मथुरा, भोपाल, लखनऊ से हलवाई बुलाए जाते थे**

**-ब्यूरो**



**नई दिल्ली।** राम के वनगमन से वापस आने के बाद अयोध्या में जनता ने दीपक जलाकर खुशी जताई थी। कहा जाता है कि तभी से दिवाली की शुरूआत हुई। लेकिन जब देश मुगलों का राज हुआ, तो वो भी इस त्योहार को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाते रहे। इतिहासकारों ने जो लिखा है उसके अनुसार अकबर ने अपने शासन काल में दिवाली को जश्न-ए-चिराग नाम देकर आगे बढ़ाया। अकबर के समय दिवाली आगरा के किले व फतेहपुर सीकरी में शुरू हुई। जबकि कुछ उलेमा इस पर आपत्ति जताते हुए इसे गैर मुस्लिम प्रथा कहते थे।लेकिन दिन-ए इलाही चलाने वाला अकबर इनकी परवाह नहीं किया। उन दिनों या आज भी कई जगह अंधविश्वास के कारण दिवाली की रात में उल्लू की बलि की चर्चा होती है। 1720 से 1748 के दौरान मुहम्मद शाह के समय दिवाली का उत्सव विशेष अंदाज में मनाया जाता था। महल के सामने बड़े-बड़े मैदानों में दिवाली आयोजन होता था। महल के परकोटों पर दिया जलाया जाता था। महल को दीयों, झूमरों, चिरागदानों से सजाया जाता था। जहां तक दिल्ली के लाल किला का सवाल है, तो बादशाह शाहजहां ने अपनी राजधानी आगरा से दिल्ली शिफ्ट करने के बाद दिल्ली के लाल किले के अंदर दिवाली की परंपरा शुरू की थी। यह लाल किला भी कुछ कम रोशन नहीं होता था। उस दौरान भी किले को दीपों से जगमग कर दिया जाता था। आज की ही तरह उस समय भी तैयारियों में कोई कमी नहीं होती थी, और दिवाली के लिए तैयारी एक माह पहले से ही शुरू हो जाती थी। शाहजहां के समय आकाश दिया जलाया जाता था। शाहजहां दिवाली की खासियत को और भी खास बनाने के लिए दिए को 40 गज ऊंचे खंभों पर लगवाता था। इसकी ऊंचाई इतनी थी कि ना केवल लाल किला बल्कि पूरा चांदनी चौक जगमग हो उठता था। अकबर के समय से ही दिवाली के अवसर पर मिठाइयां व पकवान बनाने के लिए मथुरा, भोपाल व लखनऊ से हलवाई बुलाए जाते थे । शुद्ध देसी घी में मिठाइयां बनाने के लिए आसपास के गावों में घी के लिए पहले ही धन दे दिया जाता था। दिवाली के दिन किले के आसपास आतिशबाजी भी हुआ करती थी।

### प्रधानमंत्री के झारखंड दौरे पर सुरक्षा के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के झारखंड दौरे पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर 10 आईपीएस, 35 डीएसपी, बम स्क्वायड, डॉग स्क्वायड की टीम सहित 2000 जवानों की तैनाती की जाएगी। सुरक्षा के साथ दूसरे इंतजामों में कोई कमी न रह जाए इसके लिए अधिकारी लगातार खूंटी में कैंप किए हुए हैं। एसपीजी की टीम शनिवार को रांची एयरपोर्ट पहुंची और वहां सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के बाद खूंटी के लिए रवाना हो गई। इस संबंध में डीआईजी अनूप बिलथरे ने शनिवार को बताया कि प्रधानमंत्री 15 नवम्बर राज्य स्थापना दिवस के दिन झारखंड के खूंटी में कार्यक्रम में शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा को लेकर आईपीएस, डीएसपी, इंस्पेक्टर सहित 2000 पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। साथ ही एसपीजी के निर्देश के अनुसार तैयारी की जा रही है। दो जगहों पर हेलिपैड बनाया गया है। उन्होंने बताया कि लगातार पुलिस मुख्यालय की ओर से भी खूंटी का दौरा किया जा रहा है।

### पीएम के दौरे को लेकर 45 अफसरों की प्रति नियुक्ति

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 15 नवंबर को झारखंड का दौरा करेंगे। वे भगवान बिरसा मुंडा की जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस पर रांची होते हुए खूंटी के उलिहातू जाएंगे। उनके दौरे को देखते हुए झारखंड प्रशासनिक सेवा के 45 अधिकारियों की विधि-व्यवस्था संभालने के लिए 13 से 15 नवंबर तक प्रतिनियुक्ति की गयी है। इस संबंध में कार्मिक विभाग ने शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। जिन अधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है, उसमें 10 अधिकारी अपर समाहर्ता, 15 अधिकारी एसडीओ व 20 अधिकारी कार्यपालक दंडाधिकारी स्तर के हैं। सभी को खूंटी जिला में दंडाधिकारी की शक्ति दी गयी है। वे खूंटी उपायुक्त के नियंत्रण में कार्य करेंगे। इन अधिकारियों में अनंत कुमार, जेम्स सुरीन, रंजीत लोहरा, महेंद्र कुमार, संजय पांडेय, अजय कुमार साय, कुंदन कुमार, धीरेंद्र कुमार सिंह, मुमताज अंसारी, राज महेश्वरम, कपिल कुमार, मो. जहुर आलम, पंकज कुमार रवि, राजेश कुमार साहू, अशोक कुमार, तेज कुमार हस्सा, किस्टो कुमार बेसरा, मुकेश कुमार बाउरी, दयानंद कार्जी, मनोज कुमार, मो. शफीक आलम, शेखर कुमार, संजीव कुमार, निर्भय कुमार, गोपाल कृष्ण कुंवर, मोहम्मद अनिष, खाखा सुशील कुमार, राजेंद्र प्रसाद सिंह, नारायण राम, विनोद राम, सुमित प्रकाश, दुर्गा कुमार, सतेन्दर महतो, नवीन भूषण कुल्लु, दीपक कुमार दूबे, कुमार कनिष्क ओम प्रकाश बड़ाईक, प्रवीण रोहित कुजूर, चंद्रशेखर कुणाल, श्रेयांस, जितेंद्र कुमार गुप्ता की प्रतिनियुक्ति हुई है।

राजनीतिक बयार के हिसाब से पाला बदलने में माहिर राजनेता

# चुनावी उठापटक व पलामू एक-दूसरे के पूरक

**अखिलेश चौबे**







**मेदिनीनगर।** चुनावी उठापटक व पलामू एक-दूसरे के पूरक हैं। बह रहे राजनीतिक बयार को भांप चुनाव नजदीक आते ही क्षेत्रीय राजनेताओं के पाला बदल का खेल शुरू हो जाता है। कुछ को इस खेल में जहां सफलता हासिल होती है। वहीं कई का गणित बिगड़ जाता है। बात शुरू करते हैं उप्र की सीमा से सटे पलामू प्रमंडल अंतर्गत गढ़वा जिला स्थित भवनाथपुर विधान सभा से। वर्तमान में बीजेपी के विधायक भानु प्रताप शाही ने अपनी राजनीतिक पारी की शुरूआत नवजवान संघर्ष मोर्चा से की। 2014 के विधान सभा चुनाव में उन्होंने भाजपा के अनंत प्रताप देव को कड़े संघर्ष में 2600 वोटों से पटखनी देने में सफल रहे। इससे पूर्व अनंत कांग्रेस में थे तथा नामांकन के दो दिन पूर्व ही उन्होंने भाजपा की सदस्यता हासिल की थी। तब भाजपा से टिकट के प्रबल दावेदार जुझारू नेता कन्हैया चौबे ने भाजपा छोड़कर निर्दलीय मैदान में उतरने को विवश हुए थे। किंतु 2019 में भाजपा ने भानु को ही टिकट दे दिया। जिन्होंने निर्दलीय अनंत प्रताप को मात देकर पुनः विधायक बनने में सफल रहे। वर्तमान में अनंत प्रताप झामुमो के साथ पींगे बढ़ाते देखे जा रहे हैं। वहीं छतरपुर विधान सभा में तो स्थिति और भी रोचक देखी गई। वर्ष 2014 में कभी कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे राधाकृष्ण किशोर भाजपा प्रत्याशी के रूप में राजद के मनोज कुमार को शिकस्त देकर विधायक बने। जबकि 2019 के विधान सभा चुनाव में भाजपा ने अपने विधायक का टिकट काटकर प्रतिद्वंदी मनोज कुमार की पत्नी पुष्पा देवी को टिकट थमा दिया। इससे खार खाकर राधाकृष्ण किशोर भाजपा से त्यागपत्र देकर आजसू के टिकट पर मैदान में उतर गये, किंतु उन्हें भाजपा से मात खानी पड़ी। अब राधाकृष्ण किशोर ने राजद का दामन थाम लिया है। इसी प्रकार लातेहार विधानसभा में भी इसी प्रकार का परिदृश्य सामने आया था। जब भाजपा ने अपने विधायक वैद्यनाथ राम का टिकट काटकर चुनाव से दो माह पूर्व ही झाविमो से पार्टी में आये प्रकाश राम को टिकट थमा दिया। किंतु भाजपा छोड़कर झामुमो से चुनाव लड़कर वैद्यनाथ ने तब अपनी विधायकी बचा ली थी।

### शुरू हो गया है पाला बदल का खेल

आगामी विधान सभा चुनाव में अभी लगभग एक वर्ष का समय शेष है। किंतु अबकी बार अभी से पाला बदल का खेल शुरू हो गया है। इसकी शुरूआत हुई है मनिका विधान सभा से। पिछले विधान सभा चुनाव में भाजपा ने अपनी सीटिंग विधायक हरिकृष्ण सिंह का टिकट काटकर जिस रघुपाल सिंह को लड़ाया था। हालांकि वे कांग्रेस के रामचंद्र सिंह से चुनाव हार गये थे। उन्होंने पिछले दिनों बीजेपी छोड़ झामुमो ज्वाइन कर लिया है। चुनाव आते-आते किन-किन विधान सभा क्षेत्रों में कौन किस खेमे में जाएगा। लोगों की इस पर पैनी नजर है।

## गागर में सागर

### छठ घाट पर व्रतधारियों को उपलब्ध करायी जायेगी हर सुविधा : डा. ईश्वर सागर

**विश्रामपुर।** आरसीयू के कुलाधिपति डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी व नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी दानिश हुसैन ने शनिवार को शिव छठ घाट पर साफ-सफाई का जायजा लिया। इस दौरान जेसीबी मशीन लगाकर नदी को साफ करने,लाइट व्यवस्था को दुरुस्त करने सहित कई दिशा-निर्देश नप कर्मियों को दिये गये। छठ पूजा समिति ने डा. चंद्रवंशी व कार्यपालक पदाधिकारी को बुके व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि छठ घाट पर व्रतधारियो के हर सुविधा का ख्याल रखा जायेगा। उन्होंने छठ पूजा समिति को आयोजन में हर संभव मदद देने का भरोसा भी दिया। दानिस हुसैन ने कहा कि नगर प्रशासन सभी छठ घाटों की साफ-सफाई करा रहा है। घाट पर पानी की भी व्यवस्था कराई जायेगी। सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय ने बताया कि छठ महापर्व के दिन वाराणसी के पंडितों द्वारा घाट पर गंगा आरती कराया जायेगा। इसके अलावा भक्ति जागरण का भी आयोजन किया गया है। समिति के अध्यक्ष विजय पेंटर ने बताया कि छठ महापर्व को लेकर व्यापक तैयारी चल रही है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार लाल, सिटी मिशन मैनेजर जितेंद्र सिंह,नगर प्रबंधक सुभाष हेंब्रम,दीपक चंद्रवंशी, राजू प्रसाद केशरी, संजय साह, रामचंद्र साव,अमित सोनी, बिहारी लाल गुप्ता,[ जितेंद्र बहेलिया, गोलू गुप्ता, राजा सोनी, सत्येंद्र कुमार, अवधेश सोनी,मनोज कुमार, सत्यम सोनी मौजूद थे।

### रेहला के जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में रखी गई आधारशिला

# एक करोड़ 95 लाख से छात्रावास भवन व चहारदीवारी का होगा निर्माण

**नया छात्रावास भवन बन जाने से शिक्षक-प्रशिक्षकों को सुविधा होगी : ईश्वर सागर**

**कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए**



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला स्थित जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में एक करोड़ 95 लाख की लागत से छात्रावास भवन व चहारदीवारी का निर्माण किया जायेगा। शनिवार को मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने शिलापट्ट का अनावरण कर निर्माण का शिलान्यास किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि नया छात्रावास भवन बन जाने से शिक्षक-प्रशिक्षकों को सुविधा होगी। वहीं चहारदीवारी निर्माण से संस्थान सुरक्षित रहेगा। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। शिलान्यास समारोह का संचालन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम ने किया। मौके पर वरीय भाजपा नेता सुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे,विधायक के जिला प्रतिनिधि रामचंद्र यादव,सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, पंकज कुमार लाल, किरण शर्मा, इदरीश हवारी, तीर्थराज पाठक, इसरार हवरी,अमरेश तिवारी,प्रमोद दीक्षित, दीपक तिवारी, डॉ वी पी शुक्ला सहित कई लोग मौजूद थे।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने किया उद्घाटन

# केतात स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में प्रबंधक को उपलब्ध कराया गया खेल उपकरण



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** प्रखंड के केतात स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में छात्रों के लिए खेल उपकरण लगाया गया। यह खेल उपकरण पंचायत निधि से विद्यालय प्रबंधन को उपलब्ध कराया गया था। खेल उपकरण का उद्घाटन शनिवार को मुखिया संजू चौबे,वरीय वार्ड सदस्य अरविंद चौबे व प्रधानाध्यापक मनोज द्विवेदी ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस अवसर पर स्कूली छात्राओं द्वारा स्वागत व प्रेरणा गीत प्रस्तुत किया गया। प्रधानाध्यापक श्री द्विवेदी ने पंचायत प्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन की ओर से प्रतिनिधियों का स्वागत किया। मौके पर सुनील चौबे, प्रबंध समिति अध्यक्ष सुभाष चौबे, संजीत कुमार चौबे,अनंत चौबे, निहालचंद राम, पूनम देवी, आरती कुमारी, रीना कुमारी, अमरेंद्र कुमार, रामलाल चौधरी, विनोद मंडल, अनुपम चौबे, रंजीत कुमार, अर्चना कुमारी मौजूद रहे।

### नई तीसरी लाइन पर भी रेल परिचालन की होगी सुविधा

# जपला रेलवे स्टेशन पर लगा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** शनिवार को पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल (डीडीयू मंडल) में मंडल रेल प्रबंधक राजेश गुप्ता के दिशा-निर्देशन में रेल अवसंरचना विकास एवं उन्नयन करते हुए रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि हेतु निरंतर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में सुचारू रेल परिचालन के साथ रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि हेतु मंडल के अंतर्गत सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड स्थित जपला स्टेशन पर नया आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की स्थापना की गई। शुक्रवार की रात में नए सिस्टम के साथ परिचालन कार्य की शुरूआत की गई। ट्रैक मोडिफिकेशन, नए प्वाइंट आदि लगाने के साथ यार्ड रीमॉडलिंग करते हुए जपला स्टेशन पर 103 रुट की क्षमता वाले नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की स्थापना की गई है। नया इंटरलॉकिंग सिस्टम अत्याधुनिक सिग्नलिंग उपकरणों व सुविधाओं से युक्त है। विदित हो कि रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि हेतु सोन नगर - पतरातू तीसरी लाइन परियोजना अति महत्वपूर्ण है। इस परियोजना के अंतर्गत जपला स्टेशन पर तीसरी लाइन से भी रेल परिचालन हेतु नवस्थापित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम में व्यवस्था हो गई है। इस स्टेशन पर नवस्थापित इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम समग्र रूप में डीडीयू मंडल में रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि में सहायक होगा। विशेषकर इस क्षेत्र में कोयला लदी मालगाड़ियों के त्वरित आवागमन में सुविधा होने के साथ बीडी सेक्शन में रेल परिचालन तेज एवं सुगम होगा। साथ ही संरक्षा भी और सुदृढ़ होगी।

### सेवानिवृत शिक्षक के निधन से शोक

**नावा बजार:** रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव निवासी 74 वर्षीय सेवानिवृत शिक्षक सत्यनारायण तिवारी का शनिवार को निधन हो गया। तीन दिन पूर्व इनका स्वास्थ्य खराब हो गया था। परिजनों द्वारा मेदिनीनगर के बाद रांची में इनका इलाज कराया जा रहा था। जहां स्थिति में कोई सुधार न होता देख चिकित्सकों ने उन्हें घर ले जाने की सलाह दी। रांची में बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए चिकित्सकों के द्वारा उन्हें घर ले जाने की सलाह दी गई। वापस लौटने के क्रम में रास्ते में उनकी मौत हो गई। स्वर्गीय तिवारी अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। जानकारी के अनुसार वर्ष 2009 में सेवानिवृत होने के बाद वे अपने पैतृक गांव तोलरा में हीं परिवार के अन्य सदस्यों के साथ रहते थे। परिजनों के अनुसार रविवार को इनका दाह संस्कार कोयल नदी स्थित श्मशान घाट पर किया जाएगा।

# पूर्व सैनिक कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी व नगर प्रबंधक सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद कार्यालय में नगर पंचायत के नव पदस्थापित कार्यपालक पदाधिकारी विपूल शनि व नगर प्रबंधक नजीबुल्लाह अंसारी को अंगवस्त्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। अधिकारियों ने पूर्व सैनिकों के साथ वीर जांबाज सैनिकों को भी नमन किया। जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद व सुधीर सिंह के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में कार्यालय द्वारा क्षेत्र के सभी विभागों के पेंशनधारियों, वीर नारियों की समस्याओं का निदान, नवजवान बच्चों को सैन्य संबंधित शिक्षा देने जैसे कार्यों की जानकारी दी गई। संगठन के संरक्षक कर्नल डा. संजय कुमार सिंह ने सभी क्षेत्रवासियों को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि संगठन समाज के सभी जरूरतमंदों की मदद के लिए निःस्वार्थ भाव से कार्य कर रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा कि सेवानिवृति के बाद इस उम्र में भी सैनिक अपने क्षेत्र में जनसेवा कर रहे हैं। यह सराहनीय पहल है। इस मौके पर पूर्व सैनिक सुबेदार, सत्येंद्र ठाकुर, सुमेर सिंह, अशर्फी पाल, प्रसाद सिंह, उदित सिंह, गौरी शंकर ठाकुर, यदुनंदन ठाकुर, सत्येंद्र शर्मा, दिलीप मेहता, कृष्णा सिंह, लल्लू पासवान, अर्जुन सिंह मौजूद थे।

# पहले शिक्षा मंत्री मौलाना आजाद की 135वीं जयंती मनी




**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** आइडियल टीचर्स एसोसिएशन हुसैनाबाद के तत्वावधान में शनिवार को स्थानीय मिडिल स्कूल में देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135 वीं जयंती कैरियर गाइडेंस के तहत मनाई गई। निवर्तमान नगर अध्यक्ष शशि कुमार की अध्यक्षता व मो. जुबैर अंसारी के संचालन में आयोजित कार्यक्रम में मौलाना आजाद के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। शकील अहमद ने कहा कि मौलाना आजाद का जन्म मक्का में हुआ था। बाद में इनका परिवार भारत आ गया और यही बस गया। मौलाना आजाद बहुत मेधावी थे। इन्होंने 13 साल की उम्र में देशप्रेम से ओत-प्रोत अखबार अल हिलाल का प्रकाशन किया। मगर अंग्रेजी सरकार ने इस पर पाबंदी लगा दी। पुनः इन्होंने अल बलाग नाम से अखबार निकाला। इन्होंने गांधी जी के नेतृत्व में जंग ए आजादी में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने आईआईटी, आईआईएम, ललित कला अकादमी आदि संस्थाओं का गठन किया व देश में शिक्षा की बुनियाद को मजबूत बनाया। कैरियर गाइडेंस पर बात रखते हुए मो. नासिर ने छात्र-छात्राओं को कई टिप्स दिये। रांची से आए शिक्षक मो. जीशान रजा ने बड़े ही आकर्षक अंदाज में बच्चों को विभिन्न कोर्सेज व संस्थानों की जानमारी दी। कार्यक्रम को निवर्तमान नगर उपाध्यक्ष ग्यासुद्दीन सिद्दीकी व कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मसरूर अहमद ने भी संबोधित किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

# भवन पेंटिंग के दौरान मजदूर गिरकर घायल



**विश्रामपुर।** आरसीआईटी के भवन पेंटिंग कार्य मे लगा एक मजदूर शनिवार को दस फीट की ऊंचाई से गिर जाने से गंभीर रूप से घायल हो गया। मजदूर को बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज हेतु मेदिनीनगर एमएमसीएच भेज दिया गया। घायल मजदूर की पहचान पांकी थाना क्षेत्र के करार गांव निवासी विजय राम के रूप में हुई है।

### ऑनलाइन तीन योजनाओं का किया शिलान्यास

# क्षेत्र के एक-एक गांव का हो रहा है विकास : विधायक

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हैदरनगर स्थित शुक्रबाजार टू आंगनबाड़ी केंद्र के नवनिर्मित भवन का ऑनलाइन उद्घाटन विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह की उपस्थिति में किया। इसके अलावा उन्होंने हुसैनाबाद के ग्राम बुधुआ राजस्व कचहरी सहित बैजली व खराड़ में स्वास्थ्य उपकेंद्र का भी शिलान्यास किया। विधायक सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के एक-एक गांव का विकास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गांव की नली- गली का निर्माण विधायक कोटा की राशि से जनता की सहमति लेकर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सभी ग्रामीण सड़कों का जीर्णोद्धार के अलावा नई सड़को का निर्माण भी किया जा रहा है। कई सड़कों व पुलों के निर्माण की स्वीकृति के बाद निविदा की प्रक्रिया चल रही है। पूर्व में 28 कब्रिस्तान की घेराबंदी का काम प्रगति पर है। 20 कब्रिस्तानों की घेराबंदी व सुंदरीकरण के लिए स्वीकृति दिलाई गई है। गांव-गांव में छठ घाट का निर्माण किया गया है। ग्रामीणों की मांग पर जल्द ही हैदरनगर छठ घाट पर डिप बोरिंग कराकर पानी की समस्या दूर करा दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारी संख्या में विवाह मंडप का निर्माण कराया गया है। इसके अलावा भी कई महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने बताया कि क्षेत्र में विकास कार्यों का शिलान्यास व उद्घाटन करने के लिए चार टीमें बनाई गई हैं। उन्होंने योजनाओं पर बेहतर कार्य कराने की जिम्मेदारी ग्रामीणों को दी है। उन्होंने कहा कि कहीं गलत होता है तो उस गांव के लोग विधायक या उन्हें सूचना दे सकते हैं। कार्यक्रम में जिला पार्षद संगीता देवी, एनसीपी प्रवक्ता योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह,अनुमंडल अध्यक्ष विनय पासवान ,राजकुमार ठाकुर, हंसराज सिंह, संजय सिंह, अकबर खान, रविरंजन सिंह, अनिल सिंह, लल्लू सिंह ,कृष्णा सिंह, ललित सिंह, ग्रीजा सिंह, मिथिलेश पाठक, अनिल सिंह, अजय सिंह,जाफर इमाम, संतन चौधरी, मुन्ना,रघुराई यादव, रतन लाल, अखिलेश सिंह शामिल थे।



**NAME CHANGE**

I, Jyoti Devi, husband Manoj Prasad, am a resident of Village-Rajhara Kathi, P.O.- Rajhara Collieary, Ps- Nawabazar, District- Palamu, Jharkhand. I declare that my name Jyoti has been entered in my husband's military records by mistake. Army No. 10406700 P Lance Naik Manoj Prasad is my husband. My name should be changed from Jyoti to Jyoti Devi in my husband's military documents. I am known and recognized by the name of Jyoti Devi.

**Affidavit Number: 55/ Date: 06/11/2023**

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमंडल, लातेहार**

**आवश्यक सूचना**

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित ई – निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 02/2023-24/EE/RWD/LATEHAR एवं PR 310038 REO (23-24)D में प्रकाशित निविदा को अपरीहार्य कारणों से स्थगित किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.311243 REO(23-24):D

**झारखण्ड शिक्षा परियोजना जिला कार्यालय, गढ़वा**

**विज्ञापन संख्या–NSCBAV/01/2023**

**नेता जी सुभाषचन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में चयन हेतु आवश्यक सूचना**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद, रांची के पत्रांक–RS/15/01/2022-23/3863 दिनांक–10.10.2023 के आलोक में जिला में संचालित 01 नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय, रंका में पूर्णतया अस्थायी एवं अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयन हेतु योग्य एवं अहर्ताधारी महिला/पुरूष अभ्यर्थियों से निम्न अंकित शर्तो के अधीन शैक्षिक एवं गैर शैक्षिक रिक्त पदों के लिए विहित प्रपत्र में आवेदन दिनांक–30.11.2023 के अपराह्न 5:00 बजे तक निबंधित डाक के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना गढ़वा, विकास भवन–'बी' समाहरणालय परिसर, प्रथमतल, गढ़वा पिनकोड 822114 में आमंत्रित किए जाते हैं। जिले में संचालित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस आवासीय विद्यालय में निम्नवत् पदों पर संविदा पर चयन किया जाना है:–

| Sl. No. | Name of Post | Vacancy | Roster | | | | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | BC-I | BC-II | SC | ST | |
| 1. | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका हिन्दी (भाषा) | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 2. | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका अंग्रेजी (भाषा) | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 3. | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका (गणित) | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 4. | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका विज्ञान (विषय समूह–जीव विज्ञान एवं रसायन विज्ञान) | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 5. | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका विज्ञान (विषय समूह–भौतिकी विज्ञान एवं गणित) | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 6. | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका (सामाजिक विज्ञान) | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 7. | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका (शारीरिक शिक्षा) | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 8. | पूर्णकालिक शिक्षक/शिक्षिका (कम्प्यूटर) | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 9. | पूर्णकालिक लेखापाल | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 10. | सपोर्टस्टाफ (आदेशपाल) | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 11. | सपोर्टस्टाफ (रात्रि प्रहरी) | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 12. | मुख्य रसोईया | 01 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 |
| 13. | सहायक रसोईया | 03 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | 3 |

प्रकाशित विज्ञापन की प्रति जिसमें चयन की शर्ते एवं अहर्ता एवं कोटिवार रिक्तियों की स्थिति तथा आवेदन हेतु विहित प्रपत्र एवं अन्य दिशा–निदेश जिला के अधिकारी बेवसाईट–http://garhwa.nic.in पर उपलब्ध है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी–सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा।

PR.NO.311246
Jharkhand Education Project Council(23-24):D

**Office of The Chief Engineer-cum-Executive Director**
**Programme Management Unit**
**Drinking Water & Sanitation Department**
**Doranda Bazar Water Tower Campus, Doranda, Ranchi-834002**
**Fax/Phone:0651-2480166 Email:swsm.jharkhand@gmail.com**

**E-Request For Proposal Short Notice**

**2nd Call**

निविदा सूचना सं.– प्रयो. रसायन–4/SWSM | तिथि– 10.11.2023

| Sl. | कार्य का नाम | Name of Work :REQUEST PROPOSALFOR SUPPLYING VARIOUS CHEMICALS AND REAGENTS in 16 nos. Of State/District water testing laboratories of Jharkhand (District Lab Ranchi, Hazaribagh/Chatra/Ramgarh/Koderma/Latehar/Garhwa/Medininagar/Lohardagga/Simdega/Gumla/Sub Divisional Lab-Panki, Sub Divisional Lab-Patratu, Sub Divisional Lab-Ormanjhi, Sub Divisional Lab- Barwaadih and Sub Divisional Lab-Nagar Utaari) |
|---|---|---|
| 1 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि | 14.11.2023 – 04:00 PM |
| 2 | प्री बीड बैठक की तिथि एवं समय | 16.11.2023 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at11:30 AM |
| 3 | ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 17.11.2023 – from 12 :00 PM |
| 4 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 25.11.2023– upto 04:00 PM |
| 5 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 28.11.2023 – 01:00 PM |
| 6 | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | Excutive Engineer (WQ) Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi |
| 7 | ई–मेल | swsm.jharkhand@gmail.com |
| 8 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या | 0651-2480166 |

**NB:- For Details**

1.निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय सूचना पट पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
(जल गुणवता)
पी.एम.यू., राँची

PR 311242 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

# पलामू की अन्नू ने नेशनल गेम्स लान बाल में जीता ब्रॉन्ज



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू की बेटी अन्नू सेठ अनवरी ने लान बाल में ब्रांज मेडल जीतकर पलामू सहित पूरे राज्य का नाम रोशन किया है। अन्नू ने ओलंपिक मेडल जीतने को अपना लक्ष्य निर्धारित किया है। कहते हैं कि जो व्यक्ति संघर्ष करता है वही इतिहास को गढ़ता है। कड़ी मेहनत के बाद जो कहानी लिखी जाती है वो देश और दुनिया के लिए मिसाल बन जाती है। खास कर तब जब आपके राह में तमाम बाधाएं हों व इन बाधाओं को पार कर कोई मुकाम हासिल करे। अनवरी लॉन बाल की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी रही हैं। मेदिनीनगर निवासी अन्नू 2014 तक वह लॉन बॉल में श्रीलंका, मलेशिया, भूटान समेत कई देशों का दौरा कर कई मेडल जीतीं। इसी दौरान जीवन में उतार-चढ़ाव के कारण वो खेल से दूर हो गई थीं। उनके सर्टिफिकेट और मेडल जला दिए गए थे। काफी समय तक नेपथ्य में रहने के कारण अधिकतर लोग ये मान चुके थे कि अनवरी इस दुनिया में नहीं हैं। किंतु तमाम आशंकाओं को झुठलाते हुए 30 वर्षीय अन्नू ने वर्ष 2018 में एक बार फिर से खेलना शुरू किया। 2019 में वह असम में आयोजित लॉन बॉल के नेशनल टूनार्मेंट में रजत पदक जीता था। इस दौरान उन्हें एक पांच महीने की बच्ची भी थी। अनवरी ने बताया कि फिर से उसने खेलना शुरू किया है। उनके पति सेठ कुमार उनकी हर कदम पर साथ दे रहे हैं।

**समाहरणालय, चतरा** (पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
sport.chatra@gmail.com

**शुद्धि पत्र-01**

चतरा, दिनांक 10.11.2023

इस कार्यालय के पत्रांक–418/खेल, दिनांक–08.11.2023 द्वारा प्रकाशित **PR 311119 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)_D** दिनांक– 10.02.2023 के संदर्भ में निम्नलिखित संशोधन जारी किये जा रहे है। निविदाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा को जमा करने से पहले निम्नलिखित संशोधित बिंदु को ध्यान में रखना अतिआवश्यक है। यह शुद्धि पत्र निविदा का अभिन्न अंग होगा।

| Sl. No. | Page, Ref No. and in Tender Document | Tender Content | Amendment |
|---|---|---|---|
| 1 | Page-2 | निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय – 04.12.2023, समय अपराह्न – 01:00 बजे तक | निवि वर्तमान में जमा करने की अंतिम तिथि व समय – 25.11.2023, समय अपराह्न – 01:00 बजे तक |
| 2 | Page-5 | दर विहित प्रपत्र सरल क्रम सं0 01 से लेकर 06 तक सामग्री की सूची | दर दर विहित प्रपत्र में संशोधित करते हुए सरल क्रम सं0 01 से लेकर 04 तक सामग्री की अधिकतम व्यय कुल दर 2,500 (दो हजार पाँच सौ रूपये) से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा क्रम सं0 05 की सामग्री का अधिकतम व्यय कुल दर 500 (पाँच सौ रूपये) से अधिक नहीं होनी चाहिए। संशोधित दर विहित प्रपत्र इस शुद्धि पत्र के साथ संलग्न है। |

अनुलग्नक :– यथोक्त।
नोट :– 1. पूर्व में प्रकाशित निविदा में शेष शर्ते यथावत रहेगी तथा तत्काल प्रभाव से निविदा को इस हद तक संशोधित समझा जाय।
1. अधिक जानकारी हेतु जिला खेल कार्यालय चतरा का संपर्क सख्या 9455226589 पर संपर्क किया जा सकता है तथा शुद्धि पत्र के साथ संलग्न पृष्ठ चतरा के NIC वेबसाईट पर देखा जा सकता है।

जिला क्रीड़ा पदाधिकारी,
चतरा

PR 311244 Tourism, Art Culture Sports And Youth Affairs (23-24)_D

## गागर में सागर

### देश की आजादी में मुस्लिमों की भूमिका अहम

**मेदिनीनगर।** जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक की अध्यक्षता में स्थानीय कांग्रेस भवन के प्रांगण में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं देश के जाने-माने राजनेता डा. मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में सर्वप्रथम कांग्रेस जनों ने मौलाना आजाद के चित्र पर माला फूल अर्पित किया। जिला अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि मौलाना आजाद भारत के स्वाधीनता संग्राम के अग्रणी नेताओं में से एक थे। उन्होंने आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री के रूप में जहां एक तरफ कई विश्वविद्यालयों की स्थापना की वहीं दूसरी तरफ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का गठन कर शिक्षा को व्यापक रूप देने का मार्ग प्रशस्त किया। मौलाना आजाद ने स्वाधीनता संग्राम के संघर्षों में प्रथम पंक्ति के नेताओं में बढ़ चलकर हिस्सा लेकर यह प्रमाणित किया की आजादी पाने के संघर्ष में मुसलमान का भी व्यापक योगदान है। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष विमला कुमारी, वरिष्ठ कांग्रेसी सत्यानंद दुबे,ओमप्रकाश अमन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, शमीम अहमद रयान, जितेंद्र कमलापुरी,सोनू खान, नफीस खान, मिट्ठू खान, चिंतामणि तिवारी, रवींद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### सीएम से मिले अविनाश देव



**मेदिनीनगर।** शनिवार को राजधानी रांची स्थित मुख्यमंत्री आवास में संत मरियम स्कूल के चेयरमैन सह झामुमो के वरिष्ठ नेता अविनाश देव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें मिट्टी से बने दीये भेंट करते हुए दिवाली की बधाई दी। मुख्यमंत्री से मिलने के पश्चात श्री देव ने कहा की मिट्टी के दीये स्वीकार कर सीएम प्रसन्न हुए। उन्होंने कहा की मिट्टी के कार्यों में संलग्न सभी लोगों की बेहतरी के लिए राज्य सरकार कृत संकल्पित है। उन्होंने नागरिकों को बेहतर पर्यावरण के लिए मिट्टी के दीये का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

### समारोह पूर्वक मनी मौलाना आजाद की जयंती

**मेदिनीनगर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस केमटी शिक्षा विभाग की मनातू इकाई के तत्वावधान मे स्थानीय पंचायत भवन के प्रांगण में भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री एवं देश के जाने-माने राजनेता डा. मौलाना अबुल कलाम आजाद की जयंती समारोह पूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष विष्णुदेव यादव एवं संचालन उमेश कुमार साव ने किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शिक्षा विभाग के स्टेट चेयरमैन एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी कार्यकारिणी के सदस्य श्याम नारायण सिंह ने मौलाना आजाद को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मौलाना आजाद भारत के स्वाधीनता संग्राम के अग्रणी नेताओं में से एक थे। उन्होंने आजाद भारत के प्रथम शिक्षा मंत्री के रूप में जो कार्य किया है वह अविस्मरणीय है। उन्होंने अपने कार्यकाल में जहां एक तरफ कई विश्वविद्यालयों की स्थापना की। वहीं दूसरी तरफ विश्वविद्यालय आयोग का गठन कर शिक्षा को व्यापक रूप देने का मार्ग प्रशस्त किया। मौलाना आजाद कांग्रेस पार्टी के तीन बार राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए एवं मुसलमान को देश की मुख्य धारा में बनाए रखने के लिए हर कदम पर उनकी उपस्थिति को दशार्या। मौके पर विद्यासागर पाठक, रामरेश तिवारी, मो. माशुक अंसारी, जावेद अंसारी, गांधी भुइयां, पच्चू उरांव, समीम अंसारी, प्रभु पासवान, अरमान अंसारी, समोद कुमार, मुमताज खांन, मुक्तार अंसारी, रामप्यारे महतो, अफजल खां आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

### मौलाना आजाद ने शिक्षा प्रणाली को दी नई दिशा

**मेदिनीनगर।** बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के जिला कार्यालय में देश के प्रथम शिक्षा मंत्री भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की 135 जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता मोर्चा अध्यक्ष उदय राम ने व संचालन संजय कुमार ने किया। मौलाना अबुल कलाम के तस्वीर पर फूल माला चढ़ा कर कार्यकम की शुरूआत की गई। मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद ने भारतीय शिक्षा प्राणली को एक नई दिशा दी थी। इसी पर भारत में शिक्षा की बुलंद ईमारत खड़ी है। विश्वध्यालय अनुदान आयोग, संगीत नाट्य एकेडमी, ललित कला अकादमी एवं कला एकेडमी की स्थापना कर उन्होंने लोगों में सामाजिक व सांस्कृतिक जागृत करने का कार्य किया था। भारत सरकार ने मरणोपरांत 1977 में भारत रत्न के सर्वोच्च उपाधि से सम्मानित किया था। इस अवसर पर प्रदीप राम, जयपाल मोची, धर्मदेव राम, मोहमद खालिक, अनवर हुसैन, संजीत कुमार, रामनरेश महतो, घनश्याम कुमार, यशवंत कुमार, सनी पासवान, कृष्णा राम उपस्थित थे। उपेंद्र तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### आयोजन समिति ने की भव्य तैयारी

# दिवाली पर महायज्ञ स्थल में आज होगा दीपोत्सव



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के तत्वावधान में 21 नवंबर से हाउसिंग कालोनी में आयोजित श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ स्थल पर दीपावली के शुभ अवसर पर रविवार को भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा। इस संबंध में महायज्ञ समिति के प्रवक्ता सह राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश सचिव आशुतोष पाण्डेय (लक्की), महायज्ञ समिति के मीडिया प्रभारी अवधेश शुक्ला व अजीत पाठक ने बताया कि दीपोत्सव के लिए भव्य तैयारी की गई है। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं के भाग लेने की संभावना है। उन्होंने बताया कि दीपोत्सव में दीप प्रज्ज्वलित कर पूरे यज्ञ मंडप को सजाया जाएगा। वहीं इस दौरान विशेष रुप से विद्युत सज्जा की जा रही है। विशेषकर यज्ञ मंडप में की जा रही विद्यूत सज्जा आकर्षण का केंद्र रहेगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान महायज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक अर्जुन पाण्डेय (गुरु पाण्डेय), संरक्षक कृष्णकांत चौबे, मनु प्रसाद तिवारी, प्रवीण सिंह, नवीन तिवारी,आशीष भारद्वाज, महायज्ञ समिति सह राष्ट्रीय परशुराम युवा वाहिनी के प्रदेश अध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष शैलेश तिवारी, महासचिव शैलेश दुबे, विकास दुबे आदि मौजूद रहेंगे

### शीत जनित बीमारियों का बढ़ने लगा प्रकोप

**मेदिनीनगर।** पारा गिरने के साथ ही जिले में शीतजनित बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। दिन व रात के तापमान में भारी अंतर होने के कारण नागरिकों को परेशानी उठानी पड़ रही है। दिन में तीखी धूप के कारण ठंड का एहसास न होने से नागरिक बगैर गर्म कपड़ा पहने ही घर से निकल जा रहे हैं। किंतु सूर्यास्त होते ही अचानक तापमान में गिरावट होने लग जा रही है। ऐसे में जरा सी लापरवाही के कारण ठंड लगने की शिकायत बढ़ने लगी है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड सहित किसी भी सार्वजनिक स्थल पर नगर निगम द्वारा अभी तक अलाव का प्रबंध नहीं किया गया है। ऐसे में रात में उतरने वाले यात्री ठिठुरते नजर आ रहे हैं।

### दुकानदारों को सावधानी बरतने की दी सलाह

# टीओपी वन प्रभारी ने किया पटाखा दुकानों का निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना प्रभारी अभय कुमार सिन्हा के निर्देश पर टीओपी वन प्रभारी रेवा शंकर राणा, टाइगर मोबाइल के जवान राकेश सिंह व चालक संजीव कुमार शनिवार की दोपहर शिवाजी मैदान पहुंचकर पटाखे की दुकानों का गइन निरीक्षण किया। इस दौरान पटाखा दुकानदारों को पूरी तरह से सावधानी बरतने की सलाह दी गई। श्री राणा ने कहा कि जो व्यक्ति शिवाजी मैदान में पटाखे का दुकान लगाए हैं। वह अपने दुकान की सुरक्षा के लिए फायर एक्सटिंग्विशर जरूर रखे। ताकि किसी कारणवश आग लग जाए तो आग को बुझाने में सुविधा हो। बताते चलें कि दिवाली पर पटाखों की बिक्री में काफी तेजी देखी जाती है। टीओपी प्रभारी ने कहा कि मानक का उल्लंघन करने वाले दुकानदानों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### शहर के साथ ग्रामीण अंचलों में भी छाया उल्लास

# दीपावली आज,भक्तों के घर पधारेंगी मां लक्ष्मी



**धार्मिक मान्यता है कि इस दिन मां लक्ष्मी भक्तों को धन-धान्य का आशीर्वाद प्रदान करती है**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कार्तिक मास में अमावस्या तिथि पर मनाये जाने वाले दिवाली पर्व पर मां लक्ष्मी अपने भक्तों के घर पधारती हैं। 12 नवंबर को मनाये जा रहे दिवाली को लेकर शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में भी उल्लास छाया है। हिंदू धर्म में दिवाली के पर्व को सुख-समृद्धि प्रदान करने वाला त्योहार माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन मां लक्ष्मी भक्तों को धन-धान्य का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। यही वजह है कि दिवाली की रात विधि-विधान से मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। दिवाली का मतलब रौनक, पकवान, मुस्कुराहट, खुशियां, साफ-सफाई, रंगोली व झिलिमिलाते दीये का समावेश है।

**मां लक्ष्मी व भगवान गणेश का पूजन** : दिवाली पर शुभ मुहूर्त में लक्ष्मी-गणेश की पूजा विधि पूर्वक की जाती है। इसलिए दिवाली की पूजा में लक्ष्मी जी व गणेश जी की मूर्ति जरूर रखें। इससे विपन्नता दूर होती है व घर में सुख-शांति का वास होता है।

**मां लक्ष्मी के चरण चिह्न** : दिवाली की रात महालक्ष्मी के चरण चिह्न पूजा में शामिल करने का विधान है। मान्यता है कि मां लक्ष्मी के चरणों की पूजा करने से धन की देवी की स्थाई कृपा मिलती है।

**कुबेर देव की मूर्ति** : कुबेर देव धन के देवता व देवताओं के कोषाध्यक्ष माने जाते हैं। दिवाली की रात मां लक्ष्मी के साथ ही इनकी भी पूजा करने की परंपरा है।

### तंत्र साधना को मां काली की पूजा



दिवाली की रात में मां काली की पूजा करने का विधान है। यह पूजा विशेष रूप से तांत्रिकों के लिए खास होती है। इस साल दीपावली पर मां लक्ष्मी की पूजा का शुभ मुहूर्त शाम 05:05 से 7:03 तक रहेगा। जबकि काली पूजा का शुभ मुहूर्त रात 10:55 से 11:47 तक है। रामायण में बताया गया है कि भगवान श्रीराम जब लंका के राजा रावण का वध कर पत्नी सीता व भाई लक्ष्मण के साथ अयोध्या वापस लौटे तो उस दिन पूरी अयोध्या नगरी दीपों से जगमगा रही थी। भगवान राम के 14 वर्षों के वनवास के बाद अयोध्या आगमन पर दीपावली मनाई गई थी। हर नगर, हर गांव में दीपक जलाए गए थे। तब से दीपावली का यह पर्व अंधकार पर विजय का पर्व बन गया और हर साल मनाया जाने लगा।

### उपायुक्त ने की मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की समीक्षा

# शिथिलता बरतने वाले पर्यवेक्षकों के खिलाफ होगी कार्रवाई : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को समाहरणालय के सभागार में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, बीएलओ, सुपरवाईजर एवं सभी कंप्यूटर ऑपरेटरों के साथ संयुक्त बैठक कर मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने बिना अनुमति के बैठक में अनुपस्थित रहे सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी का वेतन रोकने का निर्देश दिया। साथ ही इस विषय पर निर्वाचन विभाग से पत्राचार करने की बात कही। वहीं जो बीएलओ व पर्यवेक्षक बिना सूचना बैठक में अनुपस्थित थे। उनको निलंबित करने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त ने विशेष कैंप के दौरान कौन-कौन सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी बूथ पर गये, इसकी जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने बीएलओ व पर्यवेक्षकों से उनके द्वारा किस बूथ पर कितना प्रपत्र 6 का कलेक्शन हुआ है। इसकी भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन बेहद ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है। ऐसे में इस कार्य में शिथिलता बरतने वाले पर्यवेक्षकों को चिन्हित करते हुए उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2024 के आधार पर सभी योग्य युवक-यूवतियों का वोटर कार्ड बनाया जाना है। इसे हर हाल में पूर्ण करें। उन्होंने सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी को सुपरवाईजर व बीएलओ के साथ समय-समय पर बैठक करने का निर्देश दिया । मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु समेत अन्य उपस्थित थे।

### जिले में अवैध माइनिंग के खिलाफ सख्त हुए डीसी

# खनन क्षेत्रों में ड्रोन से होगी निगरानी एसडीओ को मिलेगा ड्रोन कैमरा



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त शशि रंजन ने शनिवार को जिला खनन टास्क फोर्स की ऑनलाइन बैठक की। बैठक में अवैध माइनिंग को शून्य करने की दिशा में उपायुक्त ने बड़ा निर्णय लेते हुए तीनों एसडीओ को उनके क्षेत्र अंतर्गत खनन बहुल एरिया में ड्रोन से निगरानी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिला से सभी एसडीओ को ड्रोन ससमय उपलब्ध करा दिया जाएगा। इसके अलावे उपायुक्त ने कहा कि सभी अंचलाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि वैध माइनिंग भी तय एरिया में ही किया जाये। बैठक के दौरान जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को सभी अनुमंडल पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सभी सीओ व थाना प्रभारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनिज परिवहन में लिप्त वाहन एवं उनके मालिकों पर नियमानुसार कार्रवाई करें। साथ ही थाना प्रभारी को अवैध खनन और भंडारण के मामलों में प्राथमिक दर्ज करने की बात कही। मौके पर खनन टास्क फोर्स से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे।

### सूनसान इलाकों में बढ़ाई गई पेट्रोलिंग


# दिवाली में बाइक टीम संभालेगी शहर में सुरक्षा प्रबंध की कमान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दिवाली व छठ पूजा में सुरक्षा प्रबंध को लेकर पलामू पुलिस ने स्पेशल बाइक टीम का गठन किया है। यह टीम पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभालेगी। दुर्गा पूजा के दौरान चाक-चौबंद सुरक्षा प्रबंध के लिए पलामू पुलिस के अधिकारी व जवानों को पुरस्कृत किया गया था। इससे उत्साहित पुलिस ने दिवाली व छठ पूजा को लेकर विशेष तैयारी की है। दिवाली के दौरान बाजारों में अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। जबकि बाजारों में सादे लिबास में भी जवानों को तैनात किया गया है। पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि दिवाली व छठ को लेकर तैयारी पूर्ण कर ली गई है। पुलिस ने एक बाइक टीम का गठन किया है। यह टीम लगातार बाजार क्षेत्र का जायजा लेती रहेगी। बाजार क्षेत्र व संवेदनशील इलाकों को चिन्हित किया गया है। यहां अतिरिक्त बल की तैनाती की गई है। पलामू पुलिस ने छठ व दिवाली को लेकर 2000 से अधिक जवानों को तैनात किया है। एसपी ने बताया कि दिवाली व छठ के दौरान कई लोग पर्व मनाने पैतृक निवास स्थान चले जाते हैं। इससे घर सूना हो जाता है। सूनसान वाले इलाके के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। जवानों को इन इलाको में खास गश्त करने को कहा गया है। इस दौरान लूट और छिनतई की आशंकाओं को निर्मूल बनाने के लिए ठोस कदम उठाये जा रहे हैं। दिवाली में जुआ खेलने वालों के खिलाफ भी अलग से टीम बनाई गई है। छठ घाटों के लिए अलग से योजना तैयार कर कार्य किया जा रहा है। साथ ही सोशल मीडिया पर निगरानी को बढ़ाया गया है।

**दुर्गा पूजा के दौरान चाक-चौबंद सुरक्षा प्रबंध के लिए पलामू पुलिस के अधिकारी व जवानों को पुरस्कृत किया गया था**



## गागर में सागर

### आरके पब्लिक में हुई रंगोली प्रतियोगिता



**गढ़वा।** प्रकाश पर्व-दीपावली के उपलक्ष्य में आरके पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं ने रंगोली, दीया सज्जा और पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनायी गयी। भगवान राम, लक्ष्मण, मां सीता, गणेश, माता लक्ष्मी, चंद्रयान तीन, स्वास्तिक, मयूर आदि को आधार बनाकर आकर्षक रंगोली बनाकर बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। बच्चों के पोस्टर और रंगोली का निरीक्षण स्कूल के प्रशासनिक इंचार्ज प्रमोद कुमार झा, प्राचार्य संतोष पांडेय, अनुप कुमार पांडेय व सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी किया।

### रंगोली बनाकर बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थिति आरके सिंह पब्लिक स्कूल में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्र- छात्राओं ने एक से बढ़कर एक रंगोली बनाई। बेहतर प्रदर्शन करने वाले कक्षा सातवीं के माही कुमारी, जिया कुमारी, रानी कुमारी, आदर्श कुमार, हर्ष सिंह और कक्षा आठवीं के मीनाक्षी विश्वकर्मा, दीपावली कुमारी, अर्चना को रंगोली बनाने में अच्छा प्रदर्शन करने पर पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय के निदेशक विभुती नारायण सिंह, शिक्षिका मनीषा बैद, पुनम देवी, आरती कुमारी, ऐनुल परवेज आदि मौजूद थे।

### ज्वेलर्स में ग्राहकों को विशेष ऑफर



**श्री बंशीधर नगर।** धनतेरस को लेकर शहर की दुकानें सजधज कर तैयार है। धनतेरस के अवसर पर खरीदी जाने वाली वस्तुओं के नए-नए आइटम दुकानों में ग्राहकों को लुभा रहे हैं। चेचरिया स्थित यमुना ज्वेलर्स सनिक्षा फैंसी ज्वेलर्स व बर्तन दुकान में धनतेरस त्योहार पर खरीदारी करने वाले ग्राहकों कुछ न कुछ छूट दी जाएगी। प्रो. कमलेश सोनी ने कहा कि धनतेरस और दीपावली में विशेष धमाका ऑफर दिया जा रहा है। ज्वेलरी की खरीदारी पर कुछ न कुछ ग्राहकों को उपहार भी दिया जाएगा। ग्राहकों के मांग अनुसार हॉलमार्क के ज्वेलरी उपलब्ध कराए गए है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां सभी प्रकार के बर्तन एवं हॉलमार्क का ज्वेलरी उपलब्ध है।

### आपके द्वार कार्यक्रम की तिथि निर्धारित

**डंडई।** बीडियो राहुल कुमार सानू ने शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार का पंचायतवार कार्यक्रम निर्धारित कर दिया। 9 पंचायत वाले प्रखंड में 9 दिनों तक संचालित होने वाला कार्यक्रम 24 नवंबर से शुरू होकर 23 दिसंबर तक चलेगा। प्रखंड के सोनेहारा पंचायत में सबसे पहले 24 नवंबर को, करके पंचायत में 29 नवंबर को, लवाही पंचायत में 2 दिसंबर को, जरही पंचायत में 6 दिसंबर को, झोतर पंचायत में 9 दिसंबर को, तसरार पंचायत में 13 दिसंबर को, रारो पंचायत में 16 दिसंबर को, पचोर पंचायत में 20 दिसंबर को और सबसे अंतिम प्रखंड के डंडई पंचायत में 23 दिसंबर को उक्त कार्यक्रम का आयोजन होगा। इस संबंध में पत्र जारी कर बीडीओ ने प्रखंड समन्वयक पंचायत राज स्वशासन परिषद के सदस्य अमित कुमार द्विवेदी को कार्यक्रम का प्रखंड प्रभारी बनाया है। बताते चलें कि प्रखंड में दो पेज के तहत उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया जा चुका है।

### मुखिया ने श्राद्धकर्म में किया सहयोग

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुन्दपुर पंचायत के मुखिया मुंगा साह ने शनिवार को मायर गांव निवासी स्व. रंजीत पासवान और ताली गांव निवासी स्व. कर्मदेव साह के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया। मुखिया मुंगा साह ने दोनों मृतक का श्राद्धकर्म करने के लिए परिजनों को 50-50 किलो आटा देकर सहयोग किया। इस मौके पर दिवाकर साह, दीनानाथ साह, मणिलाल गुप्ता, सुनील राम, रामराज साह, भारद्वाज साह, शिवकुमार पासवान, हरेंद्र पासवान, सुनील पासवान उपस्थित थे।

### रामायण सीरियल का हुआ शुभारंभ

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव में शुक्रवार की रात्रि में मुखिया मूंगा साह और बीडीसी प्रतिनिधि इम्तियाज आलम ने लक्ष्मी पूजा के अवसर पर रामायण (लवकुश कांड)सीरियल का शुभारंभ किया। सीरियल का प्रसारण प्रोजेक्टर के माध्यम से किया जा रहा है। मौके पर विनोद प्रसाद, अरबिंद वर्मा, अजय सिंह, संतोष प्रसाद, घुरण साह, महेंद्र चौबे, शिवप्रसाद, अंगद गुप्ता, ओम नारायण गुप्ता, मंजेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

# राज्य स्थापना दिवस पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

झारखंड राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम की तैयारी को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में बैठक कर कार्यक्रम की संपूर्ण रूपरेखा तैयार की गई। बैठक में गोविंद हाई स्कूल टाउन हॉल के मैदान में कार्यक्रम के आयोजन का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर उपायुक्त ने सभी विभागों को एकजुट होकर कार्यक्रम की तैयारी में अपना योगदान देने का निर्देश दिया।

कार्यक्रम स्थल पर टेंट की व्यवस्था, साफ सफाई, पेयजल, विद्युत, साउंड सिस्टम, बैनर पोस्टर, बैठने की व्यवस्था, मीडिया गैलरी, सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वागत गान, परिस्थितियों का वितरण, शिलान्यास/उद्घाटन समेत अन्य को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए। साथ हीं बैठक में एक-एक कर सभी विभागों को उनके दायित्व एवं उनके द्वारा कार्यक्रम स्थल पर लगाए जाने वाले स्टॉल संबंधी जानकारी प्राप्त करते हुए उपायुक्त ने प्रभावी ढंग से स्टॉल लगाने का निर्देश दिया। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, खेलकूद विभाग, श्रम विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, बैंक, जेएसएलपीएस, सामाजिक सुरक्षा विभाग, सहकारिता विभाग, आपदा प्रबंधन, परिवहन विभाग, एनआरईपी, आरईईओ एवं अन्य विभागों को स्टॉल लगाकर आमजनों को सरकारी योजनाओं के लाभ के संबंध में जागरूक करने को लेकर निर्देशित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम, स्वागत गान एवं मंच संचालन को लेकर भी उपायुक्त ने जेएसएलपीएस समेत अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक के पश्चात उपयुक्त संग सभी वरीय पदाधिकारी कार्यक्रम स्थल गोविंद हाई स्कूल टाउन हॉल के मैदान पहुंच तैयारी का जायजा लिया। मौके पर उपायुक्त ने टेंट, स्टेज, मीडिया गैलरी, आमजनों के बैठने की व्यवस्था, कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई की व्यवस्था, पार्किंग की व्यवस्था को लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। साथ हीं कार्यक्रम स्थल पर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा को आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देशित किया गया। उक्त बैठक एवं कार्यक्रम स्थल निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा बिजय कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रंका रुद्र प्रताप, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गढ़वा अवध कुमार यादव समेत विभिन्न विभागों के सभी वरीय पदाधिकारी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, अंचल अधिकारी गढ़वा एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### आरके पब्लिक स्कूल में दो दिवसीय सीबीपी कार्यशाला हुई संपन्न

# 'शिक्षा का वास्तविक अर्थ है बच्चों के अंदर निहित ज्ञान को तराशना'



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

सीबीएसई पटना की ओर से आर के पब्लिक स्कूल में 'कैरियर गाइडेंस' विषय पर दो दिवसीय सीबीपी कार्यशाला शनिवार को संपन्न हुई। इसमें आरकेपीएस गढ़वा, ऊंचरी मंझिआंव, और मेदिनीनगर से ओरिएंट पब्लिक स्कूल एवं ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल के लगभग 54 शिक्षक-शिक्षिकाओं ने हिस्सा लिया।

कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन के रूप में ग्रीनफील्ड एकेडमी से रंजन शर्मा और डीएभी पब्लिक स्कूल चतरा से अभय प्रकाश आर्य रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित थे। इन दोनों रिसोर्स पर्सन ने विभिन्न क्रियाकलापों द्वारा इस विषय पर उपस्थित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रशिक्षण दिया। दोनों ही प्रशिक्षकों ने इस बात पर जोर दिया कि कैरियर निर्माण में व्यक्ति के लगाव और रुचि का विशेष ध्यान रखना चाहिए तभी वह अपने कार्यों को कुशलता और खुशी-खुशी संपन्न कर सकता है। दबाव और दूसरों की इच्छा से कैरियर निर्माण में अक्सर लोग अपना रास्ता भटक जाते हैं और उनका मानसिक तनाव बढ़ जाता है लेकिन रुचि और लगाव से उस क्षेत्र में बेहतर परिणाम देखने को मिलता है। इसके लिए एक अच्छे कांउसलर और प्रशिक्षक का होना जरूरी है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में इसी बात को प्रमुखता दी गई है। महान वैज्ञानिक एडिशन को स्कूल से निकाल दिया गया था क्योंकि उनका मन पढ़ाई में नहीं लगता था लेकिन उनकी मां ने अपने बच्चे को उसकी रुचि और लगाव के अनुसार घर में शिक्षित कर के एक महान वैज्ञानिक बना दिया।

उन्होंने विशेष जोर देते हुए कहा कि शिक्षा का अर्थ किताबी ज्ञान को ठूंसना नहीं है बल्कि बच्चों के अंदर निहित ज्ञान को तराशना और संवारना है ताकि वे अपने कैरियर का सही निर्माण कर सकें। कार्यशाला में एक्टिविटी के द्वारा विषय को रोचक, ज्ञानवर्धक और मनोरंजक तरीके से प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला में उपस्थित शिक्षक-शिक्षिकाओं को भी अपनी कौशल दिखाने का अवसर मिला और बेहतर प्रदर्शन करने वालों को रिसोर्स पर्सन के द्वारा पुरस्कृत भी किया गया। कार्यशाला को सफल बनाने में स्कूल के प्राचार्य सह वैन्यू डायरेक्टर संतोष पाण्डेय, प्रशिक्षण समनवयक शहेला खान व राजकुमार की भूमिका अहम रही। कार्यशाला के अंत में ग्रुप फोटोग्राफी की गई और धन्यवाद ज्ञापन प्रमोद कुमार झा के द्वारा किया गया।

# उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक का निधन, शोक



**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी**

सेवानिवृत्त शिक्षक बृजमोहन कोरवा का रांची के रिम्स अस्पताल में ब्रेन हेमरेज से निधन हो गया। मालूम हो कि उत्कृष्ट शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित बृजमोहन कोरवा का शिक्षा के क्षेत्र में उनका महत्वपूर्ण योगदान था। उन्हें राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय मामलों के जानकार भी माना जाता था।

बृजमोहन कोरवा एक सप्ताह पहले बाइक से पीछे बैठ कर धुरकी से नगर ऊंटारी किसी काम से जा रहे थे, तभी रास्ते में शारदा गांव में उनकी तबियत खराब हो गई। परिजन उन्हें गढ़वा ले गए, जहां से बेहतर इलाज के लिए चिकित्सकों ने उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया, जहां शनिवार को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की खबर सुनते ही प्रखंड में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बता दें कि बृजमोहन कोरवा बिरादरी से होते हुए भी अपने बेटे को एमबीबीएस की पढ़ाई कराने में सक्षम रहे। शिक्षक बृजमोहन कोरवा के तीन पुत्र एवं तीन पुत्रियां हैं। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव धुरकी में होगा। शोक प्रकट करने वालों में टूटू सिंह, मनोज कुमार सिंह, रामप्रवेश राम, युवा समाजसेवी, दिपक सिंह, सेवानिवृत शिक्षक सह बीडीसी कृष्ण सिंह आदि मौजूद थे।

### दुर्गा मंदिर के पुजारी की असमय मृत्यु



**रमना।** मडवनीय पंचायत के मानदोहर गांव निवासी प्रमोद मिश्र की मृत्यु ह्दयगति रुक जाने से शनिवार की सुबह हो गयी। वे 63 वर्ष के थे। प्रमोद मिश्र के छोटे भाई ललित मिश्र की मौत पिछले दिनों ही सड़क दुर्घटना में हो गयी थी। अभी छोटे भाई के ब्रह्मभोज के दिन ही बड़े भाई की मौत से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। ज्ञात हो कि प्रमोद मिश्र कर्मकांड एवं धार्मिक अनुष्ठान के लिए पूरे काफी चर्चित थे। उनके असमायिक निधन पर प्रमुख करुणा सोनी, मुखिया स्वीटी वर्मा, पूर्व प्रमुख मृत्युंजय कुमार सिंह, दुर्गा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, विश्वजीत गुप्ता, बबलू गुप्ता आदि ने संवेदना प्रकट की है।

# पदाधिकारी ने की मुसहर परिवारों से मुलाकात



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 12 ग्राम खजुरी में अस्थायी रूप से निवास करने वाले मुसहर परिवारों से कार्यपालक पदाधिकारी ने मुलाकात की। तत्पश्चात मुसर परिवारों से जीवकोपार्जन एवं सरकार द्वारा प्राप्त सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। मुसर परिवारों ने दिहाड़ी मजदूरी के साथ भीख को भरण पोषण का स्त्रोत बताया। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शैलेश कुमार ने मुसहर परिवारों को समुचित सुविधाओं देने हेतु आश्वासन दिया। शैलेश कुमार ने वार्ड 12 ग्राम खजूरी के छठ घाटों का निरीक्षण करते हुए समतलीकरण एवं साफ सफाई कराया।

# जन आक्रोश सभा में गरजे झामुमो नेता

**कहा-विधायक भानु ने पूरे विस क्षेत्र की महिलाओं के मान सम्मान के साथ किया है खिलवाड़**

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

झामुमो द्वारा अपने पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत शनिवार को स्थानीय पहाड़ी शिव मंदिर के प्रांगण में जन आक्रोश सभा आयोजित की गई। जन आक्रोश सभा में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भवनाथपुर विस के पूर्व विधायक सह झामुमो नेता अनंत प्रताप देव, झामुमो नेता ताहिर अंसारी, जिला परिषद अध्यक्षा शांति देवी, झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर व केंद्रीय समिति सदस्य जिपस शंभु चंद्रवंशी शामिल हुए।

जन आक्रोश सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही को खुद को क्षेत्र का बेटा कहते चलते हैं। जब इस क्षेत्र के एक बेटी जिपस रंजनी शर्मा के प्रयास से अस्पताल में डिजिटल एक्सरे लाया गया तो वें अपना श्रेय लूटने के लिए एक्सरे मशीन का उद्घाटन कर दिए। महिला जिप सदस्य द्वारा जब इसका विरोध की तो उन्हें जान से मारने की धमकी दिलाया गया जो निंदनीय है। कहा कि भानु प्रताप शाही ने एक महिला नहीं, उन्होंने पूरे विस की महिलाओं के मान सम्मान के साथ खिलवाड़ करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि उनका नवजवान संघर्ष मोर्चा ही नक्सल की उपज थी, जिसे वे आज तक ढोते चल रहे हैं। कहा कि विधायक भानु कहते हैं कि घाघरा व तुलसीदामर खदान को उनके पिता ने खोलवाया। चटनियां डैम को बनवाने का झूठा प्रचार करते हैं। कहा कि मेरे पिता ने एशिया का सबसे बड़ा पॉवर प्लांट खुलवाकर पूरे प्रमंडल के हजारों लोगों को रोजगार देने का कार्य किया था और खदान बंद होने तथा इंडस्ट्रियल कॉरिडोर बोकारो ले जाने का ठीकरा राज्य सरकार व गढ़ परिवार पर फोड़ते चल रहे हैं। उन्हें यह ज्ञात होना चाहिए कि मेरे पिता पांच बार इस क्षेत्र के विधायक रहे लेकिन उनके दामन पर दाग नहीं लगी। राज्य सरकार द्वारा कराई जा रही विकास कार्यों को वे अपना श्रेय बताते चल रहे हैं। जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि यहां के विधायक बड़ी-बड़ी चीजों को लूटते-लूटते छोटी चीजों को भी लूटकर अपना श्रेय लेने के होड़ में लगे हुए हैं। कहा कि बीते दिनों भवनाथपुर सीएचसी में जिपस रंजनी शर्मा की पहल पर लाये गए डिजीटल एक्सरे का विधायक भानु प्रताप शाही द्वारा उद्घाटन किया गया था। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उनका विरोध किया तो वे अपने गुर्गो द्वारा जिप सदस्य को जान से मारने की धमकी दिलवाई। कहा कि विधायक भानु ने अगर महिलाओं के मान सम्मान पर आघात करने की कोशिश की तो वें न भूले कि नारी शक्ति उन्हें धराशायी भी कर सकती है। झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि स्थानीय विधायक द्वारा महिला जिप सदस्य को अपने गुर्गे द्वारा धमकी दिलवायें जाने का परिणाम है कि यह जन आक्रोश सभा का आयोजन किया गया। कहा कि मुझे उग्रवादी और अनंत प्रताप देव को शोषक का तमगा देते चल रहे हैं उन्हें यह नहीं भूलना चाहिए कि यही नारी शक्ति उन्हें आगामी चुनाव में मुहतोड़ जवाब देने का काम करेंगी। सभा को मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, शोभा देवी, दीपक प्रताप देव, धर्मराज पासवान, दीपक वर्मा, ने भी सभा को संबोधित किया।

**पहल** | बाल विवाह व महिलाओं-बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने की अपील

# छात्र-छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जेएसएलपीएस के तत्वावधान में शनिवार को प्रखंड के हलीवंता कला, सरहस्ताल, नरही, चितविश्राम सहित अन्य पंचायतों में बाल विवाह व महिलाओं और बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त कराने को लेकर महिला स्वंय सहायता समूह की महिलाओं ने जागरूकता रैली निकाली। रैली सरहस्ताल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निकाली। हलीवंता हाई स्कूल से लेकर हलीवंता खुर्द ग्राम होते हुए पुनः रैली हलीवंता हाई स्कूल पहुचकर संपन्न हो गई। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अखौरी प्रवीण कुमार सिन्हा, अनिता सिन्हा, एसआरपी दीप शिखा,अस्तरून निशा, सुलेखा देवी, सीसी योगेंद्र सिंह, रंजीत कुमार साह, नीलम देवी, सरस्वती देवी, नीरू देवी, ममता देवी, जल सहिया व स्वंय सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित थे।

# शीतकालीन स्पोर्ट्स प्रशिक्षण सह रंगोली प्रतियोगिता का किया गया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। मेराल**

एसजीएन मॉडर्न किंडरगार्टन स्कूल में दीपावली के उलक्ष्य में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता एवं शीतकालीन स्पोर्ट्स प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों को पारंपरिक कला, संस्कृति, सभ्यता का ज्ञान कराया गया। भारतीय संस्कृति को बच्चों ने रंगोली के माध्यम से दिखाया। विद्यालय में बॉक्सिंग, वुशु एवं फुटबॉल का भी आयोजन किया गया। मौके पर स्कूल के निदेशक धर्मेंद्र देव, करण कुमार कौशल, संजय कुमार ठाकुर, संजय कुमार गुप्ता, पंकज चौधरी, प्रदीप कुमार, कुमारी निर्मला, पानपत्ति कुमारी, स्नेह लता गुप्ता एवं सभी बच्चे उपस्थित थे।

**रंगोली प्रतियोगिता हुई :** पाराडाइज पब्लिक स्कूल डडई रोड मेराल के प्रांगण में दीपावली के उपलक्ष्य में शनिवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। तीन ग्रुपों में आयोजित प्रतियोगिता में राष्ट्रीय पक्षी मोर का चित्र बनाया गया। स्कूल के निदेशक इंजीनियरिंग इमाम ने बताया कि तीनों ग्रुपों को पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार ग्रुप ए में फलक आफरीन नीतू कुमारी पीयूष कुमार, द्वितीय पुरस्कार ग्रुप बी में हसीना खातून राधा कुमारी, तृतीय पुरस्कार ग्रुप सी में सुषमा कुमारी, सृष्टि कुमारी जिया भारती को पुरस्कृत किया गया। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल लालजी पाल, शिक्षक दीनानाथ चौधरी, सरफराज अंसारी, सुधीर, प्रिया, अहमद अंसारी, अंचला, आरती कुमारी इत्यादि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर हुई बैठक

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर में शनिवार को आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के सफल आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख उर्मिला देवी ने की। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझू, जिला परिषद सदस्य रमेश राम, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि रिगन कुमार, उप प्रमुख निशा शाहदेव, बीडीओ प्रतिमा कुमारी, अंचलाधिकारी नंद कुमार राम मौजूद रहे। बैठक में 24 नवंबर से शुरू हो रही आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम की तैयारी को लेकर चर्चा की गई। साथ ही कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी मुखिया से अपनी सहभागिता को सुनिश्चित करने को कहा गया। बीडीओ ने कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं लाभुकों को योजनाओं से आच्छादित करने की प्रक्रियाओं की जानकारी दी। बीस सूत्री अध्यक्ष गंझू ने बताया कि आपकी योजना- आपकी सरकार आपके द्वार 24 नवंबर से 23 दिसंबर तक चलाया जाएगा। सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को सभी आमजनों तक कैसे पहुंचे इसके लिए विभागीयकर्मियों के साथ प्रतिनिधियों का सामंजस्य ठीक से स्थापित हो इस पर चर्चा की गई। मौके पर मुखिया राजिव भगत, सुरेश उरांव, केदार गंझु, तेतरी देवी उपस्थित थे।

### निर्माण कार्य की मशीन में लगायी आग

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के नामुदाग पंचायत स्थित मानिकडीह ग्राम में अज्ञात अपराधियों ने शुक्रवार देर रात एक मिक्सर मशीन में आग लगा दी। स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन के निर्माण कार्य में लगी मिक्सर मशीन पूरी तरह जल गयी है। हालांकि इस घटना में अपराधियों का हाथ है या उग्रवादियों का, इसका पता नहीं चल पाया है। किसी ने भी घटना की जिम्मेवारी नहीं ली है। ग्रामीण कुछ भी बताने से कतरा रहे हैं। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

### दीप सजाओ व रंगोली प्रतियोगिता हुई

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित मूरत यादव सरस्वती शिशु मंदिर बालूमाथ में दीप सजाओ, दीप जलाओ के साथ रंगोली प्रतियोगिता आयोजित किया गया। इसमें माही, भूमि, ऋतु राज, काजल, ज्योति, अदिति, शीला, प्रीति, पूनम, बंदना, मिस्टी, पलक, सौरभ आदि ने भाग लिया। कक्षा षष्ठ, सप्तम, अष्टम क्रमश प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। मौके पर प्रधानाचार्य अवणिकांत पाठक,विद्यालय के शिक्षक शिक्षिका और विद्यालय की भैया बहन उपस्थित रहे।

### कार्यक्रमों को लेकर बैठक का आयोजन

**बारियातु।** प्रखंड अंतर्गत फुलबसिया अमरवाडीह में दीपावली के उपलक्ष्य में सोहराई जतरा एवं संस्कृति कार्यक्रम को लेकर सोमनाथ गंझू की अध्यक्षता में बैठक की गई। 13 नवंबर को जतरा मेला व आधुनिक नागपुरी कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के संचालन के लिए कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष महेन्द्र उरांव, उपाध्यक्ष सोमनाथ गंझु, धाधु गंझू सचिव त्रिवेणी गंझू, कोषाध्यक्ष प्रभु गंझू, उपसचिव अशिश ठाकुर, बिजय उरांव, उपकोषाध्यक्ष उमेश उरांव, चमन गंझू, कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र उरांव, खुशियाल गंझू, बिनोद उरांव, धानेशर गंझू, गंगाधर गंझू, रामकुमार उरांव, सुदर्शन उरांव, गोलु गंझू, गनेश गंझू बनाए गए। नागपुरी कार्यक्रम के लिए जाने-माने कलाकार स्वेना कच्छप सहित अन्य टीम 13 नवंबर को दो बजे से रंगारंग कार्यक्रम करेंगे।

### एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मंत्री सदीक के शोकाकुल परिवार से मिले

**चंदवा।** चंदवा थाना के चौकीदार रहे सदीक अंसारी की बीते मंगलवार को अज्ञात अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। शनिवार को शोकाकुल परिवार से मिलने एआईएमआईएम प्रदेश अध्यक्ष मो शाकिर अंसारी उनके घर पहुंचे और परिजनों से मुलाकात कर उन्हें ढ़ाढस बंधाया। उन्होंने हर समय सदीक के परिवार के साथ खड़ा रहने का भरोसा दिया। वहीं उन्होंने अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने पर चिंता जाहिर की। मौके पर लातेहार जिला अध्यक्ष हाजी मोहम्मद तौकीर अहमद, संगठन महासचिव समीर अली, प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी सरताज आलम, जिला महासचिव मो शहबाज आलम, मो सरफराज, सज्जाद संजय कुमार, रवि शंकर, रबुल अंसारी, मो नईम, अमीन अंसारी, मो असलम मो याकूब अंसारी आदि मौजूद थे। राज्य के पूर्व मंत्री रहे केएन त्रिपाठी शनिवार शाम दिवंगत चौकीदार सदीक अंसारी के घर पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को संतावना दी। केएन त्रिपाठी ने कहा कि घटना की जितनी निंदा की जाये कम है हम सब आपके दुख में आपके साथ खड़े हैं। मौके पर से ही उन्होंने दुरभाष पर चंदवा थाना प्रभारी सुभम कुमार से बात कर हत्यकांड में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर सुरेंद्र पासवान, सुरेंद्र भारती, शंभू यादव, ब्रह्मदेव सिंह, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर खान, संजय दुबे, अयुब खान, संजय यादव, मो सनाउल्लाह आदि कई लोग मौजूद थे।

### बीडीओ ने किया आवेदनों का सत्यापन

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड कार्यालय में शनिवार को प्रभारी बीडीओ हरिनाथ महतो ने गिद्धौर पंचायत के आधा दर्जन वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन के आवेदनों का सत्यापन कर निष्पादन किया। इस दौरान बीडीओ ने लाभुकों का आधार नंबर, पहचान पत्र व बैंक खाते का सत्यापन कर निष्पादन किया। मौके पर पंचायत सचिव चितरंजन शर्मा, उज्ज्वल सिंह, उपेन्द्र दांगी सहित अन्य उपस्थित थे।

विजेता टीम को कप, एक बड़े खस्सी के साथ दिए गए 20 हजार नकद

# एसटी ब्रदर्स क्लब ने जीता टूर्नामेंट



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड मुख्यालय के बरछिया स्थित खेल मैदान में यूथ क्लब बरछिया द्वारा आयोजित पांच दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला शुक्रवार को खेला गया। फाइनल मुकाबला एसटी ब्रदर्स क्लब कल्याणपुर बनाम एसटी क्लब चेडरा के बीच खेला गया। मैच में मुख्य अतिथि स्वरूप बीडिओ प्रतिमा कुमारी, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य रमेश राम उपस्थित रहे।

खेल शुरू होने से पहले अतिथियों द्वारा दोनों टीमों से परिचय प्राप्त कर राष्ट्रगान के साथ आरंभ किया गया। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला चला। दोनों टीमों ने मध्यांतर तक कोई गोल नहीं दाग पाया। दर्शकों द्वारा खेल को और भी रोमांचक बनाने के लिए पहले गोल डालने वाले टीम को आकर्षक इनाम देने का बार-बार अनाउंस किया जा रहा था। मध्यांतर के बाद खेल के अंतिम क्षणों में एसटी ब्रदर्स क्लब कल्याणपुर के टीम ने एक गोल कर फाइनल मुकाबला अपने नाम कर लिया। कमेटी के द्वारा विजेता टीम एसटी ब्रदर्स क्लब कल्याणपुर को कप, एक बड़ा खस्सी के साथ 20 हजार नकद, उपविजेता टीम एसटी क्लब चेडरा को कप खस्सी और 15 हजार नकद, तृतीय स्थान पर रहने वाले टीम आजाद क्लब धमधमिया को कप खस्सी व 10 हजार नकद, चौथे स्थान पर रहने वाले टीम डकरा क्लब डकरा को कप, खस्सी व पांच हजार रुपये नकद देकर पुरस्कृत किया गया। वहीं जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने खेल के प्रति लोगों को उत्साहित किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में क्लब के अध्यक्षत जीतू उरांव, सचिव राजेश यादव, देवलाल उरांव, उपसचिव अनिल गुप्ता, अनिकेत उरांव, कोषाध्यक्ष संतोष उरांव, दीपक यादव के अलावा पूरी टीम ने अपना पूरा योगदान दिया। मंच का संचालन राजेश यादव ने किया। इससे पूर्व सेमिफाइनल मुकाबला डकरा क्लब डकरा बनाम एसटी क्लब चेडरा व आजाद क्लब धमधमिया बनाम एसटी ब्रदर्स क्लब कल्याणपुर के बीच खेला गया, जिसमें एसटी ब्रदर्स क्लब कल्याणपुर व एसटी क्लब चेडरा ने विपक्षी टीम को एक-एक गोल से हराकर कर फाइनल में अपना स्थान बनाया। आजाद क्लब धमधमिया की टीम ने डकरा क्लब डकरा को हरा कर तीसरा स्थान हासिल किया। मौके पर सैकड़ों ग्रामीण एवं खेल प्रेमी मौजूद रहे।

# तालाब में नहाने गए युवक की डुबने से हुई मौत



**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

थाना क्षेत्र के मंझौली गांव निवासी दिलीप राणा का पुत्र शिव कुमार राणा (18) की मौत रामसागर तालाब में डूबने से हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के ही दो युवकों के साथ लगभग दो बजे दोपहर तालाब में नहाने गया हुआ था। तालाब अधिक गहरा होने के कारण युवक डूब गया, जिसके बाद साथ गए युवकों ने घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। सूचना पाकर ग्रामीण भारी संख्या में तालाब पर पहुंच खोजबीन शुरू की और घटना की जानकारी अंचल अधिकारी व थाना प्रभारी को दिया। सूचना पाकर अंचल अधिकारी साकेत कुमार सिन्हा व थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद शव निकालने को लेकर चैया के गोताखोर को बुलाया गया। कड़ी मशक्कत के बाद चैय के गोताखोरों द्वारा युवक का शव तालाब से बाहर निकाला गया। वहीं पुलिस शव को कब्जा में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया। गोताखोर लड्डु सा, गोल्डेन सा, शहनवाज सा, बबन सा, सोनू सा, दानी सा, अरसी सा ने अहम भूमिका निभाई। घटना से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है।

# इंदिरा गांधी आवासीय विद्यालय में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

शहर के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित इन्दिरा गांधी आवासीय विद्यालय में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली बनाओ विद्यालय सजाओ प्रतियोगिता का अयोजन किया गया। इसमें वर्ग 5 से 7 तक व एक ग्रुप 8 से 10 तक वर्ग नवम स्मृति नारायणी ग्रुप प्रथम, दशम वर्ग के इशिका प्रियंका ग्रुप को द्वितीय व देवराज प्रिंस ग्रुप को तृतीय स्थान के लिय चुना गया, जबकि जूनियर ग्रुप में जिन्नात समीक्षा ग्रुप को प्रथम द्वितीय ग्रुप के लिए लक्ष्मी ईशा आयशा काजल रौशनी श्रुति सीता व स्वीटी ग्रुप में शिवानी, प्रियांशु, पल्लवी को तृतीय स्थान के लिए चुना गया। प्रथम वर्ग के कुशाग्र ग्रुप को भगवान गणेश की आकृति बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ रांगोली का पुरस्कार के लिए चुना गया। इसमें शौर्य पाठक, विशाल अमन ने काफी सराहनीय प्रयास किया। प्रतियोगिता में विद्यालय के शिक्षिका पूनम सिंह, प्रज्ञा पाठक, निर्मला कुमारी व अन्य शिक्षकों ने काफी मदद की। प्रधानाध्यापक आनन्द कुमार सिंह ने बताया कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है इसे सिर्फ निखारने की आवश्यकता है। इसके अलावा मनोज लहेरी, राजू कुमार व शहनाज आलम ने भी बच्चो को प्रोत्साहित किया।

### दिवाली के उपलक्ष्य में आर्केस्ट्रा की तैयारी में जुटे लोग

**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र के टंडवा, गाडिलौंग, नईपारम, कुमरांग कला, किसुनपुर समेत अन्य जगहों में एक दिन पूर्व से ही दीपावली पर्व की धूम देखी जा रही है। शुक्रवार को सनातन धर्मावलंबियों द्वारा धनतेरस के मौके बाजारों में जहां जमकर खरीदारी की गई। दूसरी ओर देर शाम आचार्यों द्वारा पूजा पंडालों में गौरी-गणपत्यादि देवताओं का पूजन कराया गया। श्रद्धालुओं द्वारा रविवार रात्रि को अपने-अपने घरों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में लक्ष्मी, कुबेर व इंद्र का विशेष आह्वान पूजन किया जाएगा। प्रखंड के किसुनपुर पूजा समिति के कोषाध्यक्ष संतोष प्रजापति ने बताया कि रविवार रात तथा मेला में लोगों के मनोरंजन हेतु आरकेस्ट्रा का आयोजन किया गया है। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पूजा समिति के साथ जितेन्द्र महतो, सीताराम महतो, अरविंद पाठक, मनु महतो, महेंद्र महतो, मुंशी महतो आदि तैयारी में जुटे हैं।

# ग्रामीणों ने सार्वजनिक स्थल पर किए अतिक्रमण का किया विरोध



**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड की खुरा पंचायत के लंका गांव में ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान तूफानी राम की अध्यक्षता में बैठक कर गांव के निवासी और झारखंड पुलिस के जवान वीरेंद्र राम और उनके पिता राम अवतार राम पर नदी और सड़क को जेसीबी के माध्यम से मिट्टी कटवाकर अतिक्रमण करने का विरोध किया। मामले में ग्रामीणों ने अंचल पदाधिकारी राकेश सहाय को आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की। पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में आयोजित ग्रामीणों की बैठक में वीरेंद्र राम द्वारा सार्वजनिक स्थल का किए गए अतिक्रमण को अविलंब हटाने हेतु हस्ताक्षर युक्त आवेदन बनाकर अंचल पदाधिकारी को दिया गया। अंचल अधिकारी राकेश सहाय ने पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए प्रभारी अंचल निरीक्षक, अंचल उपनिरीक्षक और अमीन को भौतिक सत्यापन करने के साथ-साथ 14 नवंबर को दोनों पक्षों को अंचल कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश जारी किया है। वहीं वीरेंद्र राम ने बताया कि उस पर लगाया गया आरोप पूरी तरह से बेबुनियाद और गलत है। हमने किसी भी सरकारी जमीन का अतिक्रमण करने का काम नहीं किया है। ग्रामीणों द्वारा बैठक में बिना मुझे बुलाए और मेरी राय जाने मुझ पर और मेरे परिवार पर आरोप लगाना सरासर गलत है। मौके पर अंचल निरीक्षक रमेश प्रसाद, अंचल उप निरीक्षक सुरेश राम, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, अवधेश मेहरा, पारस जायसवाल, शिवपूजन आदि मौजूद थे।

# डीएवी स्कूल में हुई अंतरसदनीय खेल प्रतियोगिता



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

भोला शरण डीएवी पब्लिक स्कूल में शनिवार को अंतरसदनीय खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। कक्षा एलकेजी व यूकेजी के छोटे बच्चों के बीच अनेक प्रकार की एक्टिविटी और फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता करवाई गई। वहीं कक्षा एक से ऊपर के बच्चों के लिए इनडोर और आउटडोर खेल प्रतियोगिता कराई गई। खेल प्रतियोगिता का उद्घघाटन विद्यालय के प्रार्थना सभा प्रशाल में प्रभारी प्राचार्य प्रभात रंजन ने सीसीए इंचार्ज सूरज कुमार मिश्रा, इवेंट मैनेजर राकेश रंजन तिवारी, अरुण कुमार पांडेय, विभिन्न खेलों के इवेंट कॉर्डिनेटर रवि प्रकाश तिवारी, बसंत कुमार, शकुंतला पाल, सुशील कुमार दुबे, रुक्मणि, आसिफ, कुंदन के साथ संयुक्त रूप से किया।

प्रतियोगिता में कई खेलों का आयोजन किया गया, जिनमें जूनियर विंग के बच्चों के लिए एक्टिविटी गेम डोमिनोज, अक्षर चयन, तुकबंदी, ब्रेनस्टॉर्मिंग, क्यूरियस कॉर्नर, फन विद पिक्चर जैसे कई मनोरंजन से भरपूर खेल को कराया गया। इसके अलावा कक्षा 1 एवं 2 के बच्चों के लिए स्पून एंड मार्बल रेस, स्पून एंड लेमन, सैक रेस, फ्रॉग रेस, बैलून ब्लास्टिंग, म्यूजिकल चेयर कंपटीशन आयोजित किया गया। कक्षा 3 से ऊपर के बच्चों के लिए बैडमिंटन, कबड्डी, क्रिकेट, एथलेटिक्स, फुटबॉल, शतरंज, लूडो जैसे विभिन्न खेलों का आयोजन किया। बच्चों ने हाउस बोर्ड डिस्प्ले किया जो दीपावली और छठ की थीम पर आधारित था। रंगोली और दीया डेकोरेशन प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। क्रिकेट मैच में कक्षा 7 ने जीत हासिल की। मैन ऑफ द मैच गगन भारद्वाज घोषित किया गया। बैडमिंटन में जूनियर वर्ग में साक्षी, आयुषी कुमारी, सीनियर वर्ग में तान्या कुमारी और कीर्ति कुमारी, छात्र जूनियर वर्ग में श्रेष्ठ कुमार, अरनव पांडेय और सीनियर वर्ग में दानिश और शौर्य ने खिताब जीता। वहीं दूसरी ओर दीया मेकिंग एंड डेकोरेशन प्रतियोगिता में रवि और समूह, सोनाक्षी और समूह, राजनंदनी और समूह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार जीता। वहीं रंगोली प्रतियोगिता में नंदिता और समूह, आयुषी और समूह, सुरभि और समूह ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार जीता। हाउस बोर्ड डिस्प्ले प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान पर क्रमशः दयानंद सदन, औरोबिंदो सदन और विवेकानंद सदन ने जीता। बालिका वर्ग में 100 मीटर रेस में क्रमशः प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान पर नैंसी, रवि, रीमा और छात्र वर्ग में ऋषिकेश और रवि ने तथा कक्षा चार से लव कुश, लूडो प्रतियोगिता में कक्षा चार से विनम्र पांडेय विनर और वेदांश रनर अप घोषित किए गए। कक्षा 3 से लूडो में हर्ष, विराट और शौर्य और बालिका वर्ग में आस्था, आस्था आन्या, अदिति रानी ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एक से स्पून रेस में श्रेयांश कुमार जय कुश और शौर्य सिंह, कक्षा 2 से अर्पिता, राजश्री और माहिरा ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा एक से अर्पिता आराध्या और आराधना तथा कक्षा 2 से नव्या नंदिनी अभिनव कुमार और अभिनव आनंद ने प्रथम द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

# सूबे के श्रममंत्री सत्यानंद भोगता ने किया पत्थलगड़ा प्रखंड का दौरा



**नवीन मेल संवाददाता। पत्थलगड़ा**

राज्य के श्रम नियोजन सह कौशल विकास विभाग मंत्री सत्यानंद भोगता शनिवार को चतरा लोकसभा क्षेत्र के पत्थलगड़ा प्रखंड का दौरा किया। इस दौरान वे प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह गांव निवासी राजदेव दांगी के 35 वर्षीय पुत्र सह पारा शिक्षक स्व. संजय दांगी के श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए। मंत्री दिवंगत के घर पहुंचकर दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर आत्मा की शांति की कामना की। उसके बाद मंत्री भोक्ता ने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाते हुए कहा कि दिवंगत संजय के आकस्मिक निधन से काफी दुखी हूं। पीड़ित परिवार के साथ खड़ा हूं। उन्होंने दिवंगत के परिजनों को आर्थिक सहयोग भी किया। मौके पर जिलाध्यक्ष नवल किशोर यादव, जिप सदस्य राम सेवक दांगी, मुखिया मेघन दांगी, भाजपा नेता दिनेश्वर भुइंया, सीपीआई नेता अर्जुन कुमार, पारा शिक्षक जिलाध्यक्ष कृष्णा पासवान, प्रखंड अध्यक्ष अभय कुमार सिंह, मिथलेश दांगी, सतीश ठाकुर, तापेश्वर दांगी, संतोष कुमार वर्मा, प्रकाश ठाकुर, मनोज प्रसाद, उमेश यादव, बिरजू साव आदि शामिल थे।

**पहल** जिला प्रशासन, जिला समाज कल्याण के तत्वाधान में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# बाल विवाह बच्चों के लिए एक अभिशाप : डीएसडब्ल्यूओ



**नवीन मेल संवाददाता। इटखोरी**

जिला प्रशासन, जिला समाज कल्याण के तत्वाधान में शनिवार को बाल विवाह, महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से इटखोरी प्रखंड कार्यालय सभागार में सुरक्षित बचपन, सुखी जीवन के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सुरजमुनि कुमारी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, धनंजय तिवारी अध्यक्ष बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी), सोमनाथ बंकिरा बीडीओ, अनिल डुंगडुंग डीपीएम जेएसएलपीएस, अंकित कुमार यूनिसेफ व विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं ने किया। अध्यक्षता सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष धनजी तिवारी ने की, जबकि संचालन बीडीओ बंकिरा ने किया।

इस मौके पर डीएसडब्ल्यूओ ने कहा कि जिला स्तर पर सुरक्षित बचपन सुखी जीवन के तहत 31 अक्तूबर से 14 नवंबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी निमित उक्त कार्यक्रम इटखोरी में किया गया। आगे कहा कि बाल विवाह बच्चों के लिए एक अभिशाप है। लोग बच्चों की पढ़ाई छुड़वाकर शादी करवा देते हैं, जिससे बच्चों का भविष्य खराब होता है। बाल विवाह रोकने के लिए सरकार द्वारा सावित्री बाई फूले बालिका समृद्धि योजना, स्पॉन्सरशिप, छात्रवृत्ति व मुख्यमंत्री कन्यादान योजना सहित कई योजनाएं चलाई जा रही है। साथ ही इससे होने वाले दुष्प्रभाव की भी जानकारी दी। वहीं तिवारी अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी द्वारा बाल विवाह तथा उसे रोकने के लिए बने कानून, बच्चों के साथ होने वाले हिंसा व शोषण तथा पोक्सो कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चर्चा के दौरान कहा गया कि बाल विवाह कानून अपराध तथा सामाजिक विकास में बाधक है। कानून के अनुसार बाल विवाह में शामिल दोषियों के लिए सजा एवं जुमार्ना का प्रावधान है। बाल विवाह, महिला एवं बच्चों के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए सभी लोगो को आगे आकर अपनी अपनी भूमिका सुनिश्चित करें। बाल विवाह एव बाल शोषण को रोकने के लिए 112 या 100 नंबर पर कॉल करे। यूनिसेफ के अंकित कुमार ने बाल विवाह एवं बाल शोषण को रोकने के लिए गांव स्तर से लेकर जिला स्तर तक बाल संरक्षण समिति के गठन और पदाधिकारियों की नियुक्ति आदि से संबंधित जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। बीडीओ ने सभी से बाल विवाह से संबंधित जानकारी देते हुवे बाल विवाह की सूचना देने की बात कही। कार्यक्रम में विभिन्न धर्मों के धर्म गुरु, महिला पर्यवेक्षक, पंचायत सचिव, जेएसएलपीएस से जुड़े पदाधिकारी व कर्मी आदि ने भाग लिया।

# चतरा से इंडिया गठबंधन का जीत तय : बली प्रसाद



**नवीन मेल संवाददाता। मनिका**

राजद के वरिष्ठ नेता बली प्रसाद यादव ने बताया कि चतरा लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की जीत तय हो चुकी है। उन्होंने कहा कि भाजपा के कई दिग्गज नेता आरजेडी में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने भाजपा नेता रघुपाल सिंह को राजद में शामिल होने को लेकर धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि रघुपाल सिंह के राजद में शामिल होने से पार्टी और मजबूत हो गई है। उन्होंने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन हमें चतरा लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने का मौका प्रदान करता है तो मैं चुनाव लड़ूंगा। आपको बताते चलें कि राजद के वरिष्ठ नेता बली प्रसाद यादव शुरू से ही समाजसेवी रहे हैं। बली प्रसाद यादव ने बताया कि हमें लालू यादव का आशीर्वाद प्राप्त है और हम राजद में बीते कई वर्षों से कार्य करते आ रहे हैं। चतरा की जनता भोली भाली है। यहां पर आज तक चतरा लोकसभा क्षेत्र का बेटा संसद नहीं बना है जो दुर्भाग्य की बात है। चतरा लोकसभा को चारागाह बना दिया गया है। बाहरी लोग आते हैं और चतरा लोकसभा क्षेत्र के लोगों को बेवकूफ बनाकर वोट ले लेते हैं। उन्होंने कहा कि अबकी बार इस तरह की चाल चतरा लोकसभा क्षेत्र में नहीं चलेगी। चतरा लोकसभा क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के लोग काफी गरीब भी हैं, जिसके कारण यहां से लोग मजदूरी करने के लिए बाहर जाते हैं। उन्होंने कहा कि चतरा लोकसभा क्षेत्र में एक भी बड़ा उद्योग स्थापित नहीं है।

## गागर में सागर

### अब्दुल रऊफ खान बने भंडरा प्रखंड अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष

**भंडरा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तेतरपोका निवासी अब्दुल रऊफ खान को अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी आलाकमान के द्वारा भंडरा प्रखंड अध्यक्ष की जिम्मेवारी सौंपी है। इस दौरान भंडरा प्रखंड अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के नव चयनित प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल रऊफ खान ने कहा कि पार्टी की ओर से जो जिम्मेवारी मुझपर भरोसा जताते हुए दी गई है उसपर शत-प्रतिशत खरा उतारते हुए अल्पसंख्यकों के हित में हर वक्त सकारात्मक सोच के साथ बेहतर कार्य करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के द्वारा मिली जिम्मेवारी पर अपनी तत्परता दिखाते हुए जिम्मेवारियों पर खरा उतरने का प्रयास रहेगा। इस दौरान भंडरा प्रखंड के नव चयनित अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल रऊफ खान को झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष लोहरदगा लोकसभा प्रभारी सह पूर्व विधायक लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र सुखदेव भगत, शमीम अंसारी, पूर्व जिला परिषद सदस्य सामिल उरांव, भंडरा प्रखंड जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव, कांग्रेस भंडरा प्रखंड अध्यक्ष जुगल भगत, लोहरदगा जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक उपाध्यक्ष आफताब आलम, जुल्फान अंसारी, सादिक अंसारी, सोहेल खान, असलम आलम, तबरेज आलम, तौकीर आलम, जावेद अंसारी, हफीजुल खान, उस्मान अंसारी, मुबारक अंसारी आदि कांग्रेसियों ने बधाई दी है।

### समिति के अध्यक्ष व सदस्यों का चयन

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के अलौदी पंचायत अंतर्गत हेसवे नवाटोली और चुरकु महुवाटोली में बाल विकास परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्र में सहायिका पद का चयन समिति के अध्यक्ष व सदस्यों द्वारा चयन किया गया। वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रभारी सीडीपीओ अशोक कुमार चोपड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों केंद्र में एक से अधिक उम्मीदवारों के द्वारा सहायिका पद के लिये आवेदन देने के कारण शैक्षणिक योग्य के आधार पर हेसवे नवाटोली केंद्र के लिये राजकुमारी का और चुरकु महुवाटोली केंद्र के लिये मनोनीत बाखला का सहायिका पद में सर्वसम्मति से चयन किया गया। वहीं नव चयनित उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र देते हुए बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ ने कहा कि रुचि के साथ कार्य करें और दायित्व का निर्वहन करें। मौके पर मुखिया, महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी, एएनएम नौमी खाखा के अलावे अंकित, नीलम भगत, मनीषा उरांव, गुड़िया, लक्ष्मी उरांव, सुनीता, फुलमंती कुमारी, लक्ष्मी कुमारी सहित अन्य ग्रामीण महिला पुरुष उपस्थित थे।

### सोहराई जतरा फुटबॉल टूर्नामेंट शुरू

**कुडू।** प्रखंड के कोलसिमरी स्थित जतरा मैदान में आयोजित तीन दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। सोहराई जतरा फुटबॉल क्लब के तत्वधान में आयोजित इस टूर्नामेंट में बतौर मुख्य अतिथि उप प्रमुख एनुल अंसारी उपस्थित हुए। उद्घाटन मैच उडूमुडू फुटबॉल क्लब बनाम कोलसिमरी फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया जिसमें उडूमुडू की टीम विजय रही। मौके पर हलीम अंसारी, जतन भगत, नासिर अंसारी, संजू तुरी, अब्दुल मनान अंसारी, शुशील उरांव आदि खेल प्रेमी मौजूद थे।

### बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ

**भंडरा।** आदिवासी परदआना खोडहा द्वारा संचालित बलसोता सरना टोली में शनिवार को बाल दिवस सह भगवान बिरसा मुंडा जयंती कार्यक्रम का शुभारंभ जिला परिषद सदस्य राजमनी उरांव द्वारा किया गया। मौके पर विद्यालय के रतिया उरांव, संगीता कुमारी तिर्की, आशा तिर्की, प्रियंका तिर्की, सुमित उरांव समकुमारी खाखा, राजेश उरांव, सरिता तिर्की, पूर्व जिला परिषद सामिल उरांव, भौरों पंचायत मुखिया सुमंती तिग्गा, गडररपो पंचायत मुखिया सुमित उरांव, जगजीवन उरांव, एवं अभिभावक भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### वन अधिकार को लेकर दिया प्रशिक्षण

**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रदान संस्था द्वारा वन अधिकार अधिनियम के तहत गांव स्तर पर वन अधिकार समिति बनाने को लेकर सभी पंचायत सचिव और जन सेवक को एक दिवसीय प्रशिक्षण शनिवार को दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा ने कहा कि वन अधिकार समिति बनाने के लिए ग्राम प्रधान की अध्यक्षता में ग्राम सभा कराना आवश्यक है तथा ग्राम सभा की जानकारी मुखिया और पंचायत सचिव देंगे। प्रशिक्षक सोनू खान और ओम प्रकाश द्वारा वन अधिकार अधिनियम और दावा प्रस्तुत करने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। मौके पर बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा, सीओ राकेश कुमार तिवारी, त्रिवेणी भगत, सूर्या भगत, अधीश खाखा, रिजवान अहमद, अजय कुमार वर्मा, सुजीत उरांव आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रोजगार मेला कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवम कौशल विकास विभाग, लोहरदगा द्वारा एक दिवसीय रोजगार मेला कार्यक्रम का आयोजन जिला नियोजन के परिसर में किया गया। कार्यक्रम में जिला नियोजन पदाधिकारी, लोहरदगा, महिला आईटीआई, लोहरदगा के प्राचार्य, आईटीआई कुजरा के प्राचार्य एवं एवं आईटीआई के इंस्ट्रक्टर यंग प्रोफेशनल श्रम मंत्रालय प्रवीर कुमार गोप,परियोजना सहायक अखिल केरकेट्टा, रमित मिंज, लोअर डिवीजन क्लर्क तथा विभाग एवम प्रशिक्षण केंद्रों के लोग शामिल हुए। इसमें मुख्य रूप से 12 कंपनी के प्रतिनिधि शामिल हुए कार्यक्रम में कुल 183 प्रतिभागी ने पजीकरण करवाया, जिसमें से 103 लोगों को शॉर्टलिस्ट किया गया एवं 76 लोगों को अंतिम रूप से चयन किया गया।

# दीपोत्सव आज, घर-घर की जाएगी महालक्ष्मी की पूजा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में रोशनी का पर्व दीपोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस पर्व को हर घर में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। घर-घर में माता महालक्ष्मी की पूजन अर्चन होगी। बीते कुछ दिनों से सभी घरों में साफ सफाई पुताई आदि से घर का कोना कोना साफ करके दीपावली मनाने की तैयारी कर ली है। रंगारंग छटा से घर और अंगना सराबोर हो चुके हैं। धनतेरस से घरों को सजाने के साथ रोशनी से जगमगा दिया गया था। धन की देवी लक्ष्मी की पूजन अर्चन के साथ आतिशबाजी की तैयारी की जा रही है। हर घर में दीपावली की तैयारी अंतिम चरण में है। बाजार में सभी दुकानें सजी हुई हैं। धनतेरस की तरह दूसरे दिन भी बाजार गुलजार रहा। एक बार फिर बाजारों में करोड़ों का कारोबार हुई। पटाखा बाजार में भी जमकर ग्राहकी हो रही है। फर्नीचर सहित अन्य सामान दुकानें सजाने के साथ ही बाहर तक रखा हुआ था।



दीपावली के अवसर पर घरों की रंगाई पुताई के बाद फूल फुलवार से लेकर घर के आंगन तक रंगोली सजाई जा रही है। हर तरफ रंग ही रंग नजर आ रहा है। कई लोगों ने अपने घरों के सामने गोबर से लिपाई पुताई की गई है। वहीं रंग से बेलबूटे बनाकर आंगन को भी सजाया गया है। पर्व को लेकर सभी लोगों में उत्साह उमंग और उल्लास बना हुआ है। लोग अपने घरों के सामने रंगारंग आतिशबाजी करने लगे हैं। दूसरे दिन फटाखा बाजार में फटाखों की खूब बिक्री हुई। दीपावली के अवसर पर शाम के समय फटाखों की रोशनी से भी घर आंगन और आसमान तक जगमगाएं। फटाके चलाने के लिए बच्चे उतावले हो रहे थे।

### सुंदरू के खंडहरनुमा केंद्र में पढ़ाई करने में बच्चों को हो रही दिक्कत

# आंगनबाड़ी बदहाल, खतरे में नौनिहाल

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

कुडू के सुंदरू गांव में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र की हालत बद से बदतर हो गयी है। सुविधा के नाम पर इस आंगनबाड़ी केंद्र में न तो दरवाजा है और न ही जमीन ऊपर से इसकी खूबसूरती में चार चांद लगाते आधे से ज्यादा गिर चुके प्लास्टर, हर वक्त झड़ती छत और ठीक सामने जर्जर हो चुकी नाली यहां तैनात सेविका शबाना खातून, सहिया जबिना खातून और यहां पहुंचने वाले दो दर्जन से अधिक नौनिहालों खतरा बना हुआ है।

इधर भविष्य बनाने के लिए अपने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्र भेजने वालों के माता पिता को अपने जिगर के टुकड़ों की चिंता सता रही है। कुल मिलाकर भवन ऐसी स्थिति में पहुंच चुका है जहां पशु भी रहना शायद पसंद न करें। आजसू नेता



स्थानीय नावेज खान ने बताया कि अब तो सुविधाओं का अभाव होने के कारण कई अभिभावक बच्चों को यहां भेजने से भी हाथ पीछे खींच रहे हैं। वहीं ग्रामवासी बताते हैं कि खंडहरनुमा आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई करने जाने वाले बच्चों को काफी दिक्कत आ रही है। छोटे-छोटे बच्चे बरसात में पानी में भीग कर तो गर्मी में पसीने से भीग जाते हैं। ऐसे में एक ओर मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र बनाये जा रहे हैं और यहां का हाल यह है कि न भवन, न शौचालय न पीने के लिए पानी की व्यवस्था है। इसे लेकर बच्चे तो परेशान होते हैं साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र चला रही सहायिका को भी परेशानी से जूझना पड़ता है। जो सरकारी व्यवस्था की पोल खोल रहा है। प्रशासन को इस की सुध लेने की आवश्यकता है।

# आत्मसमर्पण के बावजूद नक्सली गतिविधियों में था शामिल, दबोचा

### पेशरार व सेंरेगदाग में कई घटनाओं, गोलीकांड, आगजनी में था शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आत्मसमर्पण करने के बावजूद नक्सली गतिविधियों में शामिल रहने वाले एक नक्सली को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस गिरफ्त में आये नक्सली की पहचान भाकपा (माओवादी) के रिजनल कमांडर रविंद्र गंझू के दस्ता का सदस्य आकाश नगेसिया उर्फ समेश्वर नगेसिया, पिता स्व. भादे नगेसिया उर्फ भावदेव नगेसिया, सा. ओनेगढ़ा, टोला ईचवाटांड़, थाना पेशरार, जिला लोहरदगा के रूप में किया गया है। इसके खिलाफ पेशरार एवं सेंरेगदाग थाना क्षेत्रान्तर्गत कई नक्सली घटनाएं, गोलीकांड, आगजनी, अवैध लेवी वसूली एवं चोरी के कई मामलों में वांछित अपराधी था जो फरार था। पुलिस ने रांची रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया है।

इस संदर्भ में पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां ने पत्रकारों को बताया कि शुक्रवार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी, पेशरार थाना के नेतृत्व में एक विशेष छापामारी टीम का गठन किया गया। विशेष छापामारी टीम के



द्वारा थाना प्रभारी, पेशरार थाना के नेतृत्व में आदेशानुसार अग्रिम कार्रवाई करते हुए रांची रेलवे स्टेशन के पास पहुंचकर भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन रविंद्र गंझू के दस्ता का सदस्य आकाश नगेसिया को धर दबोचा गया। तत्पश्चात नाम पता एवं नक्सली की पहचान - उपरांत साथ गये सशस्त्र बल के समक्ष विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार भाकपा (माओवादी) नक्सली संगठन के सदस्य आकाश नगेसिया के द्वारा अपने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में बताया गया है कि इनके एवं दस्ता के अन्य सदस्यों के द्वारा सेरेंगदाग थाना क्षेत्रान्तर्गत पुन्दाग बड़का नदी में पुल निर्माण कार्य करा रहे ठिकेदार के द्वारा लेवी का पैसा नहीं देने के कारण रविंद्र गंझू के आदेश पर 26 मार्च को निर्माण कार्य में लगे दो ट्रैक्टर को गाड़ी से ही डीजल निकालकर छिड़क दिया गया एवं आग के हवाले कर दिया गया था। पुनः सेरेंगदाग थाना क्षेत्रांतर्गत ग्राम मन्हेपाट से जुड़नी तक सड़क निर्माण कार्य करा रहे मुंशी की हत्या करने की नियत से 22 मई को सेरेंगदाग थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चंडी के पास घात लगाकर गोली फायरिंग की गई। पेशरार थाना क्षेत्रान्तर्गत पिछले साल 11 दिसंबर को जवाखाड़ से अपने सहयोगियों के साथ मिलकर स्वाराज ट्रैक्टर को रोटावेटर सहित घर के बाहर से रात्रि में चोरी कर लिया गया था। छापामारी दल में पुअनि, मो. अख्तर अली, थाना प्रभारी, पेशरार थाना, रामदेव राय, रूपेश सिंह, राजेश उरांव, आत्मा प्रकाश उरांव, निरज मिश्रा, जयमंगल सिंह, बुधराम सिंह मुंडा, निरमल मार्सल मिंज आदि शामिल थे।

# 'कोयल नदी से बालू उठाव महिला मंडल को दिया जाए'

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**



लोहरदगा के ग्रामीण क्षेत्र के कोयल नदी के समीप की बस्ती के महिला मंडल की महिलाओं ने स्थानीय विधायक तथा डीसी को ज्ञापन देकर बालू घाट की नीलामी महिला मंडल समिति को देने का आग्रह किया है। कहा कि बालूघाट हमलोग के गांव का है और हम लोगों की जमीन भी नदी के तट पर मिल गई है इसलिए बालू घाट महिला मंडल को मिलना चाहिए। इससे चोरबाजारी और अवैध बालू उठाव नहीं होगा। शहरी या ग्रामीण क्षेत्रों में बालू की बेतहाशा दामों में बिक्री भी नहीं होगी। आम जनता को बालू से राहत दिलाएंगे। सस्ता बालू गृह निर्माण हेतु दिलाएंगे।

विकास आजीविका सखी महिला मंडल हरमू की रेखा उरांव तथा लक्ष्मी महिला मंडल जुरिया की तन्नू उरांव ने कहा है कि यदि नीलामी प्रक्रिया हुई भी है तो उस. रद्द किया जाय और उक्त क्षेत्र के महिला मंडल को ही उसी दाम में बंदोबस्ती करने का आग्रह किया है। अन्यथा बालू उठाव करने नहीं दिया जायेगा। चूंकि बालू हम सबकी जमीन में है और जमीन मालिक का अधिकार भी बनता है। जिसकी जमीन पर बालू है या जिसकी जमीन से होकर बालू उठाव किया जाता है। उसे मालिकाना हक मिलना चाहिए। इस संबंध में स्थानीय विधायक साथ वित्त मंत्री झारखंड सरकार के डॉ. रामेश्वर उरांव ने महिला मंडल के आवेदन पर डीसी को संबोधित करते हुए मदद करने का भी आग्रह किया गया है। महिला मंडल की महिलाओं का कहना था कि जमीन हम ग्रामीण का बालू सरकार का और बिचौलिया बालू से आमदनी करे और जिसकी जमीन है ओ बालू फांकेंगी क्या? ये अजब तमाशा सरकार और प्रशासन का है। जब हमलोग जिम्मेदारी लेने का बीड़ा उठा रहे हैं तो स्थानीय ग्रामीणों को अधिकार क्यों नहीं मिलता है, इसी से आक्रोश चिंगारी भड़कती है और ज्वाला बनती है। इसलिए समय रहते सरकार और प्रशासन हम ग्रामीण महिला मंडल को बालू घाट की नीलामी करे। सरकार को भी लाभ देंगे। आम जनता को भी लाभ मिलेगा। अन्यथा बालू उठाव नहीं करने देंगे। जान देंगे बालू नहीं उठाने देंगे।

# बिना लाइसेंस के मजदूरों को ले जाने वाले दो एजेंट पर मुकदमा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

अंतर राज्यीय प्रवासी श्रमिक अधिनियम 1979 के अंतर्गत झारखंड राज्य से बाहर यदि कोई भी श्रमिक काम करने के लिए जाते हैं या किन्हीं एजेंट के द्वारा ले जाते हैं वैसे स्थिति में सभी श्रमिकों को श्रम विभाग में निबंधन करना अनिवार्य है। निबंधन के लिए जागरूकता अभियान एवं कार्यशाला के द्वारा जागरूक किया जा रहा है झारखंड राज्य से बाहर श्रमिक को ले जाने वाले एजेंसी/एजेंट को चिन्हित करके लाइसेंस एवं श्रमिकों का निबंधन कराकर ही बाहर लेने का निर्देश दिया जा रहा है। दो एजेंट - बुधराम उरांव पिता - सोमा उरांव ग्राम- धोबाली, पोस्ट- धोबाली थाना- भंडारा, जिला- लोहरदगा व मो० अंजारुल हक, पिता- तबेजुल हक, ग्राम- आरा,पोडया टोली, पोस्ट- चरहु, थाना- सेनहा जिला- लोहरदगा को लगातार निर्देश देने के उपरांत बिना लाइसेंस के एवं बिना श्रमिकों को निबंधन कराए श्रमिक को झारखंड से बाहर ले जा रहे थे। उसके




विरुद्ध में मुकदमा दायर किया गया है। अन्य एजेंट/ सरदार को भी चिन्हित किया जा रहा हैं एवं उन्हें निर्देश दिया जा रहा कि लाइसेंस एवं श्रमिकों का निबंधन कराने के उपरांत ही बाहर ले जाएं अन्यथा उनके विरुद्ध में मुकदमा दायर किया जाएगा। उक्त जानकारी श्रम अधीक्षक दिनेश भगत ने दी।

**अंतर राज्यीय प्रवासी श्रमिकों के लिए संचालित योजनाएं :** दुर्घटना में मृत्यु होने पर 2 लाख रुपये, अंग पूर्ण अपंगता होने की स्थिति में 2 लाख रुपये, पूर्ण अपंग होने की स्थिति में 1 लाख रुपये।

# महिलाओं ने जेएसएलपीएस कार्यालय का किया घेराव

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले के सेन्हा प्रखंड परिसर में स्थित प्रखंड स्तरीय महिला विकास मंडल के अस्थाई कर्मचारी और महिला मंडल की दीदियों से हुए विवाद के बाद गुस्साई महिलाओं ने शुक्रवार को जेएसएलपीएस कार्यालय का घेराव किया। महिला विकास मंडल की अध्यक्ष प्रेममनी पन्ना के नेतृत्व में सैकड़ों महिलाओ ने अस्थाई कर्मचारियों पर अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाते हुए अस्थाई कर्मचारियों को हटाने का और नए कर्मचारियों की बहाल करने का मांग करते हुए धरने पर बैठ गई। महिला विकास मंडल की महिलाओं ने महिलाओं के साथ हुई मारपीट और अभद्र व्यवहार पर सेन्हा थाना और एसटी एससी थाने में लिखित आवेदन देकर करवाई की मांग की है। महिला विकास मंडल सेन्हा के अस्थाई कर्मचारियों ने अध्यक्ष प्रेममनी पन्ना को सूचना दिए बगैर ही अध्यक्ष सचिव और नए समिति के



गठन के लिए आम सभा कराने का नोटिस जारी कर दिया गया। इसके बाद महिला विकास मंडल अध्यक्ष और अस्थाई कर्मचारियों के बीच विवाद बढ़ता चला गया और नौबत मारपीट तक पहुंच गई। महिला विकास मंडल के अध्यक्ष एवं अन्य पदाधिकारियों ने इस पूरे मामले को लेकर प्रखंड कार्यालय में तालाबंदी कर अधिकारियों को सूचना देते हुए अस्थाई कर्मचारियों को हटाकर नए अस्थाई कर्मचारियों की बहाल कर नए समिति के लिए आम सभा कराने की मांग पर अड़े हुए हैं।

महिला विकास मंडल, सेन्हा की अध्यक्ष प्रेममनी पन्ना ने पूरे मामले पर बताया कार्यालय में अस्थाई कर्मचारी अपना मनमानी करते हैं और किसी भी कार्यों की सूचना समिति और अध्यक्ष को नहीं देते हैं। इसके कारण कई गांवों तक महिलाओं के विकास कार्य प्रभावित होते हैं। अस्थाई कर्मचारियों द्वारा महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार और मारपीट की जाती है। हमारी मांग है कि अस्थाई कर्मचारियों को हटाकर नए अस्थाई कर्मचारियों की बहाली की जाए और हमारे साथ जो अभद्र व्यवहार हुआ है उसके लिए इनपर करवाई किया जाए।

**पहल** राउ उच्च विद्यालय जिंगी में अभिभावक-शिक्षक संगोष्ठी का आयोजन

# बच्चों के विकास में अभिभावकों का सहयोग जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

अभिभावक बच्चों के पहले गुरु होते हैं। बच्चों के व्यक्तित्व के विकास में उनकी बड़ी भूमिका होती है। सच तो यह है कि अभिभावकों के सहयोग के बिना बच्चों का समग्र विकास संभव ही नहीं है। उपर्युक्त बातें प्रखंड क्षेत्र के राउ उच्च विद्यालय जिंगी में आयोजित अभिभावक-शिक्षक सम्मेलन में आज विद्यालय के प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहीं। उन्होंने कहा कि विद्यालय पोषक क्षेत्र के हर बच्चे को अच्छी शिक्षा तभी मिल सकेगी, जब अभिभावक सजग होंगे। इसके पूर्व विद्यालय के प्रधानाध्यापक, प्रबंधन समिति




अध्यक्ष, शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात विद्यालय के बाल संसद के सदस्यों द्वारा स्वागत गान गाकर अभिभावकों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक सरोज कुमार दुबे ने हर्ष जोहार, प्रोजेक्ट रेल एवं आईसीटी क्लास,बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी एवं बच्चों की उपस्थिति की जानकारी दी। शिक्षिका खुशमारेन मर्शिला तिर्की ने पोक्सो एक्ट एवं बाल विवाह और सावित्री बाई फूले योजना पर चर्चा की। प्रबंधन समिति अध्यक्ष कंचन राम ने अभिभावकों से बच्चों को नियमित विद्यालय भेजने की अपील की। विशेष रूप से उपस्थित जिंगी पंचायत मुखिया ने विद्यालय को हर संभव सहयोग देने का वादा किया। कार्यक्रम को उपमुखिया सूरज लाल, पूपेन तिग्गा ने भी संबोधित किया। मौके पर शिक्षक फूलमनी कुमारी, चांदो तिर्की संयोजिका ओलिभा तिर्की, लालदेव टाना भगत, चारो उरांव, इल्ताफ अंसारी, जेना टाना भगत, संदीप उरांव, प्रभा देवी, सुखमनिया उरांव, संजीत लोहरा, खालिद अंसारी सहित कई अभिभावक उपस्थित थे।

### भंडरा प्रखंड के पारा शिक्षक को हुआ पुत्र शोक

**भंडरा।** प्रखंड के हाटी कुंबाटोली प्राथमिक स्कूल के पारा शिक्षक गोपाल प्रसाद साहू का सात वर्षीय पुत्र शिवम साहू का आकस्मिक निधन हो गया। पिछले कुछ दिनों से वह रांची में इलाजरत था। चिकित्सकों ने उसे वेल्लौर रेफर कर दिया था। एंबुलेंस से वेल्लौर जाने के क्रम में रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। हाटी कुंबाटोली में शनिवार को उसका अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान स्थानीय मुखिया परमेश्वर महली, लाल उमाशंकर शाहदेव, सोहराई उरांव, अंबिका सिंह रामकृत यादव, देवचंद उरांव, बाणेश्वर, सुकरा मुंडा, सीआरपी महावीर साहू, दिलीप साहू सहित अन्य पारा शिक्षक व ग्रामीण मौजूद थे।

# गैराज का ताला तोड़ चोरी

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**

थाना क्षेत्र के बक्सीडीपा स्थित निजी गैराज का ताला तोड़ कर रात में अज्ञात चोरों ने लाखों रुपये का सामान चोरी किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोर्ट रोड रहमत नगर लोहरदगा निवासी स्व. बशीरूद्दीन खान का पुत्र तसलीम खान का बक्सीडीपा में अपना निजी गैराज है, जहां वह छोटी बड़ी खराब गाड़ियों को बनाने का काम करता है। प्रत्येक दिन की भांति गुरुवार को भी वह दिन भर काम कर अपना सभी सामान को गैराज में रख ताला बंद कर घर चला गया। जब तसलीम खान शुक्रवार सुबह काम करने दुकान आया और देखा कि गैराज का ताला टूटा हुआ है। गैराज में रखा हुआ लगभग 150 किलो कबाड़ी का सामान तथा उसके अलावे 3 पीस टरबो, 4



पीस ब्रेकशू, गियर बॉक्स, 2 पीस फाइबिल, 2 पीस प्रेशर प्लेट, स्टेयरिंग मोटर सेट, 2 पीस क्लच प्लेट, चक्का हब और वाटर पंप सहित गाड़ी में लगने वाला अन्य कीमती लाखों का सामान को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है। पूर्व में भी बक्सीडीपा में स्थित अन्य गैराज से इस तरह की घटना घटित हो चुकी है। वहीं थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि तसलीम खान द्वारा लिखित आवेदन दिया गया है। अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पुलिस अग्रतर करवाई में जुट गई है।

## गागर में सागर

### एयर इंडिया को अगले 18 महीने तक हर छह दिन पर मिलेगा नया विमान : सीईओ




**दिल्ली।** एयर इंडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक (एमडी) कैम्पवेल विल्सन ने कहा कि कंपनी ने 470 विमानों का ऑर्डर दिया है और अगले 18 महीनों तक इसे हर छह दिन पर एक नया विमान मिलेगाण उन्होंने एसोसिएशन ऑफ एशिया पैसिफिक एयरलाइंस के अध्यक्षों की 67वीं बैठक में कहा कि हमारे पास नए विमान हैं। हम कई नए चालक दल और कर्मचारियों की भर्ती कर रहे हैं। प्रशिक्षण व्यवस्था में सुधार कर रहे हैं और अभी और काम करना बाकी है। हम अच्छी प्रगति कर रहे हैं। सत्र में विल्सन ने कहा कि एयर इंडिया के ज्यादातर ग्राहक विश्वसनीयता और समय की पाबंदी चाहते हैं। हमारे सामने ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने की चुनौती हैण विल्सन ने कहा कि इसके अलावाए नए विमानों को अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में लगाया जा रहा है और अधिकतर ठप पड़े विमानों को सेवा में लाया गया है। उन्होंने कहा कि टाटा के स्वामित्व वाली एयर इंडिया ने आठ प्रतिशत की संचयी वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रही भारतीय अर्थव्यवस्था की सेवा के लिए 470 विमानों का ऑर्डर दिया है। अगले 18 महीनों में हर छह दिन में एक नया

### एलआईसी का नेट प्रॉफिट में 50 घटकर रहा 7925 करोड़ रुपये




**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र की बीमा कंपनी एलआईसी ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही के लिए नतीजों की घोषणा की है। इस अवधि के दौरान कंपनी के मुनाफे में 50 फीसदी की गिरावट आई है। एलआईसी का मुनाफा 7,925 करोड़ रुपये रहा है जो बीते वित्त वर्ष के समान तिमाही में 15,952 करोड़ रुपये रहा था। स्टॉक एक्सचेंज के पास फाइल किए गए रेग्यूलेटरी फाइलिंग में एलआईसी ने कहा कि दूसरी तिमाही में नेट प्रीमियम इनकम 1,07,397 करोड़ रुपये रही है जो कि बीते वित्त वर्ष 2022-23 की दूसरी तिमाही में 1,32,631.72 करोड़ रुपये रही थी। एलआईसी के इनकम में भी गिरावट आई है। कंपनी का इनकम 2,01,587 करोड़ रुपये रहा है जो एक साल पहले समान तिमाही में 2,22,215 करोड़ रुपये रहा था। एलआईसी का ग्रॉस एनपीए 2.43 फीसदी रहा है ज इससे पहले वर्ष में समान तिमाही में 5 l60 फीसदी रहा था। हालांकि नेट एनपीए में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एलआईसी को निवेश से होने वाली आय बढ़कर 93,942 करोड़ रुपये रही है जो बीते वर्ष 84,103 करोड़ रुपये रही थी। एलआईसी के प्रीमियम इनकम में गिरावट निवेशकों की चिंता को बढ़ा सकता है। एक तो एलआईसी के आईपीओ में निवेश करने वाले निवेशकों को वैसे ही अपने निवेश पर भारी नुकसान हो रहा है।

### बीएसई का दूसरी तिमाही चार गुना उछाल के साथ 118 करोड़ रुपए

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार बीएसई का चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ चार गुना होकर 118 करोड़ रुपए हो गया। शेयर बाजार ने एक बयान में यह जानकारी दी। बीएसई का बीते वित्त वर्ष की समान तिमाही में शुद्ध लाभ 29.4 करोड़ रुपए रहा था। बीएसई ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में एक्सचेंज का राजस्व 53 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 367 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले की अवधि में 240 करोड़ रुपए था। बीएसई के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुंदरमन राममूर्ति ने कहा, हम मानव संसाधनों, नए उत्पादों, प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे आदि के विकास में निवेश करना जारी रखेंगे, और इस प्रकार दीर्घकालिक विकास शेयरधारकों को आगे बढ़ाएंगे और वाइब्रेंट बीएसई 2025 के अपने मिशन को पूरा करेंगे। समीक्षाधीन तिमाही में इक्विटी खंड में एक्सचेंज का औसत दैनिक कारोबार बढ़कर 5,922 करोड़ रुपए हो गया, जो सितंबर 2022 को समाप्त तिमाही में 4,740 करोड़ रुपए था। इसके अलावा, बीएसई के निदेशक मंडल ने अपनी बैठक में इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज (आईएफएससी) लिमिटेड (इंडिया आईएनएक्स) में 22.36 करोड़ रुपए और इंडिया इंटरनेशनल एक्सचेंज (आईएफएससी) लिमिटेड (इंडिया आईसीसी) में 33.88 करोड़ रुपए के निवेश को मंजूरी दी।

### पाक की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बर्बाद

## 78 ट्रिलियन रुपए हुआ विदेशी कर्ज



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

कंगाल पाकिस्तान ने बेशक भीख मांगकर अपने विदेशी मुद्रा भंडार को बढ़ा लिया, लेकिन उसका कुल कर्ज और देनदारियां पिछले वर्ष से 26 फीसदी की अस्थिर दर के साथ बढ़ी हैं। यह अब 78 ट्रिलियन रुपए के नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। यह कर्ज इतना ज्यादा है कि अगर इसे रीस्ट्रक्चर नहीं किया गया तो लंबे समय तक मैनेज नहीं किया जा सकता। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान ने बताया कि पिछले साल की तुलना में सितंबर के अंत तक देश का कर्ज और देनदारियां 16 ट्रिलियन रुपए बढ़ा है। कर्ज के बढ़ने के कई कारण हैं, जिनमें टार्गेट से कम का टैक्स कलेक्शन, तेजी से गिरती पाकिस्तानी रुपए की कीमत, उच्च ब्याज दरें, बढ़ा हुआ खर्ज और सरकारी कंपनियों का घाटा या फिर उनका कुप्रबंधन शामिल है। पाकिस्तानी न्यूज आउटलेट ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक पिछले साल सितंबर से औसतन हर रोज 44 अरब रुपए कर्ज बढ़ा है। दरअसल , पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है। कर्ज रोकने के सभी उपाय सिर्फ कागजों पर रह गए हैं। किसी भी सरकार ने कर्ज लेने को रोकने से जुड़े सार्थक उपाय लागू नहीं किए हैं। देश की कोई भी पार्टी इस मुश्किल काम को नहीं करना चाहती। लगाता बढ़ रहे कर्ज का देश की अर्थव्यवस्था पर असर पड़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल और बुनियादी ढांचे के विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर भी सरकार ध्यान नहीं दे पा रही।

### आठ अरब के पार हो गई विश्व जनसंख्या

**वाशिंगटन।** दुनिया की आबादी आठ अरब के पार हो गई है, लेकिन विश्व जनसंख्या वृद्धि में धीमी गति की दीर्घकालिक प्रवृत्ति जारी है। यह बात अमेरिकी जनगणना ब्यूरो ने कही। ब्यूरो का अनुमान है कि वैश्विक जनसंख्या ने यह सीमा 26 सितंबर को पार की। दुनिया की आबादी को 7 अरब से बढ़कर 8 अरब होने में 12 साल का वक्त लगा लेकिन अब 8 अरब से इसे 9 अरब होने में करीब 15 साल का समय लगेगा। इससे पता चलता है कि दुनिया में जनसंख्या वृद्धि की दर में कमी आ रही है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 61 देशों या क्षेत्रों की आबादी में 2022 और 2050 के बीच 1 अमेरिकी जनगणना ब्यूरो ने एक बयान में कहा है कि वैस तो संयुक्त राष्ट्र (UN) ने अनुमान लगाया था कि यह संख्या 10 महीने पहले पार हो गई थी और 22 नवंबर, 2022 को आठ अरब जनसंख्या का दिन' घोषित किया गया था। ब्यूरो के अनुसार यह विसंगति देशों द्वारा जनगणना की अलग-अलग पद्धति के कारण या बिल्कुल गणना नहीं करने के कारण हो सकती है। इसके अनुसार, कई देशों में जन्म और मृत्यु दर्ज करने की प्रणाली का अभाव है। ब्यूरो के अनुसार, भारत और नाइजीरिया जैसे कुछ सबसे अधिक आबादी वाले देशों ने एक दशक से अधिक समय से जनगणना नहीं की है।

# धनतेरस पर 50 हजार करोड़ से अधिक का हुआ कारोबार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

देश में धनतेरस का बाजार काफी गहमागहमी रहा। इस पर्व में लोगों से जमकर खरीदारी की। बर्तन से लेकर जूलरी तक की खुब बिक्री हुई। देश भर में लगभग 50 हजार करोड़ से अधिक का कारोबार हुआ है। इसमें अकेले 27 हजार करोड़ का कारोबार जूलरी का हुआ है। पिछले साल 25 हजार करोड़ रुपये का कारोबार हुआ था। अभी सोने का भाव 61 हजार से लेकर 62 हजार प्रति 10 ग्राम का भाव है। पिछले साल सोने का भाव 52 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम था। इसी तरह से इस समय चांदी 72 हजार रुपये प्रति किलो के भाव से मिल रहा है, जबकि पिछले साल इसका भाव 58 हजार रु। प्रति किलो था। एक अनुमान के मुताबिक 41 टन सोना और 400 टन चांदी का कारोबार हुआ है। कॉनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के मुताबिक अकेले दिल्ली में 5000 करोड़ रु. से अधिक का कारोबार हुआ है। सीएआईटी के अध्यक्ष प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि यह कारोबार अभी और बढ़ेगा। वहीं ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्डसमीथ फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंकज अरोड़ा के मुताबिक सोने-चांदी के अलावा कीमती सामानों का करीब 30 हजार करोड़ रुपये का कारोबार हुआ है। आम तौर पर लोग आज के दिन झाड़ू, स्टील के सामान, लक्ष्मी और गणेश की मूर्ति या फिर सोने या चांदी के सिक्के खरीदते हैं। दिवाली के मौके पर लोग इलेक्ट्रिक के सामान भी खरीदते हैं। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि इस बार 50,000 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस हुआ है। भारत की अर्थव्यवस्था के लिए यह अच्छा संकेत है। वहीं सरकार की लोकल व्यापारियों को बढ़ावा देने की वोकल फॉर लोकल की नीति का भी प्रभाव देखने को मिल रहा है। दूसरी तरफ लोग चीनी सामान के स्थान पर भारतीय सामान खरीदने को महत्व दे रहे हैं।

### अगले साल फरवरी में एपल लॉन्च करेगा स्विफ्ट स्टूडेंट चैलेंज

**नई दिल्ली।** एप्पल ने घोषणा की है कि उनका अगला स्विफ्ट स्टूडेंट चैलेंज फरवरी 2024 में शुरू होगा। इसमें 50 प्रतिष्ठित विजेताओं को मान्यता देने वाली एक नई कैटेगिरी शामिल होगी, जिन्हें असाधारण सबमिशन के लिए नामित किया जाएगा। यह चैलेंज छात्रों को स्विफ्ट प्लेग्राउंड ऐप का इस्तेमाल करके एक इनोवेटिव कोडिंग प्रोजेक्ट बनाने का काम सौंपती है। 2020 से, चैलेंज में भाग लेने वाले छात्र ग्राउंडब्रेकिंग ऐप्स की नेक्स्ट वेब बनाने के लिए स्विफ्ट का उपयोग करके डेवलपर्स के वर्ल्डवाइड कम्युनिटी में शामिल हो गए हैं। एप्पल के वर्ल्डवाइड डेवलपर रिलेशंस और एजुकेशन एंड एंटरप्राइज मार्केटिंग के उपाध्यक्ष सुसान प्रेस्कॉट ने एक बयान में कहा कि एप्पल छात्रों और शिक्षकों के लिए नए कोडिंग रिसोर्सेज जारी कर रहा है, समर्पित स्विफ्ट प्रोग्रामिंग पर हमारे कम्युनिटी पार्टनर्स के साथ काम कर रहा है। 2024 के लिए स्विफ्ट स्टूडेंट चैलेंज टाइमलाइन की अग्रिम सूचना साझा कर रहा है।स्विफ्ट स्टूडेंट चैलेंज के लिए इनवाइट किया जाएगा। छात्रों को फरवरी 2024 में तीन सप्ताह की अवधि के दौरान स्विफ्ट स्टूडेंट चैलेंज के लिए अपने ऐप प्लेग्राउंड सबमिट करने के लिए इनवाइट किया जाएगा।

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल बना सबसे बड़ा ग्राहक और विक्रेता उत्सव




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 में पिछले किसी भी वर्ष की तुलना में सबसे अधिक ग्राहक यात्राएं, लेनदेन, नए लॉन्च, ऑर्डर, और बचत देखी गई। महीने भर चलने वाले इन समारोहों के दौरान 99.7% पिन कोड के ग्राहकों ने खरीदारी की, जिनमें से 80% ग्राहकों ने जालंधर, कोल्हापुर, मिदनापुर, विशाखापत्तनम और अन्य टियर 2 और 3 शहरों से खरीदारी की ग्राहकों की सबसे अधिक संख्या 110 करोड़ से अधिक रही, जो इसे अब तक की सबसे बड़ी संख्या बनाती है। पहले 48 घंटों में किसी एक दिन में होने वाले प्राइम साइन-अप के अब तक के सबसे अधिक साइन-अप किये गए। इस त्योहारी सीजन के दौरान खरीदारी करने वाले 65% से अधिक प्राइम सदस्य टियर 2 और टियर 3 शहरों / कस्बों से थे। 2022 की तुलना में बिक्री प्राप्त करने वाले छोटे और मध्यम व्यवसायों में 35% से अधिक की वृद्धि 2023 के त्योहारी सीजन में बिक्री प्राप्त करने वाले विक्रेताओं की अब तक की सबसे अधिक संख्या 750 से अधिक विक्रेताओं ने करोड़ों की बिक्री की, 31,000 से अधिक विक्रेताओं ने लाखों में बिक्री की। किसी भी त्योहारी सीजन के दौरान अब तक की सबसे अधिक संख्या। 5000 नए उत्पादों को शीर्ष ब्रांडों द्वारा कई श्रेणियों में लॉन्च किया गया - जो कि अब तक की सबसे बड़ी मात्रा है। 40 लाख से अधिक नए ग्राहकों ने कई श्रेणियों में उपलब्ध अपने पसंदीदा ब्रांडों के लिए पहली बार खरीदारी की। अमेजन पे लेटर का उपयोग पिछले साल की तुलना में 2.4 गुना रहा, इएमआई शेयर दोगुना हो गया क्योंकि हमने क्रेडिट को बढ़ाकर 1,00,000 रुपये तक कर दिया था। 4 में से 3 प्राइम सदस्यों ने रोमांचक कैशबैक ऑफर का लाभ उठाने के लिए अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक के सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का विकल्प चुना, जिनमें से 4 में 3 प्राइम सदस्य थे। अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक के सह-ब्रांडेड क्रेडिट कार्ड का उपयोग 2022 की तुलना में 25% बढ़ गया।

इस महीने भर के ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2023 के दौरान रोमांचक बैंक छूट और अनूठे पुरस्कारों ने ग्राहकों को 600 करोड़ रुपये से अधिक की बचत करने में मदद की 90% पिनकोड को तेज और विश्वसनीय डिलीवरी के साथ उनके ऑर्डर 48 घंटे के भीतर मिल रहे हैं


## समाहरणालय, गढ़वा (समाज कल्याण शाखा)
## कार्यालय-जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा

Email-dcpsgarhwa@gmail.com

बाल कल्याण समिति, गढ़वा के आदेशानुसारः–

**आम सूचना**



नाम :– पार्वती कुमारी, उम्र :– 5 वर्ष लगभग
लिंग :– बालिका
माता का नाम :– अज्ञात
पिता का नाम :– अज्ञात
पता :– अज्ञात
लंबाई :– 3.5 फिट
बालिका का रंग :–सावंला
पहनावा :–निला रंग का फुल इनर एवं हाफ पैंट
हवाई चप्पल :– लाल रंग

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त बालिका भवनाथपुर प्रखण्ड के झगडाखांड से प्राप्त हुई है, बालिका बाल कल्याण समिति में उपस्थापन के पश्चात समिति के संरक्षण में है। बालिका अपने माता–पिता का नाम एवं पता बताने में असमर्थ है।

अतः एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि माता / पिता / विधिक संरक्षक, संबंधित दस्तावेज / साक्ष्य के साथ बाल कल्याण समिति, गढ़वा / जिला बाल संरक्षण इकाई, गढ़वा / जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा में सम्पर्क कर दावा प्रस्तुत कर सकते हैं, अन्यथा बाल कल्याण समिति, गढ़वा के द्वारा नियम संगत अग्रेतर कार्रवाई की जायेगी, जिसके पश्चात् दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यालय :– जिला समाज कल्याण कार्यालय, गढ़वा, जिला बाल संरक्षण इकाई,गढ़वा, बाल कल्याण समिति, गढ़वा।

संपर्क नम्बर :– 9572372921,6200118854,7870520029.

विश्वासभाजन
जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, गढ़वा।

PR.NO.311262 Welfare (23-24):D



## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा।
(अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–41, वर्ष 2023–24)

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता : जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि : 22.11.2023 से 24.11.2023 तक कार्यालय कार्य अवधि में (राजपत्रित अवकाश को छोड़ कर)
3. परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान : जिला अभियंता का कार्यालय, जिला परिषद्, चतरा।
4. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय: 25.11.2023 को कार्यालय अवधि में 3.00 बजे अपराहन् तक
5. निविदा प्राप्ति का स्थान : जिला परिषद कार्यालय, चतरा।
6. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : 25.11.2023 को कार्यालय अवधि में 3.30 बजे अपराहन में
7. निविदा खोलने का स्थान : जिला परिषद्, चतरा।
8. कार्य की विस्तृत विवरणी / मद – : DMFT

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | लावालौंग | हेडूम | हेडूम | आंगनबाड़ी केन्द्र हेडूम–1 का मरम्मती कार्य। | 340100 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 2 | लावालौंग | हेडूम | जोजवारी | आंगनबाड़ी केन्द्र जोजवारी–1 का मरम्मती कार्य। | 340100 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 3 | लावालौंग | हेडूम | आराआतु | आंगनबाड़ी केन्द्र आराआतु का मरम्मती कार्य। | 339500 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 4 | लावालौंग | हेडूम | पोटम | आंगनबाड़ी केन्द्र पोटम का मरम्मती कार्य। | 339500 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 5 | लावालौंग | लमटा | लमटा | आंगनबाड़ी केन्द्र लमटा–2 का मरम्मती कार्य। | 337300 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 6 | टण्डवा | डहु | डहु | आंगनबाड़ी केन्द्र मानापात्रा का मरम्मती कार्य। | 407100 | 750 | 8500 | 02 माह |
| 7 | टण्डवा | गाड़ीलौंग | गाड़ीलौंग | आंगनबाड़ी केन्द्र कामता–2 का मरम्मती कार्य। | 303200 | 750 | 6500 | 02 माह |
| 8 | पत्थलगड्डा | नोनगाँव | नोनगाँव | आंगनबाड़ी केन्द्र नोनगॉव–1 का मरम्मती कार्य। | 339600 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 9 | पत्थलगड्डा | नोनगाँव | तेतरिया | आंगनबाड़ी केन्द्र तेतरिया का मरम्मती कार्य। | 343100 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 10 | पत्थलगड्डा | सिंघानी | पत्थलगड्डा | आंगनबाड़ी केन्द्र पत्थलगड्डा हरीजन टोला का मरम्मती कार्य। | 343100 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 11 | पत्थलगड्डा | नावाडीह डमौल | चौथा | आंगनबाड़ी केन्द्र चौथा का मरम्मती कार्य। | 343100 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 12 | पत्थलगड्डा | बरवाडीह | बेलहर | आंगनबाड़ी केन्द्र बेलहर का मरम्मती कार्य। | 337900 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 13 | पत्थलगड्डा | मेराल | खैरा | आंगनबाड़ी केन्द्र खैरा का मरम्मती कार्य। | 338400 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 14 | पत्थलगड्डा | मेराल | जोरी | आंगनबाड़ी केन्द्र जोरी का मरम्मती कार्य। | 339500 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 15 | पत्थलगड्डा | मेराल | फुलदगा | आंगनबाड़ी केन्द्र फुलदगा का मरम्मती कार्य। | 340100 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 16 | सिमरिया | सबानो | सबानो | आंगनबाड़ी केन्द्र सबानो–1 का मरम्मती कार्य। | 343342 | 750 | 7000 | 02 माह |
| 17 | सिमरिया | सबानो | सबानो | आंगनबाड़ी केन्द्र सबानो–2 का मरम्मती कार्य। | 316760 | 750 | 6500 | 02 माह |
| 18 | सिमरिया | सिमरिया | सिमरिया | आंगनबाड़ी केन्द्र सिमरिया कला–1 का मरम्मती कार्य। | 176151 | 750 | 4000 | 02 माह |
| 19 | सिमरिया | सिमरिया | सिमरिया | आंगनबाड़ी केन्द्र सिमरिया कला भुईयाँ टोली का मरम्मती कार्य। | 291584 | 750 | 6000 | 02 माह |
| 20 | सिमरिया | डाड़ी | डाडी | आंगनबाड़ी केन्द्र डाडी–2 का मरम्मती कार्य। | 483232 | 750 | 10000 | 02 माह |
| 21 | सिमरिया | डाड़ी | डाडी | आंगनबाड़ी केन्द्र डाडी–3 का मरम्मती कार्य। | 444995 | 750 | 9000 | 02 माह |
| 22 | सिमरिया | डाड़ी | बकचोमा | आंगनबाड़ी केन्द्र बकचोमा का मरम्मती कार्य। | 483820 | 750 | 10000 | 02 माह |
| 23 | सिमरिया | पगार | पगार | आंगनबाड़ी केन्द्र पगार का मरम्मती कार्य। | 453663 | 750 | 9500 | 02 माह |

निविदा की शर्ते –

1. जिला परिषद् चतरा अन्तर्गत निबंधित तथा UCAN Portal में Registered संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगें।
2. जिला द्वारा निर्गत आवंटन से जिला अन्तर्गत किसी भी कार्यान्वयन एजेन्सी में संवेदक के नाम से कार्य लंबित रहने की सूचना प्राप्ति होने की स्थिति में उनके पक्ष में निविदा निस्तार नहीं की जायेगी ।
3. परिमाण विपत्र का मूल्य आवेदन के साथ किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक ड्राफ्ट के रूप में "जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा" के पदनाम से देय होगा (जो लौटाया नहीं जायेगा)। तदनुसार परिमाण विपत्र निर्गत किया जायेगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के बैंक से निर्गत बैंक ड्राफ्ट ही मान्य होगा।
4. अन्य निविदा की शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

PR 311264 District(23-24)D

जिला अभियंता, जिला परिषद्, चतरा।



## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
## BUILDING DIVISION, DALTONGANJ.

**VERY SHORT NOTICE INVITING TENDER**

**Tender Reference No. BCD/DALTONGANJ DIV/10 /2023-24**

1. Name of Department :- Building Construction Department
2. Name of Advertiser :- Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
3. Date And Time of Sale of BOQ :- 21.11.2023 from 10:00 am to 1:00 pm
4. Date And time of Receiving sealed tenders :- 22.11.2023 upto 1:00 pm
5. Date And time of Opening of Sealed tenders :- 23.11.2023 from 03:00 pm
6. Place of Sale of BOQ :- 1. In the Office of Executive Engineer, B.C.D, Building Division, Daltonganj.
   2. In the Office of Superintendent Engineer, B.C.D Circle No.-02, Ranchi.
   3. In the Office of Assistant Engineer, Subdivision No-01, Daltonganj.
7. Place of Opening and Receiving Tender :- As per Place mention in serial No.- 6 (1)
8. Details of Work :-

| Sl.No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Darudih Under Block - Chainpur, Palamu | 1185500.00 | 24000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 2. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Juru Under Block – Chainpur, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 3. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Naudiha Under Block – Chainpur, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 4. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay Bhajaniya, Panchayat – Bhajaniya Under Block – Mohammadganj, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 5. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay Mohammadganj, Panchayat – Mohammadganj Under Block – Mohammadganj, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 6. | Construction of PCC Road, NH-75 to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Bhandar Under Block – Bishrampur, Palamu.. | 966900.00 | 19500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 7. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat–Pagar Khurd Under Block–Panki, Palamu. | 966900.00 | 19500.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 8. | Construction of PCC Road, Main Road to Samudayik Bhawan Panchayat Sachiwalay, Panchayat - Lotaniya Under Block - Hussainabad, Palamu | 1185600.00 | 24000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 9. | Construction of PCC Road, Main Road Dangwar To Panchayat Bhawan, Panchayat-Belbigha Under Block – Hussainabad, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 10. | Construction of PCC Road, Pani Tanki Jond to Panchayat Sachiwalay through Baldev Singh House, Panchayat – Dulsulma Under Block – Satbarwa, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 11. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Hisra Barwadih Under Block – Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 12. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Meral Under Block – Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 13. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat – Rudidih Under Block – Patan, Palamu.. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 14. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Sachiwalay, Panchayat–Kaswakhar Under Block–Patan, Palamu. | 1482000.00 | 30000.00 | 2500.00 | 01 Month |
| 15. | Construction of PCC Road, Main Road Saraswa to Panchayat Bhawan, Panchayat – Chiru Under Block – Chhattarpur, Palamu. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Month |
| 16. | Construction of PCC Road, Main Road to Panchayat Bhawan, Panchayat – Naudiha Under Block – Chhattarpur, Palamu.. | 743400.00 | 15000.00 | 1250.00 | 01 Month |

निविदा में परिमाण विपत्र कय हेतु निम्नांकित शर्तें का पालन आवश्यक है:–

- निविदा के साथ सत्यापित निबंधन पत्र, UCAN, पैन कार्ड, विगत तीन साल का आयकर रिटर्न, GST में निबंधन प्रमाण पत्र एवं फार्म अधतन 3B एवं 1 R, अद्यतन चरित्र प्रमाण पत्र एवं विद्युत लाइसेंस या निविदाकार एवं अन्य अनुज्ञप्तिधारी का अलग–अलग शपथ पत्र (यदि कार्य में विद्युत संबंधी कार्यमद हो) की छायाप्रति इत्यादि स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा।
- परिमाण विपत्र के लिए जमा किया जाने वाला डिमान्ड ड्राफ्ट भारतीय स्टेट बैंक के शाखा के निविदा सूचनापोरांत निर्गत ही मान्य होगा।
- यदि निबंधित संवेदक के प्राधिकृत व्यक्ति द्वारा निविदा डाली जाती है तो निविदा के साथ मूल प्रति में इस आशय का शपथ पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा कि प्राधिकृत व्यक्ति (प्रतिनिधि) किसी आपराधिक मामले में सजायफ्ता नहीं है न किसी प्रकार का आपराधिक मामला दर्ज है। (प्राधिकृत व्यक्ति के द्वारा प्राधिकृत किया हुआ पत्र एवं शपथ पत्र साथ लाने पर निविदा (Hard Copy) लिया जाएगा)
- किसी अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द या स्थगित की जाती है तो परिमाण विपत्र की राशि (डिमान्ड ड्राफ्ट) के रूप में वापस नहीं की जायेगी।
- जिला के किसी विभाग द्वारा आवंटित कार्य का एकरारित अवधि बीत जाने के बाद लंबित नहीं होने संबंधी शपथ–पत्र (Affidavit) देंना अनिवार्य होगा।
- निविदा से संबंधित अन्य सूचनाओं एवं NIT के अन्य शर्तों के लिए भवन प्रमण्डल, डालटनगंज के सूचना पट्ट को देखा जा सकता है या कार्यालय अवधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है तथा परिमाण विपत्र में संलग्न नियम एवं शर्तों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

PR 311276 Building(23-24)D

कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, डालटनगंज

## एक नजर इधर भी

### मिलावटी मिठाइयों के बिना मनायें दीपावली

**दीपावली** और स्वादिष्ट मिठाइयों का चोली-दामन का साथ है। मिठाई के बिना दीपोत्सव का आनंद अधूरा है। जो इंसान मिठाई नहीं पसंद करता या फिर डाक्टरी सलाह पर इसका सेवन नहीं करता, वह भी दिवाली पर तो कम से कम एक-दो डिब्बे मिठाई के खरीद ही लेता है। इसकी वजह यह है कि लक्ष्मी पूजन के वक्त मिठाई का प्रसाद लक्ष्मी-गणेश को अर्पित करके वितरित किया जाना है। पर यह भी मानना होगा कि दिवाली पर जिस मात्रा में मिलावटी मिठाइयां बाजार में मिलने लगी है, उसके चलते मिठाई का आनंद लेने से पहले हर इंसान कई बार सोचने लगा है। सच में इस कारण घनघोर मिठाई प्रेमी भी अब मिठाई खाने से कतराने लगे हैं। वर्ना एक दौर था जब दिवाली से पहले हिंदू परिवारों में मिठाइयों पर विस्तृत चर्चा होती थी। पर मिलावटी मिठाइयों की बिक्री ने लोगों को मिठाई से दूर सा कर दिया है। युवा पीढ़ी तो अब वैसे भी मिठाई को लेकर कोई बहुत उत्साह नहीं दिखाती है। इस स्थिति के लिए उन हलवाइयों को ही दोषी मानना होगा जो चंद सिक्कों की खातिर मिठाइयां बनाते हुए भरपूर मिलावट करते हैं। मिलावटी मिठाइयां तो किसी की भी सेहत को खराब करने की गारंटी देती हैं। आप दीपावली से पहले इस तरह की खबरें जरूर ही पढ़ रहे होंगे कि मिठाई की दुकानों पर छापा मारा गया और वहां से मिलावटी मिठाई मिली। मिलावटी मिठाई बेचने वाले हलवाइयों पर क्या कार्रवाई हुई, यह तो बाद की बात है पर इन खबरों को पढ़कर मिठाई खाने वाले दूर भागने लगते हैं। मुझे याद है कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री अटल बिहरी वाजपेयी के घर में अतिथियों को दिल्ली की मशहूर दुकानों की मिठाइयां पेश की जाती थीं। वे खुद भी मिठाई प्रेमी थे। इंदिरा गांधी भी मेहमानों को स्वादिष्ट मिठाइयां खिलवाती थीं। अगर ये नेता अब होते तो इन्होंने भी अपने मित्रों और मिलने वालों का मुंह मीठा करवाना बंद कर दिया होता। मैं भी अब अपने मेहमानों को घर में बने खजूर गुड़ के लड्डू पेश करता हूँ। अपनी गौशाला की देसी गायों का शुद्ध बिलोया हुआ घी तो है ही। चने के बेसन के अलावा बाजरा, कंगनी, कुटकी और सांवा के आटे के लड्डू भी अद्भुत स्वादिष्ट होते हैं। बेशक पर्वों व खास अनुष्ठानों में मिठाई का बहुत महत्व होता है। दैनिक जीवन में मिठाई का सेवन भोजन के बाद किया जाता है। कुछ राज्यों में भोजन के पूर्व ही मिठाई पेश करने का रिवाज है। कुछ मिठाइयों को खाने का समय भी तय होता है जैसे जलेबी सुबह के समय खाई जाती है, तो रबड़ी रात में। कुछ मिठाइयां पर्वों से संबंधित होती हैं, जैसे गुझिया उत्तर भारत में होली पर बिकती है और पूर्वी भारत में तीज के पर्व पर हर घर में बनाई जाती है। उत्तर भारत में कलाकंद, काजू कतली, कालाजाम, गुलाब जामुन, घेवर, चमचम, जलेबी, बफी, तिलकुट, दाल हलवा, नारियल बफी, मिल्क केक, परवल की मिठाई, पेठा, पेड़ा, फिरनी वगैरह मिलती हैं। बताइये कि कौन इंसान होगा जिन्हें ये मिठाइयां पसंद न हो? इनका नाम सुनते ही मुंह से लार टपकने लगता है। पर दीपावली के मौके पर ये कितनी शुद्ध रूप से बनाई जाती हैं इसकी कोई गारंटी नहीं है। किसे नहीं पता कि दिवाली पर हमारे यहां मिलावट का बाजार खूब फलता-फूलता है। बाजारों में आपको खाने पीने की चीजों में सबसे ज्यादा मिलावट मिलेगी। दीपोत्सव पर मिलावटी मावा और मिलावटी मिठाइयों का बड़ा बाजार भी तैयार हो जाता है। दिल्ली के बाजार में ही इतना मावा या खोवा आ जाता है, जितना देशभर में उत्पादित दूध नहीं बना सकते! इसी कारण से बहुत सारे लोग मिलावट के चलते आजकल दिवाली पर मिठाई की जगह चॉकलेट्स, ड्राई फ्रूट या फिर नमकीन और कुकीज के गिफ्ट हैंपर देने लगे हैं। लेकिन, पूजा के लिए तो मिठाई लानी ही पड़ती है। ऐसे में मिठाई खरीदने से पहले ही आप भी नकली मिठाई की पहचान कर सकते हैं। मिठाई बनाते समय इसमें इस्तेमाल में होने वाले दूध, मावा, चांदी के वर्क, चीनी या तेल तक में भरपूर मिलावट की जाती है। जैसे चांदी के वर्क में एल्यूमीनियम प्रचुर मात्र में मिला दिया जाता है। दूध में यूरिया, रंग, वाशिंग पाउडर मिला देते हैं।


■ आर.के. सिन्हा

# प्रकाश सनातन ज्योतिर्गमय की आकांक्षा

**प्रकृति** विराट है। अनंत आयामी है। बहुरूपवती है। यह सदा से है। प्रतिपल नये रूप में होती है। सभी रूप दर्शनीय हैं लेकिन इसकी श्रेष्ठतम अभिव्यक्ति प्रकाश है। छान्दोग्य उपनिषद् के अनुसार 'प्रकृति का समस्त सर्वोत्तम प्रकाश रूप है।' सूर्य प्रकृति का भाग हैं। वैदिक वांग्मय में देवता हैं। सहस्त्र आयामी प्रकाशदाता हैं। जहां जहां प्रकाश की सघनता वहां वहां दिव्यता। वैदिक पूर्वज प्रकृति में भरी पूरी प्रकाश ऊर्जा का केन्द्रक न्यूक्लियस जानना चाहते थे-पृच्छामि तवां भुवनस्य नामिः। जिज्ञासा बड़ी है। कठोपनिषद्, मुण्डकोपनिषद् व श्वेताश्वतर उपनिषद् में उसी केन्द्र की बात कही गई है 'उस केन्द्र पर सूर्य प्रकाश नहीं। चन्द्र किरणों का भी नहीं। न विद्युत और न अग्नि लेकिन उसी एक ज्योति केन्द्र से यह सब प्रकाशित है।' अष्टावक्र ने राजा जनक को बताया कि वही एक ज्योति-ज्योर्तिएकं है। प्रकाश प्राचीन भारतीय दर्शन व विज्ञान की सनातन प्यास है। प्रकाश और ज्ञान पर्यायवाची हैं। अज्ञान अंधकार भी साथ साथ। वृहदारण्यक उपनिषद् के ऋषि ने प्रार्थना की 'तमसो मा ज्योतिर्गमय, असतो मा सद्गमय' - हम अंधकार से प्रकाश व असत से सत की ओर चलें। गीता में अर्जुन ने विराट रूप देखा, बोला 'दिव्य सूर्य सहस्त्राणि-सहस्त्रों सूर्यों का प्रकाश देख रहा हूं।' इसके पहले ऋग्वेद (10.156.4) के ऋषि ने कहा 'जन-जन को प्रकाश से भरने के लिए ही अग्नि ने अमर सूर्य को आकाश में बैठाया है।' प्रकाश उपास्य है और भारत की सनातन ज्योतिर्गमय आकांक्षा है। इसी का सांस्कृतिक आयोजन दीपावली है। दीपावली निराला प्रकाश पर्व है। रात्रि प्रकाशहीनता है। चन्द्र का अपना प्रकाश नहीं। वे सूर्य से प्रकाशित हैं। वे रात्रि में प्रकाश देने का प्रयास करते दिखाई पड़ते हैं। घटते बढ़ते हुए। पूर्णिमा पूर्ण है। पूर्वजों ने प्रत्येक पूर्णिमा में उल्लासपूर्ण प्रकाश अनुभूति देखी। शरद पूर्णिमा उल्लासपूर्ण उत्सव हो गई। शरद पूर्णिमा के ठीक 15 दिन बाद पूर्ण अंधकार वाली कार्तिकी अमावस्या। तब अंधकार भी अंधकार में अदृश्य रहता है। पूर्वजों ने इसी अमावस्या को झमाझम प्रकाश पर्व बनाया। भारत का शाब्दिक अर्थ प्रकाशरत है। भा का अर्थ प्रकाश और रत का अर्थ संलग्नता। दीपपर्व का मुख्य आयोजन अमावस्या की रात्रि होता है। अनेक मान्यताएं हैं। पूर्वजों ने इसे मधुमय आयोजन बनाया है। श्रीराम लंका विजय के बाद अयोध्या लौटे उनका स्वागत सहस्त्रों दीपों द्वारा हुआ था। 12 वर्ष के वनवास व एक वर्ष के अज्ञातवास के बाद पांडवों की वापसी हुई। कुछ लोग इसे भी दीपपर्व से जोड़ते हैं। दीपपर्व का उल्लेख पद्म पुराण व स्कंध पुराण में भी है। कठोपनिषद् में यम और नचिकेता के मध्य संसारी धन संपदा व वास्तविक ज्ञान पर प्रश्नोत्तरों की स्मृति को भी दीपपर्व से जोड़ा जाता है। इतिहासकार अलबेरूनी ने भी दीपावली का उल्लेख किया है। दीपपर्व का प्रकाश आनंद अचानक नहीं खिला। भारतीय परंपरा में दीपपर्व की निरंतरता है। 7वीं शताब्दी के संस्कृत नाटक नागनंद में इसे 'दीपप्रति पादुत्सव' कहा गया है। 9वी शताब्दी में राजशेखर ने काव्य मीमांसा में इसे दीपमालिका कहा है। इस पर्व की देवी श्रीलक्ष्मी हैं। कहा जाता है कि उन्होंने इसी रात पति रूप में विष्णु का वरण किया। लक्ष्मी और विष्णु का रूपक बड़ा प्यारा है। दोनो क्षीर सागर में सांप शैय्या पर हैं लेकिन शांत हैं। 'शान्ताकारं भुजग शयनं' आश्चर्यजनक है-सांप पर लेटना और शांत रहना। इसीलिए धन की देवी लक्ष्मी रिद्धि, सिद्धि, समृद्धि के विवेकाधीन कोष की स्वामी हैं। ऋग्वेद में समृद्धि भी देवी है। उनसे स्तुति है 'सामान्य धनी दोगुनी, तीन गुनी चार गुनी संपत्ति चाहते हैं। धन का निजी हित में प्रयोग करने वाले दण्डनीय हैं।' यहां धन के सामाजिक उपयोग पर जोर है। पश्चिमी अर्थशास्त्र में उद्यमी को 'साहसी' कहा गया है और लाभ को साहस का पुरस्कार। 'शुभ लाभ' भारतीय चिन्तन का विकास है। लाभ में टैक्सचोरी, मिलावट आदि भी है। शुभ लाभ में यह तत्व नहीं होते। प्रकाश राष्ट्रधर्म, अर्थ, काम और मोक्ष का संधान है। धन समृद्धि और ज्ञान प्रकाश पर भारत के प्रत्येक जन का अधिकार है। संप्रति देश के प्रत्येक गांव में विद्युत प्रकाश है। प्रत्येक घर को प्रकाशित करना कर्तव्य है। भारतीय जीवनदृष्टि प्रकाश अभीप्सु है। समाज तोड़क अलगाववादी प्रकाश धर्म पर आक्रामक हैं। अश्लील वाचन की शक्ति बढ़ी है। समता और समरसता अनिवार्य है। विभाजक सामाजिक अस्मिताएं चिन्ता का विषय हैं। हम सब अपना सामाजिक दायित्व निभाएं? पर्व, उत्सव और संगमन सांस्कृतिक उदात्त भाव में ही प्रकट होते हैं। किसी अमंगल मुहूर्त में दीपपर्व के साथ आतिशबाजी जुड़ी। संप्रति वायु प्रदूषण जानलेवा है। पटाखे वायु में जहर घोलते हैं। जुआ भी इस पर्व का हेय हिस्सा है। गणेश लक्ष्मी निश्चित ही आहतमन होंगे। उत्स मूल है। आनंदमय कोष इसका केन्द्र है। उत्सव इसी मूल उत्स से व्यापक होता है। आनंद का अतिरेक बढ़ता है। आनंद सबको आवृत करता है तब उत्सव बनता है। दीप राग का मूल है-अप्प दीपो भव। स्वयं दीप बनो। बुद्ध ने ढाई हजार वर्ष पहले यही कहा था। मध्यकाल में तुलसीदास रामचरित मानस उत्तरकाण्ड में 'विज्ञानदीप' प्रतीक लाये। वे सात्विक आस्तिकता को गाय कहते हैं। आस्तिकता की गाय से धर्ममय दूध दुहते हैं। धर्म से ठंढा करते हैं। फिर दही को विचार से मथते हैं-मुदिता मथै विचार मथानी। योग अग्नि पर तपाकर ज्ञान घृत निकालते हैं। चित्त के दीप में ज्ञान घृत डालते हैं फिर जागृति, स्वप्न और सुषुप्ति की बाती। तब विज्ञानमय दीप बनता है-एहि विधि लेसै दीप/तेज राशि विज्ञानमय। फिर विज्ञानमय बुद्धि पर समता का आधार बनाएं-समता दिअटि बनाइ। आधुनिक भारत में वैज्ञानिक दृष्टिकोण की महत्ता है। लेकिन समता समरसता का अभाव है। गरीबी की खाई गहरी है। समृद्धि के शिखर पहाड़ से भी ऊंचे हैं। हिंसा विश्वासी समूह संप्रभु गणतंत्र को चुनौती देते हैं। उनके पक्षकार बुद्धिजीवी कहे जाते हैं। प्रकाश पर्व की रस लब्धि नहीं होती।

**प्रकाश प्राचीन भारतीय दर्शन व विज्ञान की सनातन प्यास है। प्रकाश और ज्ञान पर्यायवाची हैं। वृहदारण्यक उपनिषद् के ऋषि ने प्रार्थना की 'तमसो मा ज्योतिर्गमय, असतो मा सद्गमय' - हम अंधकार से प्रकाश व असत से सत की ओर चलें। गीता में अर्जुन ने विराट रूप देखा, बोला 'दिव्य सूर्य सहस्त्राणि-सहस्त्रों सूर्यो का प्रकाश देख रहा हूं।' इसके पहले ऋग्वेद (10.156.4) के ऋषि ने कहा 'जन-जन को प्रकाश से भरने के लिए ही अग्नि ने अमर सूर्य को आकाश में बैठाया है।'**

इन दिनों



हृदयनारायण दीक्षित

# दयालुता मानवीय जीवन का सौन्दर्य है

**आज** दुनिया में प्रेम, करुणा, दया एवं उदारता रूपी संवदेनाओं का स्रोत सूखता जा रहा है। इनमें दया एवं दयालुता ही ऐसा मानवीय मूल्य है जिस पर मानव की मुस्कान छिपी है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो न केवल दूसरों के प्रति प्रेम जगाता है बल्कि ईश्वर के करीब भी ले जाता है। मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिये प्रतिवर्ष 13 नवंबर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है। दया मानव परिस्थितियों का मूलभूत हिस्सा है जो नस्ल, भाषा, धर्म, जाति, रंग, राजनीति और लिंग आदि की भावनाओं एवं अमीर-गरीब के भेद से परे है। ऐसे कई तरीके हैं जिनसे कोई व्यक्ति अपनी दयालुता प्रदर्शित कर सकता है और दूसरों को भी उसका अनुसरण करने के लिए प्रेरित कर सकता है। यह दिन समाज में अच्छी गतिविधियों, सेवा-परोपकार और दयालुता का भाव रखने वालों का सम्मान करने के लिए मनाया जाता है। दयालुता एक ऐसा भाव है जो हर मनुष्य के अंदर संवेदनशीलता एवं मानवीयता की अलख जगाते हुए हमेशा दयालु कार्य करने, हमेशा लोगों की मदद करने, हमेशा अच्छा करने का मौका देता है। क्योंकि यह न केवल हमारे अंदर बदलाव लायेगा बल्कि हमारे आसपास की दुनिया को भी बदल कर जीने लायक बना देगा। विश्व दयालुता दिवस की शुरूआत 1998 में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट संगठन द्वारा की गई थी, जिसकी स्थापना 1997 के टोक्यो सम्मेलन में दुनिया भर के दयालु संगठनों द्वारा की गई थी। साल 2019 में, इस संगठन को स्विस कानून के तहत एक आधिकारिक एनजीओ के रूप में पंजीकृत किया गया था। वर्तमान में वर्ल्ड किंडनेस मूवमेंट में 28 से अधिक राष्ट्र शामिल हैं जिनका किसी भी धर्म या राजनीतिक गतिविधियों से कोई संबद्धता नहीं है। इसे 1998 में विश्व दयालुता आंदोलन, राष्ट्रों की दयालुता वाले गैर सरकारी संगठनों के गठबंधन द्वारा पेश किया गया था। यह कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, नाइजीरिया और संयुक्त अरब अमीरात सहित कई देशों में मनाया जाता है। सिंगापुर ने पहली बार 2009 में यह दिन मनाया। इटली और भारत में भी यह दिन मनाया जाता है। यूके में, इसका नेतृत्व डेविड जेमिली ने किया, जिन्होंने लुईस बर्फिट-डॉन्स के साथ काइंडनेस डे यूके की सह-स्थापना की। 'हम जैसे भी है, अपने आप में बेहतरीन है और हमारी बेहतरी इसी में है कि हम दुनिया को बेहतर बनाये'- यही भावना, आत्मसम्मान और विश्वास जगाये और अपने गुण-दोषों का आंकलन करें। वास्तव में दया की भावना ही वास्तविक धर्म है। दलाई लामा ने कहा कि 'मैं इस आसान धर्म में विश्वास रखता हूं। मन्दिरों की कोई आवश्यकता नहीं, जटिल दर्शनशास्त्र की कोई आवश्यकता नहीं। हमारा मस्तिष्क, हमारा हृदय ही हमारा मन्दिर है, और दयालुता जीवन-दर्शन है।' इस दुनिया में दया से बढ़कर कुछ भी नहीं है। हालांकि यह सच है कि जघन्य अपराधों, आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, मिलावट की गतिविधियों के मामले दिन-ब-दिन बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि दयालुता अभी भी मौजूद है और दुनिया पर राज कर रही है। किसी ने एक बार कहा था कि 'दया उन लोगों को आशा दे रही है जो सोचते हैं कि वे इस दुनिया में बिल्कुल अकेले हैं। लेकिन हम दयालुता की बात क्यों कर रहे हैं? क्योंकि दयालुता की भावना ही यह परिभाषित करती है कि व्यक्ति अच्छा है या बुरा। एक व्यक्ति में यह गुण अवश्य होना चाहिए क्योंकि दूसरों के साथ व्यवहार करने का यही एकमात्र सही एवं प्रभावी तरीका है, जो सीधा मनुष्य के दिल को छूता है। यदि आप उन लोगों में से हैं जो दयालुता का कोई भी कार्य करने के बाद अच्छा महसूस करते हैं, तो आप समझते हैं कि वास्तव में दयालुता क्या है! 1990 के दशक के मध्य में, लघु दयालुता आंदोलन ने दुनिया भर से प्रतिभागियों को आमंत्रित करने के लिए एक सम्मेलन आयोजित किया और अपने-अपने देशों में शुरू किए गए दयालुता आंदोलनों के बारे में अपनी कहानियाँ साझा कीं। सम्मेलन सफल रहा और दूसरा सम्मेलन 1997 में आयोजित किया गया। इन सम्मेलनों ने विश्व दयालुता आंदोलन को बल मिला। विश्व दयालुता दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों, समाज और समुदाय को अच्छे काम करने और सभी के प्रति दयालु होने के लिए प्रोत्साहित करना है। साथ ही, यह दिन एक अनुस्मारक प्रदान करता है कि दयालुता के गुण में एक साथ रहने और एक दयालु दुनिया बनाने की शक्ति है जहां सभी लोग एक साथ काम कर सकते हैं, समानतापूर्वक एक साथ रह सकते है।

**मानव जीवन के इस सौन्दर्य एवं खूबसूरत भाव को बल देने के लिये प्रतिवर्ष 13 नवंबर को विश्व दयालुता दिवस के रूप में मनाया जाता है। विश्व दयालुता दिवस सकारात्मक शक्ति और दया की डोर पर आधारित हैं जो समाज में अच्छे कामों को उजागर करने के साथ हमें अच्छे, परोपकारी काम करने को प्रेरित करता है।**

■ ललित गर्ग

## है न विचित्र बात !

### आवारा पशुओं का बढ़ता आतंक

**हमारे** देश का सत्ता नेतृत्व देश के आमजन की सुरक्षा की चाहे जितनी बातें करे, अपनी तुलना स्वयंभू रूप से पश्चिमी देशों से करने लगे और इसी मुगालते में स्वयं को विश्व गुरु भी बताने लग जाये परन्तु हकीकत तो यह है कि हमारे देश में किसी भी साधारण व्यक्ति चाहे वह बच्चा बूढ़ा या जवान ,पुरुष महिला कोई भी हो वह कभी भी और कहीं भी सुरक्षित नहीं है। उसकी जान को हर समय खतरा बना रहता है। कब किसे सामने या पीछे से कोई छुट्टा सांड या गाय आकर उस पर हमला कर दे और उस हमले में उसकी जान तक चली जाये, कुछ पता नहीं। इसी तरह सड़कों पर घूमने वाले आवारा कुत्तों का आतंक भी एक राष्ट्रीय समस्या का रूप धारण कर चुका है। आश्चर्य की बात तो यह है कि ऐसे आवारा पशुओं के हमलों में भले ही किसी की जान क्यों न चली जाये परन्तु हमारे देश में इस से सम्बंधित कोई भी ऐसा कानून नहीं जिससे इस तरह के पशुओं के हमलों में घायल होने या इससे मौत हो जाने की दशा में किसी को जिम्मेदार ठहराया जा सके। बजाये इसके हर गली मोहल्लों में आपको गोवंश की रक्षा का दंभ भरने वाले और अपने पुण्यार्थ उसकी पूजा करने वाले कुछ लोग जरूर मिल जायेंगे। ऐसे लोग यदि गोवंश को रोटी अथवा ग्रास डालकर उन्हें अपने दरवाजे या गली में आने की आदत डालते हैं तो उन्हें गोवंश को रिहाइशी बस्तियों में न्योता दे कर इनसे होने वाले हादसों का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता बल्कि लोग इन्हें धार्मिक, गौसेवक और पशु प्रेमी के रूप में देखते हैं। इनके विरुद्ध किसी कानूनी कार्रवाई का भी प्रावधान नहीं है। जबकि दिन प्रतिदिन इन छुट्टा गोवंशों व आवारा कुत्तों की संख्या पहले की तुलना में काफी बढ़ती जा रही है इसी तरह पशु प्रेमियों में एक वर्ग है जो स्वयं को 'डॉग अथवा पेट् लवर्स ' कहलाता है। इनमें तमाम लोग तो अपने घरों में कुत्ते पालते हैं और सुबह सवेरे उन पालतू कुत्तों को लेकर अपने घर के आसपास के किसी प्लाट पर या किसी पड़ोसी के मकान के सामने उसे शौच कराते हैं। वहीं कुछ ऐसे 'पेट् लवर्स' भी हैं जो गलियों के आवारा कुत्तों को रोटी बिस्कुट आदि खिलाकर पुण्य के भागीदार बनने की कोशिश करते हैं। कई जगह तो सार्वजनिक पार्कों में कुछ लोग इन्हीं आजाद कुत्तों को रोटी बिस्कुट देकर उन्हें पार्कों में नेवता देते हैं। जिसकी वजह से ऐसे सार्वजनिक पार्कों में जगह जगह कुत्ते का शौच पड़ा रहता है। ऐसे ही आवारा कुत्ते रोजाना पूरे देश में अनेक लोगों की जान के दुश्मन बने भी दिखाई देते हैं। पूरे देश में प्रतिदिन ऐसे अनेक हादसे होते रहते हैं। पिछले दिनों ऐसा ही एक है प्रोफाइल मामला सुर्खियों में रहा जबकि प्रसिद्ध ब्रांड 'वाघ बकरी चाय' के मालिक तथा गुजरात टी प्रोसेसर्स एंड पैकर्स लिमिटेड के कार्यकारी निदेशक 50 वर्षीय पराग देसाई को उनके आवास के पास कुत्तों ने हमला कर दिया। देसाई सुबह की सैर पर निकले थे उसी समय उन पर कुत्तों के एक झुंड ने हमला बोल दिया। उन्होंने बचने के लिये भागने की कोशिश भी की। परन्तु कुत्तों ने उन्हें काट लिया और वे सड़क पर गिर पड़े जिससे उनके सर में चोट लग गयी। इस हादसे में घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परन्तु वे अपनी जान बचा नहीं सके और अस्पताल में ही उनका निधन हो गया। उनका कारोबार 2,000 करोड़ रुपये से अधिक है और उनकी कंपनी 5 करोड़ किलोग्राम से भी अधिक चाय बाजार में बेच रही है। इसी तरह पिछले दिनों उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के निकट मलिहाबाद कस्बे के रहीमाबाद और आसपास के गांवों में एक गली के एक काले कुत्ते ने केवल दो दिनों के भीतर 11 लोगों को काट लिया। इसकी वजह से आसपास के गांवों में काले कुत्ते की दहशत फैल गई थी।

■ निर्मल रानी

# भारत माता के लिए नंबर एक अर्थव्यवस्था बनने की मन्नत

**वैश्विक** स्तर पर भारत में मनाये जाने वाले अनेकों पर्वों का महापर्व दीपावली माना जाता है,जो केवल भारत में ही नहीं पूरी दुनियां के कोने-कोने में बसे भारतवंशियों द्वारा बहुत गहरी आस्था के साथ धूमधाम से मनाया जाता है। वैसे तो इस दीपावली पर्व की शुरूआत 10 नवंबर धनतेरस से शुरू होकर 5 दिन तक मनाया जाता है। परंतु मुख्य दिवस दीपावली लक्ष्मी पूजन पर्व 12 नवंबर 2023 को पूरी दुनिया में मनाई जायेगी परंतु अमेरिका के प्रसिद्ध प्रिंट मीडिया पेपर हम हिंदुस्तानी में दिये गये रिपोर्ट में कुछ दिन पहले से ही अमेरिका में रंगारंग कार्यक्रम कर दिवाली महोत्सव की शुरूआत कर दी गई है। वैसे भी भारत सहित दुनियां में रोशनी और प्रकाश पर्व दीपावली का इंतजार बेसब्री से किया जाता है, जिसकी तैयारी बहुत दिनों से की जाती है और मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए इस दिन कई मान्यताओं के अनुसार अपने-अपने विश्वास के साथ कुछ प्रथाएं अपनाई जाती है। हम मीडिया में देखेंगे तो मां लक्ष्मी को प्रसन्न करने के लिए अनेकानेक प्रथाओं को अपनाया जाता है, जिसका अपने-अपने स्तर पर एक महत्व हैं, परंतु दीप, रंगोली और लक्ष्मी पूजन यह तीन कार्य हर घर दुकान ऑफिस या मानवीय स्थान पर किये जाते हैं जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे। चूंकि दीपावली पर्व को मानने वाला हर व्यक्ति अपने परिवार की सुख समृद्धि के लिए मां लक्ष्मी गणेश का नमन वंदन करते हैं, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, दीपोत्सव के मौके पर गणेश लक्ष्मी मां की पूजन से, सुख समृद्धि खुशहाली कुबेर खजाना वह मंगलमय का आशीर्वाद प्राप्त होता है इसलिए आओ दीपावली पर्व 2023 पर मां लक्ष्मी से अपने लिए धन कुबेर और भारत माता के लिए नंबर एक अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की मन्नत मांगे। साथियों बात अगर हम दीपावली पर्व 12 नवंबर 2023 पर मां लक्ष्मी गणेशकी पूजा अर्चना करने की करें तो, दिवाली धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी का इसी दिन समुद्र मंथन से प्राकट्य हुआ था। यह कार्तिक मास की अमावस्या को मनाई जाती है। रात 12 बजे से प्रातःकाल तक का समय महानिशा काल कहलाता है। इस दिन लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु गणपति, सरस्वती, हनुमान जी का पूजन करना चाहिए। दिवाली की पूजा हमेशा स्थिर लग्न में करनी चाहिए। चार स्थिर लग्न के अलावा भी दो अन्य लग्न ऐसे हैं जिनमें पूजा की जा सकती है। शुभू मुहूर्त-प्रातःकाल 7:20 से 9:37 तक वृश्चिक लग्न। दोपहर 1:24 से 2:55 तक कुंभ लग्न। शाम को 6 बजे से 7:57 तक वृषभ लग्न। इस समय सभी लोगों को घरों में पूजा करनी चाहिए। शाम 7:57 बजे से रात 10:10 तक भी घरों में पूजा कर सकते हैं। अंतिम शुभ मुहूर्त अर्धरात्रि में 12:28 से लेकर 2:45 तक सिंह लग्न में है। जिन लोगों की पूजा किसी कारण से रह जाय वो अंतिम मुहूर्त में भी पूजन कर सकते हैं। माना जाता है कि इस पर्व पर की गई लक्ष्मी पूजा से घर-परिवार में सुख समृद्धि बनी रहती है। लक्ष्मी जी की पूजा में कुछ खास बातें ध्यान रखी जाएं तो पूजा का फल जल्दी मिल सकता है। हिंदू धर्म में दिवाली का विशेष महत्व है। दिवाली के पर्व को अंधकार पर प्रकाश की विजय के रूप में मनाते हैं। इस दिन मां लक्ष्मी के साथ गणेश की जी विधिवत पूजा की जाती है। दिवाली के दिन पूजा करने के साथ-साथ कुछ ज्योतिषीय उपाय करना भी लाभकारी माना जाता है। सुखी और समृद्ध जीवन के लिए दीपावली के दिन इन उपायों को करने से लाभ होगा ।दिवाली के दिन मां लक्ष्मी गणेश जी की नई मूर्ति स्थापित करने के साथ-साथ गणेश-लक्ष्मी यंत्र की स्थापना कर सकते हैं। समृद्धि और बुद्धि के देवता भगवान गणेश को माना जाता है इसकी साथ ही धन-ऐश्वर्य और भाग्य की देवी मां लक्ष्मी है। ऐसे में दिवाली के दिन इस जादुई यंत्र को घर में स्थापित करने से आपकी आय, लाभ, धन और भाग्य दोगुनी हो सकती है। माता लक्ष्मी की आराधना का पर्व दीपावली है, इस दिन लोग धन-धान्य और अन्य चीजों की कामना के लिए भगवान श्री गणेश और माता लक्ष्मी की पूजा करते हैं। इसके अलावा लोग भगवान कुबेर और अलग-अलग देवी-देवताओं की भी पूजा करते हैं। लेकिन अगर इस दिन अपने घर की लक्ष्मी की पूजा की जाए तो भी लोगों को मनोवांछित वर का लाभ मिल सकता है। आचार्य बताते हैं कि दीपावली के दिन लोगों को अपने घर की लक्ष्मी की भी पूजा करनी चाहिए। घर की लक्ष्मी की आराधना करने से लोगों को सभी मनोवांछित वर की प्राप्ति होती। एक जानकार बताया कि घर की लक्ष्मी को भी माता लक्ष्मी के बराबर ही माना जाता है और इस दिन अहोरात्रि यानी पूरी रात उनकी पूजा करनी चाहिए। इसके लिए लोगों को चाहिए कि वह अपने घर की लक्ष्मी जिसमें उनकी पत्नी, बेटी, बहन या कोई भी महिला हो सकती है।' उन्हें पूरी तरह से तैयार करके किसी आसन पर विराजमान कर दें, फिर उन्हें 16 श्रृंगार कर दें। इसके उपरांत उनके पास धूप, दीप आदि जलकर उनकी पूजा करें। उन्हें किसी मेवा या प्रसाद का भोग लगाये। उन्होंने बताया कि ऐसा करने से जो भी कामनाएं मन में रखी होती है, वह अवश्य पूरी होती है, क्योंकि स्त्रियां भी माता लक्ष्मी का ही रूप मानी जाती है और दीपावली के दिन स्त्रियों का काफी महत्व होता है। ऐसा करने से मां लक्ष्मी को प्रसन्न होती है और वह लोगों को उनकी मनोवांछित कामनायें का लाभ अवश्य देती हैं। बताया कि इस दिन घर के सभी गहने जेवर की भी पूजा करनी चाहिये इसके लिए घर के सोना चांदी आदि से बने जेवरात को किसी बर्तन में निकाल कर पूजा स्थल पर रख दें। उन्होंने बताया कि सोने में भगवान विष्णु का वास होता है। जबकि चांदी में माता लक्ष्मी का वास होता है। इसलिए सोने चांदी का महत्व दीपावली के दौरान काफी होता है और इन जेवरात की पूजा करने से भी भगवान विष्णु प्रसन्न होते है। साथियों बात अगर हम दीपावली महोत्सव में 5 दिनों तक दीप जलाने की करें तो, जिस दीपदान का जिक्र करते ही पूजा-पाठ, धार्मिक आस्था या फिर किसी मांगलिक कार्य का आभास होता है, उसका हिंदू धर्म में आखिर क्या महत्व है? किस कामना के लिए किस तरह दीपदान किया जाता है। हिंदू धर्म में पूजा-पाठ एवं मांगलिक कार्यों के दौरान दीपक को जलाने का बहुत ज्यादा महत्व माना गया है। हिंदू मान्यता के अनुसार दीये के प्रकाश से न सिर्फ अंधेरा बल्कि नकारात्मकता भी दूर होती है। दीये को शुभता और सौभाग्य का कारण माना गया है। यही कारण है कि न सिर्फ दीपावली बल्कि अन्य प्रमुख पर्वों पर तमाम कामनाओं को लिए हुए लोग दीपदान करते हैं। दीपदान के धार्मिक लाभ हिंदू मान्यता के अनुसार दीपदान करने पर जो पुण्यफल प्राप्त होता है, उससे व्यक्ति को सुख-सौभाग्य के साथ धन-धान्य और आरोग्य की प्राप्ति होती है। मान्यता है दीपदान के पुण्यफल से आकाल मृत्यु का भय और नवग्रहों का दोष दूर होता है।

**कार्तिक मास की अमावस्या को मनाई जाती है। रात 12 बजे से प्रातःकाल तक का समय महानिशा काल कहलाता है। इस दिन लक्ष्मी के साथ भगवान विष्णु गणपति, सरस्वती, हनुमान जी का पूजन करना चाहिए। दिवाली की पूजा हमेशा स्थिर लग्न में करनी चाहिए। चार स्थिर लग्न के अलावा भी दो अन्य लग्न ऐसे हैं जिनमें पूजा की जा सकती है। शुभू मुहूर्त-प्रातःकाल 7:20 से 9:37 तक वृश्चिक लग्न। दोपहर 1:24 से 2:55 तक कुंभ लग्न। शाम को 6 बजे से 7:57 तक वृषभ लग्न। इस समय सभी लोगों को घरों में पूजा करनी चाहिए। शाम 7:57 बजे से रात 10:10 तक भी घरों में पूजा कर सकते हैं।**

■ किशन भावनानी गोंदिया

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट। - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# अंधकार पर प्रकाश की विजय दीपावली

दीपावली पर्व को घर के चारों ओर दीये और मोमबत्तियां जलाकर मनाया जाता है। यह अंधकार पर प्रकाश की विजय और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। दिवाली दुनिया भर के हिंदुओं के लिए एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह बुराई पर अच्छाई की, अज्ञान पर ज्ञान की और निराशा पर आशा की जीत का जश्न मनाने का समय है। दिवाली दीपों का त्योहार होने के कारण सभी के मन को आलोकित करता है इस त्यौहार के आने से सभी घरों में अलग ही रौनक उत्पन्न हो जाती है। दीपावली के दिन रात्रि में माता लक्ष्मी की पूजा की जाती है और उनसे प्रार्थना की जाती है की वे हमेशा हमारे ऊपर अपनी कृपा बनाये रखें। दिवाली में विभिन्न प्रकार की मिठाई और स्वादिस्ट व्यंजन बनाये जाते है खील-बताशे का प्रसाद दिवाली के त्योहार में चढ़ाया जाता है। फुलझड़ी, पटाखे आदि तरह के पटाखों को दिवाली में जश्न के रूप में फोड़ा जाता है। असंख्य दीपों की रंग-बिरंगी रोशनियां मन को अपने तरफ आकर्षित कर लेती है बाजारों दुकानों, और घरों की सजावट दर्शनीय रहती है। इस त्योहार में अमीर-गरीब का भेदभाव को भूलकर मिल जुलकर



त्योहार को मनाते है। दीपावली भारत देश के सभी नागरिकों का खुशियों का त्योहार है, दीपावली के शुभ अवसर पर प्रत्येक घर में भगवान गणेश और लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। भारत देश के निवासी दिवाली के त्योहार को किसी अन्य देश में रहने पर भी बड़े धूमधाम से मनाते है। दिवाली को भारत में 2 दिन मनाया जाता है। इस दिन पुरे भारत देश में विभिन्न प्रकार की कलर-फुल लाइटों और दीयों से घर को सजाया जाता है दीपावली के त्योहार के कुछ समय पहले लोगों के द्वारा घर में साफ सफाई का कार्य किया जाता है विभिन्न लोगों के द्वारा तो आपने घरों में विभिन्न प्रकार की सजावटें की जाती है। अन्य धर्मों के द्वारा भी इस त्योहार को अलग-अलग रूप में मनाया जाता है। बड़ी उत्सुकता के साथ सभी नागरिकों के द्वारा इस त्योहार का इन्तजार किया जाता है। ऐसा भी माना जाता है कि इसकी शुरूआत तब हुई जब देवताओं और राक्षसों के समुद्र मंथन के बाद देवी लक्ष्मी का जन्म हुआ। भारत के पश्चिमी और कुछ उत्तरी क्षेत्र नए हिंदू वर्ष की शुरूआत को चिह्नित करने के लिए दिवाली मनाते हैं। दिवाली एक ऐसा त्योहार है जहां लोग सरस्वती, लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा करते हैं। इस दिन देवी लक्ष्मी की पूजा करने से सफलता और धन की प्राप्ति होती है। लोगों ने शाम की पूजा के बाद रोशनी फैलाने के लिए मोमबत्तियां और दीये जलाए। छुट्टियों की तैयारी के लिए दिवाली से कई दिन पहले घरों, दुकानों और कार्यस्थलों की सफाई शुरू हो जाती है। इसके अतिरिक्त, कई लोग अपने घरों को सजाने के लिए रंगोली और जीवंत रोशनी का उपयोग करते हैं। सभी पर्व एवं उत्सवों के अपने सामाजिक धार्मिक एवं आर्थिक महत्व होते है दिवाली को मनाने का भी आर्थिक महत्व हैं। कार्तिक अमावस्या की लक्ष्मी पूजा के बाद ही व्यापारी लोग अपने नये बही खाते की शुरूआत करते हैं। सेठ साहूकारों द्वारा इस दिन तक अपने वर्ष भर के उधारी हिसाब किताब को पूरा करने का यत्न किया जाता हैं। धनतेरस से ही बाजार की सभी दुकाने पटाखे, मिठाइयों तथा कपड़ों से सज धज जाती हैं। दुकानदार तथा कम्पनियां ग्राहकों को आकर्षक ऑफर देती हैं। इस तरह से सोने चांदी, वाहनों, कपड़े तथा मिठाई में साल भर की सबसे अधिक बाजार में तेजी दीवाली के उत्सव पर ही होती हैं।

❖ वेद प्रकाश

## दीपावली को दिवाली भी कहा जाता है

दीपावली त्योहार, हर साल, केवल पलामू में ही नहीं बल्कि दुनिया भर के भारतीय समुदायों में विशेष आनंद और उत्सव के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार जीवन की एक महत्वपूर्ण सीख का प्रतीक है कि अच्छाई हमेशा बुरी प्रवृत्ति पर विजय प्राप्त करेगी। दिवाली से कई हफ्ते पहले से ही इसकी तैयारियां शुरू हो जाती हैं। तैयारी शुरू करने के लिए, लोग अपने घर और कार्यस्थल की सफाई शुरू कर देते हैं। इसके बाद लोग अपने घरों और कार्यालयों को रोशनी, लैंप, फूलों और अन्य सजावटी तत्वों से सजाते हैं। यह त्योहार हर घर में खुशियों की सौगात लाता है और इस दिन हर घर में भगवान गणेश और लक्ष्मी की पूजा की जाती है। यूं तो दीवाली एक पांच दिनों का त्योहार है जहां हर एक दिन का एक अलग महत्व है लेकिन आमतौर पर 2 दिन सबसे खास होते हैं - छोटी दिवाली और दिवाली। आमतौर पर दिवाली का त्योहार अक्टूबर के मध्य से नवंबर के मध्य में पड़ता है। दीपावली शब्द का अर्थ होता है दीपों की श्रृंखला यह शब्द बना है दीप और आवली को जोड़ कर जिन्हें संस्कृत भाषा के शब्दों से लिया गया है। दीपावली को दिवाली या



दीवाली भी कहा जाता है। दिवाली के त्योहार के समय कुछ अलग ही प्रकार की रौनक देश में दिखाई देती है यह सभी लोगों का एक महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक त्योहार है लोगों के द्वारा दिवाली को खुशी के रूप में मनाया जाता है। दिवाली के त्योहार को बड़ी शांति और सद भावना के साथ मनाये। पटाखों के जलाने से प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती है और यह सबसे बड़ी गंभीर समस्या है। इस दिवाली आओ मिलकर सभी यह संकल्प लें की प्रकृति के लिए कुछ उपहार भेंट करें और यह उपहार आप पटाखों का उपयोग न करके कर सकते है। पटाखों की आवाज सुनकर बहुत से बेजबान जानवर भी इनकी आवाजों से डर जाते है और घर के बुजुर्ग लोग भी पटाखों की ध्वनि से परेशान हो जाते है। और इसकी आवाज से ध्वनि प्रदूषण की उत्पत्ति होती है। देश के छोटे व्यापारियों और कुम्हारों को आर्थिक रुप से सुदृढ़ बनाकर देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में हम उनकी मदद करने के लिए इलेक्ट्रिक लाइटों का प्रयोग न करके अधिक से अधिक दीयों का प्रयोग कर सकते है। और इस तरीके से दिवाली पारस्परिक रूप से मनाई जाएगी। दिवाली खुशियों का त्योहार है अपने मनोरंजन और आनंद के लिए कभी भी किसी बेजबान जानवरों और प्रकृति को हानि ना पहुंचायें। हम सभी लोगों का यह कर्तव्य है की लोगों को दिवाली किस तरीके से मनानी चाहिए उसके लिए जागरूक करना।

❖ गुड्डू कुमार

## दीपावली रौशनी के साथ आपसी प्रेम का त्योहार भी है

दीपावली बुराई पर अच्छाई और अंधकार पर प्रकाश की जीत का प्रतीक है। इस दिन लोग अपने घरों को दीपों और रंगोली से सजाते हैं,व मिठाई एवं उपहारों का आदान-प्रदान करते हैं। समृद्धि के लिए देवी लक्ष्मी की विशेष पूजा की जाती है और विघ्नहर्ता भगवान गणेश की भी साथ ही पूजा अर्चना होती है। दीपावली सिर्फ रौशनी का नहीं बल्कि आपसी प्रेम का त्योहार भी है। यह परिवारों को एक साथ लाती है, व खुशियां फैलाती है। इस दिन सभी लोगों के द्वारा नए-नए कपड़े भी पहने जाते है यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी माना जाता है। दिवाली में दुकानों को बाजारों में लाइटों से खूब सजाया जाता है।

दिवाली के शुभ अवसर में हिन्दू कैलेंडर के अनुसार सूर्यास्त होने के पश्चात भगवान गणेश और माता लक्ष्मी जी की पूजा की जाती है। यह पूजा धन की प्राप्ति और स्वस्थ जीवन के लिए की जाती है लक्ष्मी जी के आवागमन के लिए उस दिन घरों में रंगोली भी बनाई जाती है और लक्ष्मी जी की पूजा के लिए लक्ष्मी आरती की जाती है। भगवान गणेश की पूजा करने के लिए गणेश आरती की जाती है। दिवाली त्योहार देश में बच्चे और बड़े सभी लोगों का पसंदीदा त्योहार है। दिवाली पूरे पलामू सहित पूरे भारत में बड़े उत्साह और खुशी के साथ मनाई जाती है। लोग इस त्योहार की तैयारी हफ्तों पहले से ही शुरू कर देते हैं। वे अपने घरों को साफ करते हैं, उन्हें रोशनी और रंगोलियों से सजाते हैं और नए कपड़े खरीदते हैं। दिवाली की रात, लोग अपने घरों और कार्यालयों के चारों ओर दीये और मोमबत्तियां जलाते हैं। वे धन और सौभाग्य का आशीर्वाद पाने के लिए लक्ष्मी पूजा भी करते हैं। पूजा के बाद, लोग अपने परिवार और दोस्तों के साथ उपहारों का आदान-प्रदान करते हैं। लोग स्वादिष्ट भोजन और मिठाइयां बनाते हैं और उन्हें अपने प्रियजनों के साथ बांटते हैं। सभी परिवारों और दोस्तों के एक साथ आने और जश्न मनाने का समय है। लोग अपने घरों को साफ करते हैं और सजाते हैं, नए कपड़े खरीदते हैं और स्वादिष्ट भोजन तैयार करते हैं। दिवाली की रात, लोग दीये जलाने, लक्ष्मी पूजा करने और उपहारों का आदान-प्रदान करने के लिए इकट्ठा होते हैं। दिवाली परिवारों और दोस्तों के एक साथ आने और जश्न मनाने का समय है। यह सभी गिले-शिकवे भूल कर नई शुरूआत करने का समय है। दिवाली आनंद और खुशियां फैलाने का भी समय है। दिवाली के अवसर पर समृद्ध घर-परिवार के लोग दान देते हैं और जरूरतमंदों की मदद करते हैं।

❖ कुमारी रिया

## विद्युत झालरों की जगह दीपों का उपयोग करें

दीपावली का त्योहार बच्चों के लिए अधिक महत्व रखता है क्योंकि दीपावली का नाम सुनते ही बच्चों के मन में मिठाई, खिलौने, कपड़े, पटाखे आदि के बारे में विचार आने शुरू हो जाते हैं। यह त्योहार की तैयारियां बहुत से लोग दीपावली से नौ या दस दिन पहले ही करना शुरू कर देते हैं। दीपावली से पहले लोग अपने घरों की साफ-सफाई के साथ-साथ अपने घरों की लिपाई-पुताई करवाते हैं। लोग अपने घर की साज सज्जा के लिए सभी प्रकार के सामान खरीदते हैं। दीपावली के त्योहार पर लोग नए बर्तन, कपड़े, खिलौने, मिठाईयां, पटाखे, रंगोली के रंग आदि खरीदते हैं। जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर मौज मस्ती करते दिखते हैं।

बच्चों के लिए आतिशबाजी और पटाखों को लेकर उन्हें सावधानी बरतनी बहुत ही जरूरी होता है। दीपावली के त्योहार का जितना धार्मिक महत्व होता है उतना ही इसका आर्थिक महत्व भी होता है। क्योंकि दीपावली के त्योहार पर लोग बहुत सी चीजें खरीदते हैं। जिससे बाजारों में बहुत अधिक भीड़



होती है। दीपावली के दिन लोग नए कपड़े, घर का सामान, उपहार, आभूषण आदि खरीदते हैं क्योंकि आज के दिन खरीददारी और खर्च करने को बहुत अधिक शुभ माना जाता है जो धन और समृद्धि की देवी लक्ष्मी जी के आगमन का संकेत होता है। इस दिन को भारत में सोना और आभूषण खरीदने का दिन माना जाता है क्योंकि आज के ही दिन सभी लोग अपने खर्च की चरम सीमा पर होते हैं। साथ ही लोग अलग-अलग तरह की मिठाईयां और पकवान बनाते हैं, अपने घरों पर दीए और मोमबत्ती लगाकर घर को सजाते हैं। हम सब ही जानते हैं कि दीपावली पर पटाखों और भारी आतिशबाजी के कारण काफी ज्यादा मात्रा में प्रदूषण उत्पन्न होता है। हमें इस बात को समझना होगा की दीपावली के त्योहार का अर्थ दीप और प्रकाश है, ना कि पटाखे फोड़ना है। हम सब को मिलकर पटाखों का उपयोग ना करके हरित दीपावली मनाने का संकल्प लेना चाहिए और यह दीपावली पर हमारे द्वारा प्रकृति को दिया जा सकने वाली सबसे बड़ी भेंट होगी। छोटे विक्रेताओं से समान खरीदकर हम उनकी आजीविका बढ़ाने में मदद कर सकते हैं क्योंकि हमारी तरह इन्हें भी वर्ष भर इस त्योहार का इंतजार होता है। ताकि वे अपने द्वारा की गई तैयार वस्तुओं को बाजार में आकर बेच सकें। इलेक्ट्रिक झालरों की जगह दीपों का अधिक उपयोग करके हम हमारे देश के छोटे व्यापारियों और कुम्हारों को आर्थिक रुप से सुदृढ़ बनाकर देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में मदद क्र सकते है और साथ-ही-साथ दीपावली के पारंपरिक रुप को भी बनाए रखने में योगदान दे सकते हैं। हममें से कई लोग दीपावली के त्योहार की साज-सज्जा, पटाखों और उत्सव मनाने में काफी अधिक मात्रा में धन व्यय करते हैं। अगर हम चाहे तो इन चीजों में कुछ कटौती करके या अपने पास से कुछ अधिक खर्च निकालकर कुछ गरीबों और जरूरतमंद लोगों को कंबल, मिठाइयां और उपहार जैसी चीजें बांटकर उनके चेहरों पर खुशियां ला सकते हैं।

❖ सुरेन्द्र कुमार

## दीपों की पंक्ति या दीपों से सजी हुई पंक्ति दीपावली

दीपावली दो शब्दों से मिलकर बना है जो संस्कृत से लिया गया है जिसका अर्थ होता है दीपों की पंक्ति या दीपों से सजी हुई पंक्ति। इस दिन बहुत सारे दीप और मोमबत्तियां जलाई जाती हैं। जिसकी वजह से इस दिन को रौशनी का त्योहार और दीपोत्सव भी कहा जाता है। हमें इस बात को समझना होगा की दीपावली के त्योहार का अर्थ दीप और प्रकाश है, ना कि पटाखे फोड़ना है। हम सब को मिलकर पटाखों का उपयोग ना करके हरित दीपावली मनाने का संकल्प लेना चाहिए। कुछ राज्यों में पटाखों के उपयोग को लेकर या तो समय सीमा तय कर दी गयी है। फिर इसे पूर्ण रुप से प्रतिबंधित कर दिया गया है। कई लोग सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को भी धार्मिक रंग देने लग जाते है, ऐसे लोगों को हमें समझाना होगा कि छोटे-छोटे फैसलों से ही बड़े परिवर्तन प्राप्त होते हैं। लोगों में जागरूकता लाकर ही हम पटाखों के प्रतिबंध को सफल बना सकते हैं और प्रदूषण मुक्त पर्यावरण में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। दिवाली इस बात पर प्रकाश



डालती है कि हम वास्तव में कौन हैं। दिवाली की रोशनी हमारे सभी बुरे इरादों और विचारों को मिटाने और अधिक गहन, आंतरिक रोशनी के लिए आगे बढ़ने का समय भी दशार्ती है। दिवाली का त्योहार आत्मा के पुनर्जन्म का प्रतिनिधित्व करता है। दिवाली के दौरान, व्यक्ति को एक स्वस्थ और नैतिक व्यक्ति बनने के लिए बदलाव करने की प्रेरणा मिलती है, जो काम में अधिक आध्यात्मिक और उत्पादक होता है। दीपावली की तैयारी कई दिनों से शुरू कर दी जाती हैं। जिसकी शुरूवात घर की साफ सफाई से की जाती हैं। त्यौहार की खुशी में साल भर का कूड़ा घर से बाहर कर दिया जाता हैं। कहते है लक्ष्मी साफ सुथरे स्थान में ही रहती है, इसलिए लोग अपने पूरे घर की विशेष सफाई करवाते है। घरो का रंग रोगन किया जाता हैं और तरह- तरह से घर की सजावट की जाती हैं। दीपावली में पकवानों का विशेष महत्त्व हैं विशेष तरह के मीठे तथा नमकीन पकवान बनाये जाते हैं। जिसका विचार कई दिनों से कर लिया जाता हैं। दीपावली में नयें वस्त्रों का महत्व हैं परिवार का हर व्यक्ति नये कपडे पहनकर पूजा करता हैं। कई उपहार खरीदे जाते हैं जिन्हें दोस्तों, रिश्तेदारों में प्रेम के साथ दिया जाता है। जिससे रिश्ते की डोर मजबूत होती हैं। घर तथा अन्य जगह काम करने वाले कर्मचारियों को भी उपहार दिए जाते हैं। आज के आधुनिक वक्त में दीपावली भी आधुनिक तरीके से मनाई जाती हैं उच्च परिवार कई दिनों तक विशेष पार्टी करता हैं जिसमे वे सभी से मुलाकात करते हैं जिनसे पारिवारिक, व्यापारिक एवम अन्य संबंध बेहतर बनते हैं।

❖ ओम प्रकाश प्रजापति

## दिये, मोमबत्ती, लड़ी लगाकर अपने घरों को सजाते हैं

जब हम किसी पर्व या उत्सव को मनाते हैं तो उसे मनाते समय हमें उसके आरंभ और उद्देश्य के बारे में सोचने और याद करने में बहुत आसानी होती है।दीपावली आने की खुशी में लोग अपने घरों, कार्यालयों, दुकानों और कारखानों में अच्छी तरह से साफ-सफाई करते हैं जिससे उनके जीवन के हर अंधेरे को दूर करने के लिए लक्ष्मी जी उनके जीवन में प्रवेश करें। रात के समय लोग नहा-धोकर नए कपड़े पहनते हैं जिसके बाद समय के साथ लक्ष्मी पूजन करके गणेश, लक्ष्मी और सरस्वती जी को याद किया जाता है। साथ ही इस दिन मजेदार स्वादिष्ट व्यंजन खाते हैं और पटाखे जलाकर इस दिन को बहुत ही खास बना देते हैं। इस दिन सभी जगहों चाहे वह सरकारी कार्यालय हो या सडक सभी को साफ करके अच्छी तरह से सजाया जाता है। प्राचीन काल में संस्कृत भाषा अधिक बोली जाती थी जिसकी वजह से उस समय इस दिन को संस्कृत भाषा में दीपावली का नाम दिया गया था क्योंकि इसका अर्थ दीपों की पंक्ति है जो अयोध्यावासियों ने दीपों को पंक्तियों में जलाकर सिद्ध किया था इसी वजह से इस दिन को दीपावली के नाम से जाना जाता है। भारत में बहुत से त्यौहार मनाए जाते हैं लेकिन हिंदुओं का पर्व दीपावली बहुत अधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि यह पर्व हमें उसके आदिकाल में ले जाता है। इस पर्व को मनाने के पीछे बहुत से धार्मिक और आर्थिक महत्व छुपे हुए हैं। दीपावली त्योहार को मनाने के पीछे का उद्देश्य है भारत में सामाजिक एकता को बढ़ावा देना क्योंकि इसमें सभी लोग आपसी भेदभाव भूलकर एक-दूसरे के गले लगकर मिलते-जुलते नजर आते है। दीपों के त्योहार को दीपावली को अलग-अलग नामों से जाना जाता है जो बहुत ही आनंद और उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार इतना पवित्र और महत्व वाला होता है कि किसी भी व्यक्ति को न्य जीवन जीने के लिए उत्साह प्रदान करता है।

❖ ओपी

## दीपावली का त्योहार : देश ही नहीं विदेशों में भी दर्शा रहा है उत्साह

दीपावली के त्योहार का एक दूसरा पहलू भी होता है। जिसे हम जाने-अनजाने हर साल बढ़ावा देते रहते हैं। दीपावली को सिर्फ भारत देश में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी बहुत ही उत्साह और महत्व के साथ मनाया जाता है। प्रत्येक समाज त्योहारों के माध्यम से अपनी खुशी एक साथ प्रकट करता है। भारत एक ऐसा देश है, जहां सबसे ज्यादा त्योहार मनाये जाते हैं, यहां विभिन्न धर्मों के लोग अपने-अपने उत्सव और पर्व को अपनी परंपरा और संस्कृति के अनुसार मनाते हैं। कई हिस्सों में नए साल की शुरूआत मानी जाती है। दिवाली पांच-दिवसीय उत्सव माना गया है। पहले दिन के उत्सव को धनतेरस कहा जाता है। यह दिन नई चीजें, खासकर सोना और चांदी खरीदने के लिए यह एक शुभ दिन माना जाता है। दूसरा दिन नरक चतुर्दशी या छोटी दिवाली है। यह बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाने का दिन है क्योंकि इस दिन बुरी आत्माओं को दूर रखने के लिए विशेष अनुष्ठान किये जाते हैं। तीसरे दिन, रावण को हराने के बाद भगवान राम की अपने राज्य अयोध्या में वापसी का जश्न है। इस दिन देवी लक्ष्मी और भगवन गणेश की भी पूजा की जाती है। और चौथा दिन गोवर्धन पूजा है। मान्यता है कि इस दिन भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाया था। भैया दूज दिवाली का 5वां और अंतिम दिन है। यह भाइयों और बहनों के बीच के बंधन का जश्न मनाने का दिन है। बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक लगाती हैं और उनकी लंबी उम्र और खुशहाली व सुख-समृद्धि का त्योहार है। इसमें दीपों की रौशनी, पटाखों का खेलना और सजावटी अच्छे खासी खाना-पीना शामिल होता है। यह धर्मिक त्योहार होने के साथ-साथ सामाजिक महत्व भी रखता है, लोग मिलकर खुशियों का जश्न मनाते हैं। दिवाली का मुख्य संकेतिका अर्थ है अच्छाई की विजय, ज्ञान की जीत और अंधकार से प्रकाश की ओर प्राणी का मार्गदर्शन। इसे 'लक्ष्मी पूजा' के रूप में भी जाना जाता है, जिसमें लक्ष्मी माता की पूजा की जाती है। दिवाली के दिन लोग नए कपड़े पहनते हैं और अपने घरों को सजाते हैं। सभी वर्गों के लोग इसे खुशी खुशी मनाते हैं, चाहे वह बच्चे हों या बड़े। इस त्योहार के माध्यम से मानवता में सद्गुणों को प्रमोट करने का संकेत भी दिया जाता है। दिवाली के इस आदर्शिक मौके पर लोग दुश्मनी को छोड़कर प्यार और सदयता की ओर बढ़ते हैं।

❖ डौली कुमारी

## एक दीपक काले अंधकार को प्रकाश में बदल सकता है

दिवाली उत्सव देवी लक्ष्मी की घरों में पूजनीय आगमन का प्रतीक है। कई लोगों का मानना है कि वह आने वाले वर्ष में उन्हें धन और समृद्धि का आशीर्वाद देंगी। हम पलामू जिले में रहते हैं जिसे अलग-अलग धर्मों में एकता, संस्कृति, रीति-रिवाजों और अलग-अलग उत्सवों की वजह से जाना जाता है। पलामू जिले में सभी धर्मों के त्योहारों को महत्व दिया जाता है जिस प्रकार हिंदुओं के पर्व दीपावली को महत्व दिया जाता है। दीपावली का अर्थ होता है दीपों की पंक्ति जिसमें दीयों को एक पंक्ति में जलाया जाता है। इस दिन के महत्व के रूप में लोग यह कहते हैं कि अगर इस दिन घरों, दुकानों और कार्यालयों की अच्छी तरह से साफ-सफाई की जाए तो लक्ष्मी जी का प्रवेश होता है। इस दिन को बेहतर बनाने के लिए लोग नए कपड़े, पटाखे, बर्तन, साज-सज्जा के सामान खरीदते हैं। दीपावली के दिन लोग नए कपड़े पहनकर सबसे पहले लक्ष्मी पूजन करते हैं जिसके बाद सभी लोग आपस में गले मिलते हैं और मिठाईयां बांटते हैं। बच्चे पटाखे जलाकर अपनी खुशी व्यक्त करते हैं। अपने घरों को रोशनी, मोमबत्तियों और दीयों से सजाते हैं कि कैसे रोशनी दुनिया से अंधेरे को मिटाने की शक्ति रखती है। दीपावली के त्योहार को मनाने का तरीका और पूजन विधी हर जगह लगभग एक समान ही होती है। फिर भी ऐसे कई कार्य है जिनके द्वारा हम दीपावली के



त्योहार को हम ना सिर्फ अपने लिए मंगलकारी बना सकते हैं बल्कि दूसरों के लिए भी इस दिन को खास बना सकते हैं और दीपावली के वास्तविक अर्थ को सच्चे रुप से सार्थक कर सकते हैं। दीपावली पर्व अंधकार को मिटा कर समूचे वातावरण को प्रकाशमय बनाने का। दीपावली हिंदूओं का प्रमुख पर्व है। यह पर्व समूचे भारत में उत्साह के साथ मनाया जाता है। दीपावली के दिन घरों में दिए, दुकानों तथा प्रतिष्ठानों पर बहुत सारी सजावट की जाती है और दिए जलाए जाते हैं। बाजारों में खूब चहल-पहल होती है। मिठाई तथा पटाखों की दुकानें खूब सजी होती हैं। इस दिन पकवानों तथा मिठाइयों की खूब बिक्री होती है। बच्चे अपनी इच्छानुसार बम, फुलझड़ियां तथा अन्य पटाखे खरीदते हैं और बड़े बच्चों द्वारा किये गए आतिशबाजी का आनंद उठाते हैं। हमें इस बात को समझना होगा कि दीपावली के त्यौहार का अर्थ दीप, प्रेम और सुख-समृद्धि से है, ना कि पटाखों और बे-फिजूल के प्रदूषण से, यही कारण है कि दीपावली के त्यौहार पर हमारे द्वारा किये गये यह छोटे-छोटे कार्य बड़े परिवर्तन ला सकते हैं। इस त्योहार से हमें हमेशा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती रहती है। यह त्योहार हमें सिखाता है कि कभी भी अंधकार से नहीं डरना चाहिए क्योंकि एक छोटे से दीपक की लौ भी काले अंधकार को प्रकाश में बदल सकती है, इसलिए हमें हर समय अपने जीवन में आशावादी रहना चाहिए और अपने जीवन में हमेशा खुश रहना चाहिए।दीपावली का त्योहार सांस्कृतिक और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक है। इस त्योहार से सभी के जीवन में खुशियां आती है। इसी त्योहार के कारण लोगों में आज भी सामाजिक एकता बनी हुई है।

❖ अंकित कुमार

संकलन : ओम प्रकाश प्रजापति

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए
50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी का 'संकल्प पत्र' हुआ जारी, जेपी नड्डा बोले

# 5 वर्ष तक मुफ्त राशन, लाडली बहनों को पक्का घर

**एजेंसी। भोपाल**

भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने आज मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणा पत्र 'संकल्प पत्र' जारी करते हुए कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार बनने पर लाड़ली बहना योजना की लाभार्थियों को पक्के मकान का लाभ दिया जाएगा और प्रत्येक परिवार में कम से कम एक रोजगार अथवा स्वरोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।



नड्डा ने संकल्प पत्र विमोचन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा भाजपा सरकार ने जो नहीं कहा था, वो भी करके दिखाया है। उन्होंने 2003 की तुलना में राज्य में हुए विकास को बिंदुवार आंकड़ों के माध्यम से पेश किया। समारोह को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, पार्टी की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल ने भी संबोधित किया।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किसानों के लिए बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि उनकी सरकार गेहूं की खरीद हम 2,700 रुपये प्रति क्विंटल और धान की खरीद हम 3,100 रुपये प्रति क्विंटल के हिसाब से करेगी। जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण के लिए 3 लाख करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। तेंदूपत्ता के लिए 4,000 हजार रुपये प्रति मानक बोरा दिया जाएगा।

भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में किसानों, महिलाओं और युवाओं पर फोकस करते हुए कई बड़े वादे किए हैं। भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा- इस बार के संकल्प पत्र में 1 करोड़ 30 लाख बहनों को आर्थिक सहायता के साथ साथ हम घर की सुविधा की सुविधा भी देंगे। गांव की बहनों को लखपति बनाने के लिए उन्हें स्किल डेवलपमेंट की ट्रेनिंग दी जाएगी।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश के चुनाव सहप्रभारी अश्विनी वैष्णव, ज्योतिरादित्य सिंधिया और फग्गन सिंह कुलस्ते भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि युवा मतदाताओं को ये जानने की आवश्यकता है कि मध्यप्रदेश की स्थिति पहले किस प्रकार की थी और भाजपा की सरकार आने के बाद राज्य ने हर क्षेत्र में कितना विकास किया है।

नड्डा ने कहा कि 2003 के बाद से प्रदेश के बजट का प्रावधान चार गुना बढ़ गया है। सड़क संपर्क लगातार बढ़ा है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य ने अभूतपूर्व प्रगति की है। 2003 में जहां पांच मेडिकल कॉलेज थे, आज 30 हैं। मध्यप्रदेश सरसों और मूंग के ऑर्गेनिक उत्पादन में नंबर एक पर है।

उन्होंने कहा कि राज्य में सिंचाई की क्षमता को दुगुना किया गया है। बुंदेलखंड को केन बेतवा लिंक की राष्ट्रीय परियोजना से जोड़ा गया है। बड़ी संख्या में पिछड़े क्षेत्रों में बच्चे रिहायशी स्कूलों का फायदा उठा रहे हैं। स्वास्थ्य की दृष्टि से जन औषधि केंद्रों की संख्या बढ़ी है। पार्टी अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा रिपोर्ट कार्ड की राजनीति में विश्वास करती है। हम लाभार्थियों तक कैसे पहुंचे और जिम्मेदारी तय हो, भाजपा इस दिशा में बात करती है।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने पिछली बार अपने घोषणा पत्र में जो नहीं कहा था, वो भी करके दिखाया है। इस संदर्भ में उन्होंने लाड़ली बहना योजना का नाम गिनाया। उन्होंने कहा कि इस योजना ने बच्चियों और महिलाओं के सशक्तिकरण पर काम किया है। नड्डा ने कहा कि सरकार ने चार औद्योगिक कॉरिडोर बनाए हैं। गांव, गरीब, वंचित, महिलाओं और आदिवासियों, सबके कल्याण का ध्यान रखा है।

## पाक की जेल से रिहा हुए 80 भारतीय मछुआरे, पहुंचे भारत



**एजेंसी। अमृतसर**

पाकिस्तान की एक जेल से हाल ही में रिहा किए गए 80 भारतीय मछुआरों को यहां अटारी-वाघा सीमा पर सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकारियों को सौंप दिया गया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पाकिस्तान सरकार ने बृहस्पतिवार को कराची की मालिर जेल से 80 भारतीय मछुआरों को रिहा कर दिया था। पंजाब पुलिस के प्रोटोकॉल अधिकारी अरुण महाल ने कहा कि सभी कैदी इस्लामाबाद स्थित भारतीय उच्चायोग द्वारा जारी 'आपातकालीन यात्रा प्रमाणपत्र' के माध्यम से अटारी-वाघा सीमा के रास्ते शुक्रवार रात भारत आ गए। अटारी-वाघा सीमा की संयुक्त जांच चौकी (जेसीपी) पर तैनात महाल ने कहा कि भारतीय चिकित्सकों ने मछुआरों के आने के बाद उनके स्वास्थ्य की जांच की। महाल ने कहा कि मछुआरों को तीन साल पहले उस समय पकड़ लिया गया था जब उनकी नौकाएं अरब सागर में क्षेत्रीय जलमार्ग से होते हुए पाकिस्तान के क्षेत्र में घुस गई थीं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को जैसे ही मछुआरे भारत पहुंचे, उन्होंने सम्मान में झुककर धरती को छुआ।

## गागर में सागर

### मनीष सिसोदिया बीमार पत्नी से मिलने पहुंचे, कोर्ट ने दी है 6 घंटे की मोहलत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया अदालत से अनुमति मिलने के बाद अपनी बीमार पत्नी से मिलने तिहाड़ जेल से घर पहुंचे। कथित शराब घोटाला मामले में सिसोदिया तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्हें सुबह 10 बजे से शाम चार बजे तक छह घंटे के लिए अपनी पत्नी से मिलने की इजाजत दी गई है। सिसोदिया पुलिस वाहन से मथुरा रोड स्थित अपने आवास पर सुबह करीब दस बजे पहुंचे। उनके साथ पुलिसकर्मी भी हैं। इससे पहले, दिल्ली उच्च न्यायालय ने जून में भी सिसोदिया को अपनी पत्नी सीमा से मिलने की अनुमति दी थी, लेकिन वह उनसे मुलाकात नहीं कर सके थे, क्योंकि सीमा की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सिसोदिया की पत्नी 'मल्टीपल स्केलेरोसिस' से पीड़ित हैं।

### दिल्ली-एनसीआर में फिर से भूकंप के झटके

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में आज एक बार फिर भूकंप के झटके महसूसे किए गए हैं। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.6 मापी गई है। हालांकि भूकंप की तीव्रता बेहद कम थी जिसके चलते यह बेहद कम महसूस हो सका। बता दें दोपहर बाद तीन बजकर 36 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। फिलहाल जानमाल के किसी तरह के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### तिरुपत्तूर जिले में दो बसों की टक्कर में पांच की मौत, 60 घायल

**वानीयंबाडी।** तमिलनाडु में चेन्नई-बेंगलुरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार तड़के परिवहन निगम की एक बस और एक ओमनी बस की आमने-सामने की टक्कर में कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और लगभग 60 अन्य घायल हो गए। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि टक्कर में दोनों वाहनों का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को लगभग दस एम्बुलेंस से अस्पताल पहुंचाया। अधिकारी के मुताबिक बेंगलुरु से चेन्नई जा रही राज्य एक्सप्रेस परिवहन निगम की बस वानीयंबाडी के पास चेट्टियाप्पनूर में चेन्नई से बेंगलुरु जा रही ओमनी बस से टकरा गई, इस दुर्घटना में एक महिला सहित चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

## पीएम मोदी और खड़गे ने मौलाना आजाद को जयंती पर दी श्रद्धांजलि

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शनिवार को भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मौलाना आजाद को उनकी जयंती पर याद कर रहा हूं। एक प्रसिद्ध विद्वान और भारत के स्वतंत्रता संग्राम के आधार स्तंभ, शिक्षा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता सराहनीय थी। आधुनिक भारत को दिशा देने में उनके प्रयास राष्ट्र का मार्गदर्शन करते रहेंगे। आजाद को श्रद्धांजलि देते हुए, खड़गे ने कहा, आज से 100 साल पहले 1923 में मौलाना आजाद कांग्रेस अध्यक्ष बने थे। उनकी जयंती पर, हम राष्ट्र निर्माण, विशेषकर शिक्षा के क्षेत्र में उनके जबरदस्त योगदान का जश्न मनाते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि आजाद, एक कट्टर गांधीवादी और एक महान स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद और एक राजनेता थे, वह हम सभी के लिए प्रेरणादायक हैं। खड़गे ने कहा, राष्ट्रीय शिक्षा दिवस पर, हम सभी शिक्षकों, छात्रों, हर स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय के प्रबंधन कर्मचारियों और उन सभी लोगों को शुभकामनाएं देते हैं जो दैनिक आधार पर भारत के मूलभूत ज्ञान के निर्माण में शामिल हैं। मोदी ने स्वतंत्रता सेनानी आचार्य जेबी कृपलानी को भी श्रद्धांजलि अर्पित की और कहा, मैं आचार्य जेबी कृपलानी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। उपनिवेशवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई के एक सच्चे प्रतीक के रूप में उनका व्यापक रूप से सम्मान किया जाता है। लोकतंत्र और सामाजिक समानता को मजबूत करने की दिशा में किए गए उनके अथक परिश्रम ने हमारे देश के ताने-बाने पर एक स्थायी छाप छोड़ी है। उनका जीवन और कार्य सदा स्वतंत्रता एवं न्याय के मूल्यों को बनाए रखने के प्रति समर्पित था।

## कांग्रेस की कपड़ा फाड़ राजनीति मप्र का भला नहीं कर सकती : अमित शाह

**एजेंसी। धार/भोपाल**

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मध्य प्रदेश में तीन परिवार हैं, पहला कमलनाथ का, बंटाधार दिग्विजय का, तीसरा राहुल व सोनिया गांधी का गांधी परिवार। यहां आदेश गांधी परिवार का चलता है, निर्देश कमलनाथ का चलता है और गलती होने पर चांटा दिग्विजय सिंह को लगा देते हैं। ये कपड़ा फाड़ राजनीति मध्य प्रदेश का भला नहीं कर सकती। केन्द्रीय गृह मंत्री शाह शनिवार को धार जिले के मनावर में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने कमलनाथ को यहां अपना नेता बनाया है। लेकिन वो आपके भले के लिए काम नहीं करेंगे, क्योंकि उनके मन में है



नकुलनाथ को मुख्यमंत्री बनाना और सोनिया गांधी के मन में है, राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाना। जो अपने बेटे-बेटियों के लिए काम करते हैं वो देश और प्रदेश का कभी भला नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि इस बार मध्य प्रदेश तीन दीपावली मनाएगा। एक दीपावली कल मनाएंगे, दूसरी तीन दिसंबर को यहां भाजपा सरकार बनने के बाद और तीसरी दीपावली आपको 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मनानी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भारतीय संस्कृति का अपमान किया है। नरेन्द्र मोदी ने अयोध्या में राममंदिर बनाने का मार्ग प्रशस्त किया, महाकाल लोक बनाया, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर बनाया, बाबा केदारधाम और मां विंध्यवासिनी के तीर्थ क्षेत्र बनाएं, करतारपुर साहिब कॉरिडोर बनाया, कश्मीर में मां शारदा पीठ की पुनर्प्रतिष्ठा की और नए संसद भवन में सेंगोल लगाकर भारतीय संस्कृति के सम्मान का काम किया। शाह ने कहा कि कांग्रेस दलित और आदिवासी विरोधी है। ये इतने साल सत्ता में रहे, लेकिन इन्होंने कभी किसी ट्राइबल को राष्ट्रपति नहीं बनाया।

### विदेश मंत्री 11-15 नवंबर तक यूनाइटेड किंगडम के आधिकारिक दौरे पर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर 11-15 नवंबर तक यूनाइटेड किंगडम की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार भारत और यूके के बीच बढ़ती द्विपक्षीय साझेदारी है। अपनी यात्रा के दौरान विदेश मंत्री अपने समकक्ष सर जेम्स क्लेवरली के साथ चर्चा करेंगे और कई अन्य गणमान्य व्यक्तियों से मिलेंगे। मंत्रालय के अनुसार विदेश मंत्री की यात्रा से दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों को नई गति मिलेगी। भारत और यूके के बीच मधुर और समृद्ध संबंध हैं। भारत-यूके व्यापक रणनीतिक साझेदारी को 2021 में भारत-यूके रोडमैप 2030 के साथ लॉन्च किया गया था। रोडमैप एक साझेदारी के लिए एक प्रतिबद्धता है जो दोनों देशों के लिए काम करती है।

### नौकरी के बदले जमीन 'घोटाला' मामला

## लालू परिवार के 'सहयोगी' गिरफ्तार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित रूप से नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले की धन शोधन जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद और उनके बेटे तेजस्वी यादव के सहयोगी बताए जा रहे अमित कात्याल को गिरफ्तार किया है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ने कात्याल को शुक्रवार को हिरासत में लिया और फिर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने कहा कि कात्याल को स्थानीय अदालत में पेश किए जाने की संभावना है, जहां ईडी पूछताछ के लिए उसकी हिरासत की मांग करेगी। सूत्रों के मुताबिक, कात्याल करीब दो महीने से ईडी के समन की अनदेखी कर रहा था। दिल्ली उच्च न्यायालय ने हाल में इस मामले में उसके खिलाफ जारी ईडी के समन को रद्द करने के अनुरोध वाली उसकी याचिका खारिज कर दी थी। ईडी ने इस साल मार्च में जब लालू, तेजस्वी, उनकी बहनों और अन्य के परिसरों पर छापे मारे थे, तब कात्याल से जुड़े ठिकानों की भी तलाशी ली गई थी। जांच एजेंसी के अनुसार, कात्याल राजद सुप्रीमो का ₹करीबी सहयोगी₹ होने के साथ-साथ ह्यए के इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेडह्व का पूर्व निदेशक भी है। एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड इस मामले में कथित तौर पर एक ₹लाभार्थी कंपनी₹ है और इसका पंजीकृत पता दक्षिणी दिल्ली की न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित एक आवासीय इमारत है, जिसका इस्तेमाल तेजस्वी यादव कर रहे थे। कथित घोटाला उस समय का है, जब लालू केंद्र में संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) की पहली सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि 2004 से 2009 तक भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों में समूह ह्यडीह्व पदों पर कई लोगों को नियुक्त किया गया था और बदले में इन लोगों ने अपनी जमीन तत्कालीन रेल मंत्री लालू के परिवार के सदस्यों और एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को हस्तांतरित कर दी थी। धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की आपराधिक धाराओं के तहत दर्ज किया गया ईडी का यह मामला केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज की गई एक शिकायत पर आधारित है।


## FILMY हलचल

### अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के डीपफेक वीडियो पर दिल्ली पुलिस ने दर्ज की एफआईआर



**दिल्ली** पुलिस ने शुक्रवार को दक्षिण की अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के डीपफेक एआई-जेनरेट वीडियो पर बवाल मचने के बाद एफआईआर दर्ज कर ली। दिल्ली पुलिस के अनुसार, इस संबंध में आईपीसी, 1860 की धारा 465 और 469 और आईटी अधिनियम, 2000 की धारा 66सी और 66ई के तहत स्पेशल सेल ने केस दर्ज किया। उल्लेखनीय है कि रश्मिका की डीपफेक वीडियो में एक लिफ्ट के अंदर ब्लैक कपड़े में महिला को दिखाया गया है। रश्मिका मंदाना की तरह दिखने के लिए उसके चेहरे को एआई की मदद से एडिट किया गया। इसमें चेहरा मंदाना का जबकि शरीर दूसरी महिला का था। इसे इस तरह एडिट किया गया, जिससे वह रश्मिका मंदाना का वीडियो लगे। इस पर महानायक अमिताभ बच्चन ने नाराजगी जताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष ने स्वतः संज्ञान लेते हुए शुक्रवार को दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था। महिला आयोग ने पुलिस से 17 नवंबर तक मामले में दर्ज प्राथमिकी की कॉपी, आरोपितों का जानकारी और इस संबंध में की गई कार्रवाई की रिपोर्ट मांगी है।

### तेलुगु अभिनेता चंद्र मोहन का दिल का दौरा पड़ने से निधन



अनुभवी तेलुगु अभिनेता चंद्र मोहन का आज दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया है। हैदराबाद के अपोलो अस्पताल में शनिवार सुबह 9.45 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। कई तेलुगु फिल्मों में अपने दमदार अभिनय के लिए मशहूर चंद्र मोहन की आज (11 नवंबर) प्राणज्योत मालवली है। वह पांच दशक से अधिक समय तक तेलुगु सिनेमा में सक्रिय थे। उनके परिवार में पत्नी और दो बेटियां हैं। अभिनेता जूनियर एनटीआर ने चंद्र मोहन को श्रद्धांजलि दी है। उन्होंने कहा कि उनका असामयिक निधन दुखद है। ट्वीटर पर एक पोस्ट में जूनियर एनटीआर ने लिखा, चंद्र मोहन जी, जिन्होंने दशकों तक फिल्मों में विभिन्न भूमिकाएँ निभाकर अपना नाम बनाया।

### अभिनेता धर्मेंद्र ने उप्र के मुख्यमंत्री योगी से की मुलाकात

**सिने** स्टार धर्मेंद्र इन दिनों एक फिल्म की शूटिंग के लिए लखनऊ में हैं। इस मौके पर उन्होंने शनिवार को उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके मुख्यमंत्री आवास पर मुलाकात की। योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के बाद धर्मेंद्र खुश नजर आए। इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच काफी बातचीत हुई और कुछ विषयों पर चर्चा भी हुई। इस दौरे के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्मेंद्र को स्मृति चिह्न भेंट किया। फिलहाल इस



मुलाकात के वीडियो और तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। धर्मेंद्र हाल ही में करण जौहर की फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आए। इस फिल्म में उनके और शबाना आजमी के बीच लिपलॉक सीन भी काफी चर्चा में रहा था। ज्ञातव्य है कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ धर्म और राजनीति के अलावा मनोरंजन के क्षेत्र में भी रुचि रखते हैं।फिलहाल योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में फिल्म सिटी बनाने का काम जोर-शोर से चल रहा है। इसी बीच योगी आदित्यनाथ मुंबई आए और फिल्म इंडस्ट्री के कलाकारों से मुलाकात भी की थी। योगी आदित्यनाथ के कलाकारों से अच्छे संबंध हैं।

**नया कीर्तिमान** रामनगरी अयोध्या के सरयू घाट पर दीपोत्सव कार्यक्रम मना

# दीपों से जगमगाई रामलला की धरती

**एजेंसी। लखनऊ**

दीपावली की पूर्व संध्या पर रामनगरी अयोध्या के सरयू घाट पर दीपोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस दीपोत्सव में 22 लाख 23 हजार दीये अलग-अलग घाटों पर जलाकर एक रिकॉर्ड बनाया गया। कार्यक्रम में राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित कई नेता और संतों से लेकर आम जनता ने शिरकत की। दीपोत्सव में 22 लाख 23 हजार दीये सरयू नदी के घाट पर जलाए गए। जिसके बाद एक बार फिर सरयू घाट पर रिकॉर्ड बन गया है। इसके अलावा लेजर शो, आतिशबाजी भी की गई। सरयू नदी पर दीपोत्सव कार्यक्रम के दौरान



लेजर शो के जरिए रामलीला का आयोजन किया गया। पिछले वर्ष 2022 में प्रज्वलित 15.76 लाख दीपों से इस बार यह संख्या लगभग छह लाख 47 हजार अधिक रही। ड्रोन से की गई दीपों की गणना के उपरांत दीपोत्सव ने नया कीर्तिमान गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया है। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश सरकार के इस 'भव्य दीपोत्सव' को देखा और अंततः एक साथ एक स्थान पर इतनी बड़ी संख्या में दीप प्रज्वलन को विश्व कीर्तिमान का दर्जा दिया। कीर्तिमान रचने में राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय व इससे जुड़े महाविद्यालयों के शिक्षक, इंटर कॉलेजों के शिक्षक व छात्रों, स्वयंसेवी संस्थाओं की बड़ी भूमिका रही। दीप प्रज्वलन का नियत समय शुरू होते ही 'श्री राम जय राम जय जय राम' के जाप के साथ एक-एक कर 22.23 लाख दीप जलाए गए। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रतिनिधियों द्वारा कीर्तिमान रचने की घोषणा के साथ ही पूरी अयोध्या 'जय श्री राम' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठी। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से ड्रोन की गणना के उपरांत एग्जीक्यूटर स्वप्निल दंगारीकर व कन्सल्टेंट निश्चल बरोट द्वारा यह जानकारी दी गई। इससे पहले विगत वर्ष भी दीप प्रज्वजन का कीर्तिमान रचा गया था। गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की ओर से प्रमाण पत्र सौंपे जाने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने समूची अयोध्या का अभिवादन किया। 54 देशों के राजनयिक भी इसके साक्षी बने। बता दें कि 2017 में अयोध्या में 1.71 लाख, 2018 में 3.01 लाख, 2019 में 4.04 लाख, 2020 में 6.06 लाख, 2021 में 9.41 लाख, 2022 में 15.76 लाख दीप प्रज्वलित कर रिकॉर्ड बना था।

## बिहार के लिए 15 और 22 नवंबर को चलेगी छठ पूजा स्पेशल ट्रेन



**रांची।** रेलवे ने छठ महापर्व को लेकर जमशेदपुर से बिहार जाने वाले यात्रियों के लिए दो राउंड स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला लिया है। ये दोनों ट्रेने 15 और 22 नवंबर को छठ स्पेशल ट्रेन के नाम से चलेगी। ट्रेन टाटानगर से ट्रेन संख्या 08181 और 08182 टाटा-छपरा छठ स्पेशल ट्रेन के नाम से चलेगी। ट्रेन नंबर 08181 टाटानगर से 15 और 22 नवंबर को दोपहर 01:20 बजे खुलेगी और 16 और 23 नवंबर को सुबह तीन बजे छपरा पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 08182 16 और 23 नवंबर को सुबह छह बजे छपरा से रवाना होगी और उसी दिन रात 08.45 बजे टाटा पहुंचेगी।

इन स्टेशनों पर होगा स्टॉपेज : यह ट्रेने टाटानगर से खुलने के बाद चांडिल, अनारा, आसनसोल, जामताड़ा, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, जयचंडी पहाड़, पुरुलिया, किऊल, बरौनी, समस्तीपुर, हाजीपुर, छपरा में रुकेगी।

### दीपावली को लेकर श्री श्याम मंदिर में विशेष पूजा की हो रही है तैयारियां

# श्रद्धालु नहीं कर सके बाबा श्याम के दर्शन, बंद रहा दरबार



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में दीपावली पर बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है दीपावली महा पर्व का महा उत्सव इसके लिए विशेष तैयारी एवं विशेष पूजन कार्य के लिए मंदिर के पट शनिवार को रात्रि 9:30 बजे से बंद रहे जो आम दर्शनार्थ के लिए 12 तारीख रविवार को संध्या 5:00 बजे खुलेंगे। इस अवधि में मंदिर में विशेष पूजन कार्य एवं दीपावली उत्सव की तैयारी चली। दीपावली पर्व के लिए विशेष श्रृंगार एवं सजावट के लिए कोलकाता के कारीगर दिन रात लगे हुए हैं। अध्यक्ष सुरेश सरावगी एवं महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया के दिशा निर्देश में संपूर्ण कार्य संचालित किया जा रहा है। वर्ष में एक बार खाटू धाम के परंपरा अनुसार दीपावली के दिन श्री श्याम बाबा मुख्य मंड में भक्तगण दीप जलाकर अपने परिवार के लिए कुशल मंगल की प्रार्थना करते हैं मंदिर प्रांगण में ही श्याम भक्तों के लिए घी के दीपक की व्यवस्था की गई है भक्तों से निवेदन है वह स्नान कर शुद्ध होकर मंदिर परिसर में बाबा के मंड में दीप जला सकते हैं। **86 वां श्री श्याम भंडारा :** श्री श्याम मंदिर में 86 वां श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर बाबा के भजनों से मंदिर परिसर गूंज रहा था। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया व उपमंत्री अनिल नारनौली के नेतृत्व में यजमान संतु भाई मानेक योगेश मानेक एवम परिवार ने श्री श्याम मंदिर में विराजमान खाटूनरेश लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी शिव परिवार हनुमान जी व गुरुजनों को भंडारे का प्रसाद अर्पित कर सुख समृद्धि व खुशहाली की प्रार्थना की। म86 वें श्री श्याम भंडारा के प्रसाद में अजवाइन का पूड़ी आलू चना का सब्जी केसरिया खीर चिप्स का प्रसाद श्री श्याम मंदिर में ही मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी की निगरानी में निर्मित किया गया था। भंडारे का वितरण समय होते-होते मंदिर परिसर भक्तों से अट गया था। हरमू रोड में लंबी-लंबी कतारें लग गई । खाटू नरेश की जय जयकारो जय घोष से संपूर्ण छेत्र गूंज रहा था। प्रथम देव श्री गणेश जी महाराज की जयकारों के बीच मानेक परिवार व मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी के नेतृत्व में भंडारे का महाप्रसाद का वितरण शुरू किया गया। लगभग 3100 से ज्यादा लोगों ने अमृतमय महाप्रसाद प्राप्त किया। श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री] विश्वनाथ नारसरिया, संतु भाई मानेक, श्रवण ढानढनिया, श्याम सुंदर शर्मा , पूर्व सांसद अजय मारू, अनिल नारनोली, राजीव रंजन मित्तल, स्नेह पोद्दार, अनुज मोदी, अमित सरावगी, वेद भूषण जैन, राहुल मारू, कमलेश अंकित, राजेश कटारुका, साहित्य पवन मनीष वर्मा झूलन मुंडा उपेंद्र पांडे सुक्रा उरांव संजय शर्मा अमित महतो अभिषेक गुप्ता तरुण शर्मा नकुल मुंडा कुमार पवन शर्मा अरविंद सोमानी सहित 50 से ज्यादा स्वयंसेवकों ने भंडारा वितरण में सहयोग किया।

### दो दिवसीय इंटर स्कूल स्पोर्ट प्रतियोगिता आयोजित

# 12 विद्यालयों ने लिया भाग



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सिमलिया के जमड़िया मैदान(सरहुल मेला स्थल) में दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिता का आज समापन हुआ,जिसमे 12 स्कूल के लगभग 500 से भी ज्यादा विद्यार्थियों नेभाग लिया। इस भव्यप्रतियोगिता के मुख्य अतिथि हटिया विधानसभा के लोकप्रिय विधायक नवीन जयसवाल एवं विशिष्ट अतिथि रातू प्रमुख संगीता देवी,सिमलिया के मुखिया फुलमनी देवी,आई.सी.एफ.ए.आई.(क्ळत्रक्षक ) यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. डॉ. रमन कुमार झा,बसपा प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार विश्वकर्मा, छात्र क्लब कला संस्कृति एवं खेल कूद मंच (यूनिट, छात्र क्लब ग्रुप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा मौजूद थे। यह खेल कूद का आयोजन सिमलिया के मुखिया और रातू प्रमुख के द्वारा की गई थी।दो दिवसीय इंटर स्कूल स्पोट्र्स में कुल आठ खेल खेले गए जिसमें फुटबॉल, कबड्डी, खोखो, लॉन्ग जम्प,हाई जम्प आदि आदि शामिल थे। सभी विद्यालय के बच्चों ने अपना प्रतिभा का जबरदस्त प्रदर्शन किया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से बच्चों का उत्साह बढ़ाया।दर्शकों की काफी भीड़ रही।खेल में जीते हुए बच्चों को ट्रॉफी, शील्ड, मोमेंटो एवं मेडल्स भेंटकर सम्मानित किया गया।

## सिदो- कान्हू पार्क में निःशुल्क योग प्रशिक्षण 13 नवंबर से




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची के सिदो- कान्हू पार्क में निःशुल्क योग प्रशिक्षण 13 नवंबर से मिलेगा। इस संबंध में झारपार्कस रांची (वन विभाग, झारखंड) के सीइओ के स्तर से सूचना दी गई है। झारपार्कस अंतर्गत इस पार्क में नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने तथा प्रकृति के साथ समन्वय स्थापित कर जीवन की पद्धति के विकास के लिए निःशुल्क योग प्रशिक्षण शिविर 13 नवंबर से शुरू होगा। इसका समय हर दिन सुबह 6:30 से 7:30 बजे तक रहेगा। मंगलवार को पार्क में साप्ताहिक बंद नहीं होगा। योग के लिए प्रशिक्षक की व्यवस्था झारपार्कस प्रबंधन के स्तर से की गई है। झारपार्कस प्रबंधन ने यह भी कहा है कि फिलहाल योग प्रशिक्षण का समय एक माह (13 दिसम्बर तक) के लिए ही तय किया गया है। अभी जो लोग योग सीखने को सुबह में पार्क आएंगे, उन्हें अपने साथ दरी, मैट या चादर वगैरह स्वयं लाना होगा।

# भाजपा ने आदिवासी समाज का हमेशा सम्मान किया है : बाबूलाल



**अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को किया। अटल जी ने केंद्र में अलग आदिवासी मंत्रालय बनाया**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को चाईबासा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी 15 नवंबर को होने वाले खूंटी दौरे की भाजपा पश्चिम सिंहभूम जिला द्वारा आयोजित तैयारी बैठक को संबोधित किया। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा की सरकार जनजाति समाज के कल्याण के लिए समर्पित है। भाजपा ने बार-बार आदिवासी समाज का सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य का गठन श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती 15 नवंबर को किया। अटल जी ने केंद्र में अलग आदिवासी मंत्रालय बनाया। संथाली जनजाति भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल किया। उन्होंने कहा कि आज पिछले 9वर्षों में मोदी सरकार ने जनजाति समाज का स्वाभिमान और सम्मान बढ़ाते हुए कई ऐतिहासिक कार्य किए। उन्होंने कहा आज देश में पहली बार मोदी कैबिनेट में 8आदिवासी मंत्री शामिल हैं। देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद महामहिम राष्ट्रपति को जनजाति समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू जी सुशोभित कर रही हैं। कहा कि भगवान बिरसा मुंडा आदिवासी समाज ही नहीं देश के गौरव हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके जन्मदिन 15 नवंबर को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित किया। भगवान बिरसा मुंडा ने जिस जेल में अपनी शहादत दी उस जेल परिसर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय स्मारक बना दिया। उन्होंने कहा कि भगवान बिरसा की जयंती अब उत्सवों की माला बन गया। एक दिन कई खुशियां झारखंड के नाम दर्ज है। गौरव दिवस झारखंड के इतिहास में स्वर्णिम अध्याय होगा।जब पहली बार कोई प्रधानमंत्री भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातु में स्वयं उपस्थित होकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे,नमन करेंगे।

### दीपावली आज, प्रदोष काल में मां लक्ष्मी-गणेश की पूजा करना होगा शुभ

**रांची।** दीपावली कार्तिक माह के अमावस्या तिथि को रविवार को मनाई जाएगी। इस दिन माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजन का विधान है। लक्ष्मी गणेश पूजा के लिए प्रदोष काल का समय सबसे शुभ और फलदायी होगा। पंडित राजेंद्र पांडेय ने बताया कि दीपावली के दिन प्रदोष काल में माता लक्ष्मी और भगवान गणेश की पूजा सभी के लिए सुख-समृद्धि और मंगलकारी होगी। जबकि मध्य रात्रि में मां काली का जाप, तप और साधना से भक्त के सारे कष्ट दूर होते हैं। मां काली की पूजा निशिता काल में करने का विधान है। उन्होंने बताया कि दीपावली पूजा के लिए शुभ मुहूर्त अभिजीत मुहूर्त दोपहर 11:23 से 12 :56 बजे तक है।

# दीपावली पर सजावट के सामानों और दीयों की जमकर हुई बिक्री



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची में दीपावली के एक दिन पूर्व शनिवार को बाजारों में कुछ खास ही रौनक देखने को मिली। लाइट, दीये, करंज तेल, मूर्ति, फटाखा, मिठाई की बिक्री जोर शोर से हो रही है। रांची के हर चौक-चौराहों पर इन सभी चीजों की बिक्री हो रही है। इससे हर चौक-चौराहे पर जाम की स्थिति है। लालपुर के अमित कुमार ने कहा कि एक से बढ़कर एक लाइट्स के आइटम उनके पास हैं। देशी लाइट्स और इंडो-चाइनीज दोनों लाइट्स बिक रही है लेकिन इंडो-चाइनीज लाइट्स के मुकाबले देशी लाइट्स की दाम काफी अधिक हैं। 15 मीटर की चाइनीज लड़ी 60-70 रुपये में बिक रही है जबकि देशी लड़ी 150 से 180 रुपये में बिक रही है। उन्होंने बताया कि पांच मीटर की लड़ी 30 रुपये, 10 मीटर की 55, 15 मीटर की 70, 20 मीटर की 125, 30 मीटर की 180, 40 मीटर की 250,50 मीटर की 300, 60 मीटर की 360 रुपये, फेंसी लाइट 500, दीया लड़ी 350-400 रुपये में बिक रहा है। राजधानी रांची में मिट्टी के दीये बड़ा साइज का 150 रुपये में 100, मीडियम साइज का 100 रुपये में 100 और छोटा साइज का दीया 80 रुपये में 100 मिल रहा है। साथ ही करंज तेल 150 रुपये लीटर बिक रहा है। बीड़ी बम की कीमत 60 रुपये एक पॉकेट, सेवन स्टार 550 रुपये, अनार बम 200-400, घिरनी 150-300, श्री स्टार 250, मिनी बुलेट बम 450 से 500 प्रति पैकेट, हाइड्रो बम 400-600 रुपये में मिल रहा है। टार्च 150 से 300 और फुलझड़ी 20 रुपये से 500 रुपये तक के मौजूद हैं। उल्लेखनीय है कि राजधानी के मोरहाबादी मैदान में पटाखों की बिक्री होती थी लेकिन इस बार जिला प्रशासन की ओर से पटाखों की बिक्री के लिए जिला स्कूल में स्थान दिया गया। यहां अलग अलग-अलग वेराइटी के पटाखे मौजूद हैं।

### दीपावली पर प्रशासन अलर्ट, चार जगहों पर अग्निशमन वाहन तैनात

**रांची।** राजधानी रांची में दीपावली को देखते हुए जिला प्रशासन और पुलिस ने भी अपनी पूरी तैयारी कर ली है। शहर में अग्निशमन विभाग भी अलर्ट है। शहर के चार अलग-अलग जगहों पर अग्निशमन वाहनों की तैनाती की गई है। रांची में दीपावली को लेकर रांची पुलिस, जिला प्रशासन के साथ फायर ब्रिगेड विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली है। शहर के प्रमुख चौक-चौराहा और पटाखा दुकानों को ध्यान में रखते हुए दमकल की गाड़ियां अभी से ही तैनात कर दी गई हैं। छोटे और बड़े दमकल वाहनों के अलावा हाइड्रोलिक प्लेटफार्म भी तैयार रखा गया है। राजधानी के चार फायर स्टेशनों के अलावा कुल 12 स्थानों पर दमकल वाहन भेजे गए हैं। आपात स्थिति में आग बुझाने के लिए फोम और अन्य संसाधनों का भी इंतजाम फायर बिग्रेड की ओर से किया गया है।शहर में आग लगने की स्थिति में डायल 100 और डायल 112 पर सूचना दी जा सकती है।

### छात्र-छात्राओं ने ली बाल विवाह और बाल तस्करी मुक्ति की शपथ

**खूंटी।** खूंटी प्रखंड के मारंगहादा स्थित उच्च विद्यालय में प्रधानाचार्या नमिता नाग की अध्यक्षता में शनिवार को झारखंड महिला उत्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चाइल्ड फाउंडेशन के सहयोग बाल विवाह मुक्त अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को बाल विवाह मुक्ति से संबंधित शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम के दौरान झारखंड महिला उत्थान के जिला समन्वयक दिनेश कुमार ने कहा कि बाल विवाह हमारे समाज की बहुत बडी समस्या है। हम सभी को एकजुट होकर इस समस्या का समाधान निकालना होगा। हम सभी का दायित्व है कि हमारे गांव व समाज में किसी भी लडकी की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में न हो। साथ ही किसी भी गांव की लडकी के साथ यौन शोषण न हो। हमें मिलकर समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करना है। कार्यक्रम में काउंसलर जोफा लकड़ा ने कहा कि हम सभी को एक- दूसरे के साथ मिलकर अपने गांव के साथ सपूर्ण मारंगहादा पंचायत को बाल विवाह मुक्त पंचायत बनाना होगा, ताकि कोई भी लडकी का बाल विवाह न हो और न ही वे बाल श्रम और बाल तस्करी की शिकार न हो सके।

# पटाखों की खरीदारी के लिए दुकान में लगी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। दीपों का पर्व दीपावली शुरू हो गया है। लोग पहले से ही पटाखों का मजा लेने लगे हैं। इस पर्व को लेकर बच्चों काफी उत्साह देखा जा रहा है। हर घरों उत्सव का माहौल है। चौक-चौराहों पर तरह के मिट्टी के खिलौने बिकने लगे हैं। बच्चों की टोली खिलौने खरीदने के लिए अपने माता-पिता के साथ घूम रहे हैं। दीयों का खूब बिक्री हो रही है। इस त्योहार को लेकर सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम किये गये हैं। दिवाली में पटाखों की खूब बिक्री होती है। इसे लेकर पटाखों का बाजार सज गया है। पर्यावरण की सुरक्षा को देखते हुए पटाखा कंपनियों ने बाजार में नन पॉल्यूशन वाले पटाखों की रेंज पेश की है। लोग भी ऐसे ही पटाखे पसंद कर रहे हैं। बाजार में हर वर्ग के लिए पटाखों की पूरी रेंज है। लोगों को अधिक परेशान न होना पड़े, इसके लिए फैमिली पैक पटाखे से लेकर हर प्रकार के पटाखे मिल रहे हैं। बाजार में कई प्रकार के पटाखे उपलब्ध हैं। इनमें कलर कोटी अनार, कलर स्मोक, रोलर कॉस्टर से लेकर मल्टी शॉट की पूरी रेंज उपलब्ध है। यही नहीं, बाजार में हेलीकॉप्टर, पॉप पॉप पेंसिल, फायर बर्ड, कलर बटरफ्लाई, मैट्रिक्स पेंसिल आदि उपलब्ध है। बच्चों के लिए छोटे अनार, चिटपुट, चकरी आदि की बिक्री हो रही है।

**30 से लेकर 120 मल्टी शॉट खास :** बाजार में 30, 60, 100 और 120 शॉट के पटाखे मिल रहे हैं। इसकी कीमत 650 रुपये से लेकर 2,600 रुपये तक है। बाजार में 10,000 वाला कलर चटाई भी है। एक बार इसमें आग लगाने पर यह लगातार देरी तक बजेगा, जिसकी कीमत 5,500 रुपये है। बाजार में कोरनेशन, अनिल आनंदा, बालाजी, चंदामामा से लेकर कई कंपनियों के पटाखे उपलब्ध हैं। यह सभी पटाखे शिवकाशी से मंगाये गये हैं।

पटाखे कीमत : कलर बटरफ्लाई 234, मैट्रिक्स पेंसिल 300, फायर बर्ड 278, हेलीकॉप्टर 178, कलर कोटी अनार 250-500, कलर स्मोक 450

रोलर कॉस्टर 1000-1100, मल्टी शॉट 650-2600, फैमिली गिफ्ट पैक कीमत, बीएमडब्ल्यू 8190, एक्सयूवी 700-6235, स्कॉर्पियो 4901, एवेंजर 3580, पल्सर 3272, एक्टिवा 2380, पो-गो 1710, सीटी 100-982 रुपये मिल रही है। बाजार में हर प्रकार के पटाखे लाये गये हैं। सभी पटाखे शिवकाशी से मंगाये गये हैं। हेलीकॉप्टर, पॉप पॉप पेंसिल, फायर बर्ड से लेकर कलर बटरफ्लाई पटाखों की बिक्री हो रही है।

### राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# ‘प्रत्येक पंचायत को कृत्रिम गभार्धान तकनीशियन मिलेंगे’



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य में कम उत्पादक दुधारू पशुओं में उत्पादकता वृद्धि के लिए नस्ल सुधार के लिए पंचायत स्तर पर कृत्रिम गभार्धान तकनीशियन उपलब्ध कराये जायेंगे। इसके लिए केंद्र सरकार प्रायोजित राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय में पिछले एक साल से झारखण्ड के विभिन्न जिलों के युवाओं का चरणवार एक माह का कृत्रिम गभार्धान (मैत्री) प्रशिक्षण चल रहा है। शनिवार को 13वें बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा हुआ। प्रशिक्षणार्थियों को संबोधित करते हुए झारखण्ड स्टेट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी (जेएसआइए) फॉर कैटल एंड बुफैलो के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार झा ने कहा कि झारखण्ड में कृत्रिम गभार्धान आच्छादन दर अभी 17-18 प्रतिशत है, जिसे राष्ट्रीय औसत 30 प्रतिशत तक करते हुए अगले 5 वर्षों में 70 प्रतिशत तक करने का महत्वकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कृत्रिम गभार्धान में प्रयुक्त सांढ की औसत ब्रीडिंग वैल्यू प्राकृत गभार्धान में प्रयुक्त सांढ से अधिक होती है आनुवंशिक प्रगति भी तीव्र गति से प्राप्त होती है क कृत्रिम गभार्धान सेवा किफायती होती है तथा इसमें पशुओं में यौन रोगों का प्रसार भी नहीं होता है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु प्रशिक्षणार्थियों का नॉमिनेशन जिला पशुपालन पदाधिकारियों द्वारा किया जाता है क एक माह के इस तकनीकी प्रशिक्षण के बाद इन लोगों को दो माह का व्यावहारिक प्रशिक्षण सम्बंधित प्रखंडों में भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी द्वारा दिया जायेगा क उसके उपरान्त एक सप्ताह का प्रशिक्षण जेएसआइए, रांची द्वारा दिए जाने के बाद इनकी परीक्षा होगी और सफल लोगों को प्रमाणपत्र एवं कृत्रिम गभार्धान किट प्रदान किया जायेगा तथा कृत्रिम गभार्धान कार्य के लिए पंचायत का आवंटन किया जायेगा क इन्हें पशुपालन विभाग द्वारा तैयार की गयी मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप ही कार्य करना है और काम की ऑनलाइन रिपोर्टिंग प्रतिदिन करनी है। पशुचिकित्सा संकाय के अधिष्ठाता डॉ सुशील प्रसाद ने प्रशिक्षणार्थियों से अपील की कि यहां से प्राप्त तकनीकी ज्ञान का भरपूर प्रयोग कृत्रिम गभार्धान में करें और एक भी व्यक्ति अपने गांव लौटकर बेकार नहीं बैठें। पशुचिकित्सा संकाय के प्रशिक्षण प्रभारी प्रो आलोक कुमार पाण्डेय ने कहा कि अबतक 13 बैच में लगभग 400 से अधिक लोगों को प्रशिक्षित किया जा चुका है जिसमें राज्य के सभी जिलों के युवक शामिल हैं।

### दीपावली-छठ स्पेशल रांची- जयनगर- रांची ट्रेन 11 और 18 नवम्बर को चलेगी

रांची। दीपावली और छठ में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए छठ स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया है। शनिवार को रेलवे के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि रांची - जयनगर - रांची ट्रेन 11 और 18 नवम्बर को रांची से चलेगी। इस ट्रेन का रांची से प्रस्थान रात के 11:55 बजे होगा। रात 12:50 बजे मुरी पहुंचेगी। यहां से पांच मिनट के बाद झालिदा, बोकारो स्टील सिटी, धनबाद होते हुए दोपहर 3:30 बजे जयनगर पहुंचेगी। जबकि ट्रेन जयनगर से रांची के लिए 12 और 19 नवंबर को चलेगी। जो वहां से शाम 5 बजे प्रस्थान करेगी और दूसरे दिन सुबह नौ बजे रांची पहुंचेगी। स्पेशल ट्रेन चलने से लोगों को छठ महापर्व में घर जाने के लिए कोई परेशानी नहीं होगी। लोगा आसानी से अपने घरों तक पहुंच सकते हैं और छठ महापर्व अच्छी तरह मना सकते हैं।

# आदिवासियों की जमीन लूट में राज्य सरकार का मौन समर्थन : अलेस्टेयर



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**

झारखंड उलगुलान संघ के तत्वावधान में छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की 115वीं वर्षगांठ के अवसर पर शुक्रवार को कचहरी मैदान में स्थापित शताब्दी शिलालेख का पारम्परिक ढंग से दिरी-चपी अनुष्ठान विभिन्न गांव के पाहनों द्वारा संयुक्त रूप सम्पन्न किया गया। बाद मे वीर शहीद बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर ग्राम मुंडाओं की अगुवाई में माल्यार्पण किया गया और पड़हा राजा, ग्राम मुंडाओं और पाहनों की अगुवाई में सैकड़ों ग्रामीण पैदल मार्च करते हुए समाहरणालय के समक्ष पहुंचे और धरने पर बैठ गए। धरने को सम्बोधित करते हुए संयोजक अलेस्टेयर बोदरा ने कहा कि झारखण्ड राज्य गठन के बाद से जमीन की लूट में जबरदस्त वृध्दि हुई है और इस लूट को सरकार का भी मौन समर्थन मिला हुआ है। यही कारण है कि आज तक पूर्ववर्ती सरकार द्वारा बनाई गई आदिवासी-मूलवासी विरोधी भूमि बैंक नीति को अब तक रद्द नहीं किया गया है। पिछले झारखंड विधान सभा चुनाव के समय झामुमो ने वादा किया था कि अगर हमारी सरकार बनती है तो भूमि बैंक नीति को रद्द किया जाएगा, लेकिन आज तक भूमि बैंक नीति को रद्द नहीं किया गया है। इतना ही नहीं, भू-दस्तावेजों के ऑनलाइन में त्रुटि के पीछे भी सरकार की सोची समझी साजिश है। भू-दस्तावेजों के ऑनलाइन होने से जमींदारी उन्मूलन के दायरे की जमीन पर उनके वंशजों द्वारा दावा किया जा रहा है और ग्रामीणों पर दबाव बनाया जा रहा है।

# ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को धो डाला

**एजेंसी। पुणे**

मिचेल मार्श (नाबाद 177) के तूफानी शतक और डेविड वार्नर (53) तथा स्टीव स्मिथ (नाबाद 63) के शानदार अर्धशतकों से ऑस्ट्रेलिया ने बांग्लादेश को शनिवार को विश्व कप मुकाबले में आठ विकेट से धो डाला। बांग्लादेशी टीम ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने आखिरी लीग मैच में 50 ओवर में आठ विकेट पर 306 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया लेकिन ऑस्ट्रेलिया को रोक पाने का दम उसकी गेंदबाजी में नहीं था। ऑस्ट्रेलिया ने 44.4 ओवर में दो विकेट पर 307 रन बनाकर जीत अपने नाम की। मार्श को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। मार्श ने विस्फोटक अंदाज में खेलते हुए 132 गेंदों पर 17 चौकों और नौ छक्कों की मदद से नाबाद 177 रन ठोके और टीम को आसान जीत की मंजिल पर पहुंचा दिया। ट्रेविस हेड (10) को जल्दी गंवाने के बाद मार्श ने वार्नर के साथ दूसरे विकेट के लिए 120 रन जोड़े। मार्श ने फिर तीसरे विकेट के लिए स्मिथ के साथ 175 रन की अविजित साझेदारी कर बांग्लादेश को ध्वस्त कर दिया।

वार्नर ने 61 गेंदों पर 53 रन में छह चौके लगाए जबकि विजयी चौका मारने वाले स्मिथ ने 64 गेंदों पर नाबाद 63 रन में चार चौके और एक छक्का लगाया। ऑस्ट्रेलिया ने नौ मैचों में लगातार सात जीत के साथ लीग चरण अभियान समाप्त किया। ऑस्ट्रेलिया ने पहली बार विश्व कप में 300 या उससे अधिक रनों का स्कोर हासिल किया है। वह तालिका में तीसरे स्थान पर रहा।

ऑस्ट्रेलिया ने एक शानदार जीत दर्ज की है। बांग्लादेश ने बल्लेबाजी में अच्छे हाथ दिखाए, लेकिन गेंदबाजों ने उतना सहयोग नहीं दिया। ट्रैविस हेड का विकेट काफी जल्दी निकालने के बाद बांग्लादेश के पास मौका था, लेकिन डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को मैच में वापस लाने का काम किया। मार्श की पारी ने सेमीफाइनल से पहले ऑस्ट्रेलिया के आत्मविश्वास को और बढ़ाने का काम किया है। इससे पहले ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बांग्लादेश के शीर्ष और मध्य क्रम के सभी बल्लेबाजों ने क्रीज पर आने के बाद विकेट पर समय बिताया और टीम के 300 से ऊपर के स्कोर में अपना योगदान दिया। तौहीद हृदोय ने 79 गेंदों पर पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से सर्वाधिक 74 रन बनाये। कप्तान नजमुल शान्तो ने 45, लिटन कुमार दास ने 36,तंजिद हसन ने 36 और महमुदउल्लाह ने 32 रन बनाये जबकि मुशफिकुर रहीम ने 21 और मेहदी हसन मिराज ने 29 रन बनाये। बांग्लादेश के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। दूसरी ड्रिंक्स के समय लग रहा था कि बांग्लादेशी टीम 350 के स्कोर तक पहुंच सकती है, क्योंकि वे 6 से ऊपर के रन रेट से रन बना रहे थे और उनके सात विकेट शेष थे। लेकिन मार्नस लाबुशेन के दो बेहतरीन रन आउट ने पारी के मोमेंटम को पलटा और उन्हें 300 के ऊपर के ही स्कोर से संतोष करना पड़ा। अधिकतर बांग्लादेशी बल्लेबाजों को अच्छी शुरूआत मिली थी, लेकिन तौहीद हृदोय को छोड़कर कोई भी बल्लेबाज अर्धशतक पूरा नहीं कर सका। अपना पहला विश्व कप मैच खेल रहे शॉन एबट ने अंत में अपनी स्लोअर शॉर्ट गेंदों से बांग्लादेशी बल्लेबाजों को बांधे रखा, वहीं एडम जम्पा एक बार फिर से फील्ड में बेहतरीन रहे।

**मार्श का तूफानी शतक**



### स्कोर बोर्ड

| ऑस्ट्रेलिया | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रैविस हेड | 10 | 11 | 2 | 0 |
| डेविड वॉर्नर | 53 | 61 | 6 | 0 |
| मिचेल मार्श | 177 | 132 | 17 | 9 |
| स्टीव स्मिथ | 63 | 64 | 4 | 1 |

**अतिरिक्त :** 04, **कुल :** 307/2 (44.4 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-12, 2-132 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** तस्किन अहमद 10-0-61-1, महेदी हसन 9-0-38-0, नासुम अहमद 10-0-85-0, मेहदी हसन मिराज 6-0-47-0, मुस्तफि जुर रहमान 9.4-1-76-1

| बांग्लादेश | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| तंजिद हसन | 36 | 34 | 6 | 0 |
| लिटन कुमार दास | 36 | 45 | 5 | 0 |
| नजमुल शान्तो | 45 | 57 | 6 | 0 |
| मो. तौहीद हृदोय | 74 | 79 | 5 | 2 |
| महमुदउल्लाह | 32 | 28 | 1 | 3 |
| मुशफि कुर रहीम | 21 | 24 | 0 | 1 |
| मेहदी हसन मिराज | 29 | 20 | 4 | 0 |
| नासुम अहमद | 7 | 11 | 0 | 0 |
| महेदी हसन | 2 | 3 | 0 | 0 |
| तस्किन अहमद | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 24, **कुल :** 306/8 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-76, 2-106, 3-170, 4-214, 5-251, 6-286, 7-303, 8-304 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** जॉश हेजलवुड 7-1-21-0, पैट कमिंस 8-0-56-0, शॉन ऐबट 10-0-61-2, मिचेल मार्श 4-0-48-0, ऐडम जैम्पा 10-0-32-2, ट्रैविस हेड 6-0-33-0, मार्कस स्टॉयनिस 5-0-45-1

# भारत के लिए कुछ डर हो सकते हैं : विव रिचर्ड्स



**एजेंसी। दुबई**

दो बार के विश्व कप विजेता सर विवियन रिचर्ड्स ने अजेय भारत से सकारात्मक रहने और हर कीमत पर आक्रमण करने का आग्रह किया है क्योंकि वे इस साल के आयोजन में अपना तीसरा खिताब जीतने का प्रयास कर रहे हैं। भारत ने इस साल विश्व कप के 13वें संस्करण में अगले सप्ताह सेमीफाइनल में जगह पक्की करने के लिए सभी आठ मैच जीते हैं। रिचर्ड्स - जो अपने समय के सबसे तेजतर्रार और आक्रामक खिलाड़ियों में से एक के रूप में प्रसिद्ध हैं, उन्होंने 1975 और 1979 में वेस्टइंडीज को विश्व कप में सफलता दिलाई थी - वह चाहते हैं कि भारत अपनी ताकत के साथ खेलना जारी रखे और किसी भी नकारात्मक विचार से दूर रहे। रिचर्ड्स ने आईसीसी के लिए अपने कॉलम में कहा, भारत की मानसिकता है कि वे इसी तरह खेलते हुए आगे बढ़ सकते हैं। यह निश्चित रूप से उनकी मानसिकता होनी चाहिए और अगर मैं उस ड्रेसिंग रूम में होता तो मेरी भी यही मानसिकता होती - आइए पूरी ताकत लगाकर बाहर निकलें। यह दृष्टिकोण अब तक काम कर चुका है और अगर यह बदलता है, तो चीजें भटक सकती हैं। मेरा मानना है कि वे हर तरह से अजेय रह सकते हैं, जिसके लिए वास्तव में प्रयास करना चाहिए। कुछ डर हो सकता है कि 'हमने अब तक बहुत अच्छा खेला है, सेमीफाइनल में खराब खेल हो सकता है।' उन्हें खत्म करने की कोशिश करनी होगी और किसी भी नकारात्मक विचार को खत्म करना होगा। जबकि विराट कोहली लंबे समय से रिचर्ड्स के पसंदीदा हैं, वेस्टइंडीज के महान खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि उन्हें शुभमन गिल भी पसंद है क्योंकि भारत के सलामी बल्लेबाज उन्हें याद दिलाते हैं कि वह कैसे खेलते थे।

# इंग्लैंड ने जीत के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में जगह बनाई, विश्व कप में पाकिस्तान का सफर खत्म

### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| डाविड मलान | 31 | 39 | 5 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो | 59 | 61 | 7 | 1 |
| जो रूट | 60 | 72 | 4 | 0 |
| बेन स्टोक्स | 84 | 76 | 11 | 2 |
| जॉस बटलर | 27 | 18 | 3 | 1 |
| हैरी ब्रूक | 30 | 17 | 2 | 2 |
| मोईन अली | 8 | 6 | 0 | 1 |
| क्रिस वोक्स | 4 | 4 | 1 | 0 |
| डेविड विली | 15 | 5 | 2 | 1 |
| गस ऐटकिंसन | 0 | 1 | 0 | 0 |
| आदिल रशीद | 0 | 1 | 0 | 0 |

**अतिरिक्त :** 19, **कुल :** 337/9 (50 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-82, 2-108, 3-240, 4-257, 5-302, 6-308, 7-317, 8-336, 9-336 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** शाहीन शाह अफरीदी 10-1-72-2, हारिस रउफ 10-0-64-3, इफि्तखार अहमद 7-0-38-1, मोहम्मद वसीम 10-0-74-2, शादाब खान 10-0-57-0, आगा सलमान 3-0-25-0

| पाकिस्तान | रन | बॉल | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| अब्दुल्लाह शफीक | 0 | 2 | 0 | 0 |
| फखर जमान | 1 | 9 | 0 | 0 |
| बाबर आजम | 38 | 45 | 6 | 0 |
| मोहम्मद रिजवान | 36 | 51 | 2 | 0 |
| सऊद शकील | 29 | 37 | 4 | 0 |
| आगा सलमान | 51 | 45 | 6 | 1 |
| इफ्तिखार अहमद | 3 | 5 | 0 | 0 |
| शादाब खान | 4 | 7 | 1 | 0 |
| शाहीन शाह अफरीदी | 25 | 23 | 3 | 1 |
| मोहम्मद वसीम 1 | 6 | 14 | 2 | 1 |
| हारिस रउफ | 35 | 23 | 3 | 3 |

**अतिरिक्त :** 06, **कुल :** 244/10 (43.3 ओवर)
**विकेट पतन:** 1-0, 2-10, 3-61, 4-100, 5-126, 6-145, 7-150, 8-186, 9-191, 10-244 . डीआरएस
**गेंदबाजी :** जॉश हेजलवुड 7-1-21-0, पैट कमिंस 8-0-56-0, शॉन ऐबट 10-0-61-2, मिचेल मार्श 4-0-48-0, ऐडम जैम्पा 10-0-32-2, ट्रैविस हेड 6-0-33-0, मार्कस स्टॉयनिस 5-0-45-1

**एजेंसी। कोलकाता**

इंग्लैंड ने पाकिस्तान को 93 रन से हरा दिया है। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी में अपनी जगह पक्की कर ली है। वहीं, वनडे विश्व कप 2023 में पाकिस्तान और इंग्लैंड का सफर खत्म हो चुका है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बाद ऑस्ट्रेलिया और अंत में न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में जगह बनाई है। अब 15 नवंबर को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में पहले सेमीफाइनल में भारत का सामना न्यूजीलैंड से होगा। वहीं, 16 नवंबर को दूसरे सेमीफाइनल में कोलकाता के ईडन गार्ड्स में ऑस्ट्रेलियाई टीम दक्षिण अफ्रीका से भिड़ेगी। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में नौ विकेट पर 337 रन बनाए। इंग्लैंड के लिए बेन स्टोक्स ने 84, जो रूट ने 60 और जॉनी बेयरस्टो ने 59 रन बनाए। डेविड मलान ने 31, हैरी ब्रूक ने 30 और जोस बटलर ने 27 रन बनाए। पाकिस्तान के लिए हारिस रऊफ ने तीन विकेट लिए। शाहीन अफरीदी और मोहम्मद वसीम जूनियर को दो-दो सफलता मिली। इफ्तिखार अहमद ने एक विकेट लिया। पाकिस्तान ने 338 रन का पीछा करते हुए 244 रन बनाए। सबसे ज्यादा 51 रन आगा सलमान ने बनाए। कप्तान बाबर ने 38 और रिजिवान ने 36 रन बनाए। अंत में हारिस रऊफ ने 35 रन का योगदान दिया। इंग्लैंड के लिए डेविड विली ने तीन विकेट लिए। आदिल राशिद गस एटकिंसन और मोईन अली को दो-दो विकेट मिले। क्रिस वोक्स ने एक विकेट लिया।नौ विकेट के नुकसान पर पाकिस्तान का स्कोर 200 रन के पार जा चुका है। मोहम्मद वसीम जूनियर और हारिस रऊफ क्रीज पर हैं। दोनों तेज गति से रन बना रहे हैं। 41 ओवर के बाद पाकिस्तान का स्कोर 222/9 है। 191 रन पर पाकिस्तान का नौवां विकेट गिरा है। शाहीन अफरीदी 23 गेंद में 25 रन बनाकर आउट हो चुके हैं। गस एटकिंसन ने उन्हें विकेटों के सामने फंसाया। अब रऊफ के साथ मोहम्मद वसीम क्रीज पर हैं। 186 रन पर पाकिस्तान के आठ विकेट गिर चुके हैं। आगा सलमान 45 गेंद में 51 रन बनाकर आउट हुए। डेविड विली ने उन्हें बेन स्टोक्स के हाथों कैच कराया। अब शाहीन अफरीदी के साथ मोहम्मद वसीम जूनियर क्रीज पर हैं। 150 रन पर पाकिस्तान के सात विकेट गिर चुके हैं। शादाब खान सात गेंद में चार रन बनाकर आउट हुए। आदिल राशिद ने उन्हें बोल्ड किया। अब आगा सलमान के साथ शाहीन अफरीदी क्रीज पर हैं। 34 ओवर के बाद पाकिस्तान का स्कोर 171/7 है। छह विकेट के नुकसान पर पाकिस्तान का स्कोर 150 रन तक पहुंच चुका है।



### वर्ल्ड कप 2023 पॉइंट्स टेबल

| टीम | मैच | जीत | हार | नेट प्वाइंट्स | नेट प्वाइंट्स |
|---|---|---|---|---|---|
| भारत | 8 | 8 | 0 | 16 | +2.456 |
| सा. अफ्रीका | 9 | 7 | 2 | 14 | +1.261 |
| ऑस्ट्रेलिया | 9 | 7 | 2 | 14 | +0.841 |
| न्यूजीलैंड | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.743 |
| पाकिस्तान | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.199 |
| अफगानिस्तान | 9 | 4 | 5 | 8 | -0.336 |
| इंग्लैंड | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.572 |
| बांग्लादेश | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.087 |
| श्रीलंका | 9 | 2 | 7 | 4 | -1.419 |
| नीदरलैंड्स | 8 | 2 | 6 | 4 | -1.635 |

**नेडबैंक गोल्फ चैलेंज**

## शुभंकर शर्मा ने 68 का कार्ड खेला



**सन सिटी (दक्षिण अफ्रीका) :** भारतीय गोल्फर शुभंकर शर्मा ने नेडबैंक गोल्फ चैलेंज के पहले दौर में चार अंडर 68 का शानदार कार्ड खेलकर सत्र की अंतिम डीपी विश्व टूर चैम्पियनशिप में अपना स्थान सुनिश्चिल करने का मौका प्रदान किया। उन्होंने तीन बर्डी, एक ईगल लगाई और एक बोगी कर बैठे। इससे वह संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर चल रहे हैं। चार गोल्फर संयुक्त रूप से पहले स्थान पर चल रहे हैं जिसमें दुनिया के आठवें नंबर के मैक्स होमा भी शामिल हैं। शुभंकर इनसे दो शॉट पीछे हैं। इसी तरह भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर और करणदीप कोचर ने शुक्रवार को यहां 20 लाख अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि के हांगकांग ओपन के दूसरे दौर में चार अंडर 66 के समान कार्ड खेले जिससे दोनों संयुक्त रूप से 12वें स्थान पर चल रहे हैं। पहले दौर में भी इन दोनों गोल्फरों ने 67 के समान कार्ड खेले थे। थाईलैंड के फाचारा खोंगवाटमाई ने सात अंडर पार 63 का कार्ड खेला जिससे वह 12 अंडर से बढ़त बनाए हैं।

## गुरकीरत सिंह मान ने लिया संन्यास



**चंडीगढ़ :** ऑस्ट्रेलिया के 2016 के दौरे में भारत की तरफ से तीन एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेलने वाले गुरकीरत सिंह मान शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय और भारतीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। गुरकीरत ने भारत की तरफ से इन मैचों में मध्यक्रम में बल्लेबाजी करने के अलावा ऑफ स्पिनर के रूप में 10 ओवर भी किए थे। पंजाब की टीम में अंदर बाहर होने और 2020 से आईपीएल में नहीं खेल पाने के कारण गुरकीरत ने संन्यास लेने का फैसला किया। गुरकीरत ने इंस्टाग्राम पर लिखा- आज का दिन मेरी अविश्वसनीय क्रिकेट यात्रा का अंतिम दिन है। भारत का प्रतिनिधित्व करना सम्मान और सौभाग्य की बात रही है। मेरा सहयोग करने के लिए मैं अपने परिवार, मित्रों, कोच और साथी खिलाड़ियों का आभार व्यक्त करता हूं।

**टूर्नामेंट** पुरुष हॉकी जूनियर विश्व कप की तैयारियों को लेकर अमनदीप लाकड़ा ने कहा-

# हम अपने सर्कल प्रवेश पर अतिरिक्त जोर देंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के प्रमुख सदस्य अमनदीप लाकड़ा ने शनिवार को आगामी एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 पर चर्चा करते हुए कहा कि टीम सर्कल में प्रवेश पर अतिरिक्त जोर देगी। उन्होंने 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 को लेकर अपने विचार और अनुभव भी साझा किए, जहां भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीता था। अमनदीप ने कहा कि यूरोपीय टीमों के खिलाफ टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करने से उन्हें सीखने के अद्वितीय अवसर मिले। उन्होंने कहा, मैंने उनसे बहुत कुछ सीखा है कि कैसे खेलना है और मैं इस अनुभव का उपयोग आगामी विश्व कप में करना चाहूंगा।

अमनदीप 11वें सुल्तान जोहोर कप 2023 के दौरान पांच मैचों में छह गोल के साथ टूर्नामेंट के शीर्ष स्कोरर रहे थे। जब उनसे इस उपलब्धि के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने बताया, अतीत में, मुझे अवसरों को बदलने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा, अक्सर घबराहट के साथ संघर्ष करना पड़ा। हालाँकि, जैसे-जैसे मुझे परिवर्तन करने की अपनी क्षमता पर विश्वास हुआ, इसने मुझे आत्म-सुधार की अपनी यात्रा में और भी अधिक प्रयास करने के लिए प्रेरित किया।

इसके अलावा, अमनदीप ने सुल्तान जोहोर कप 2023 में अपने पेनल्टी कॉर्नर (पीसी) रूपांतरण में उल्लेखनीय प्रगति की, और उन्होंने इस सफलता का श्रेय अपनी ड्रैग फ्लिकिंग तकनीक को निखारने पर समर्पित ध्यान को दिया। उन्होंने अपने कौशल को बेहतर बनाने के लिए किए गए कठोर प्रयासों पर जोर दिया, जिससे उनकी रूपांतरण दर में काफी सुधार हुआ। उन्होंने कहा, मेरी अथक मेहनत रंग लाई और मैं अधिक प्रभावी ढंग से बदलाव करने में सक्षम हुआ। आगामी एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 को देखते हुए, जो 5 दिसंबर से 16 दिसंबर 2023 तक कुआलालंपुर में होने वाला है, अमनदीप ने हाल के अनुभव से सीखने और टीम के कुछ विशिष्ट पहलुओं में सुधार करने की बात कही। उन्होंने जोर देकर कहा, हम अपने सर्कल प्रवेश और रूपांतरण दरों पर अतिरिक्त जोर देंगे। हमारा प्राथमिक ध्यान हमारे खेलों में हमारे कठोर अभ्यास सत्रों से प्राप्त अंतर्दृष्टि और रणनीति को लागू करने पर केंद्रित होगा। जब अमनदीप से विश्व कप में भारत के प्रदर्शन के बारे में अपने विचार साझा करने के लिए कहा गया, तो उन्होंने एक समय में एक कदम उठाने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, हमें न केवल भाग लेने बल्कि टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने की भी बहुत उम्मीदें हैं। हम इस प्रक्रिया में अपने दृढ़ संकल्प और कौशल का प्रदर्शन करते हुए भव्य मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का लक्ष्य रखेंगे। युवा खिलाड़ी ने यह भी स्वीकार किया कि प्रतिस्पर्धा कड़ी होगी और भारत को अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित रखने की आवश्यकता होगी। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप मलेशिया 2023 में मजबूत प्रतिस्पर्धा के बारे में अमनदीप ने कहा कि अन्य भाग लेने वाली टीमों से विशिष्ट खतरों की भविष्यवाणी करना चुनौतीपूर्ण है, क्योंकि मैचों के नतीजे अप्रत्याशित हो सकते हैं।



## कश्मीरी स्कीयर ने दुबई में एफआईएस इंटरनेशनल स्की रेस में जीता स्वर्ण



**एजेंसी। श्रीनगर**

घाटी के शीर्ष स्कीयर आरिफ खान ने स्की डूबा में आयोजित एफ.आई.एस. इंटरनेशनल स्की रेस में चल रहे स्लैलम इवेंट में स्वर्ण और कांस्य पदक जीता है। खान ने तीन रन के बाद 51.98 सेकेंड में यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने पहली दौड़ 17.45 सेकेंड में, दूसरी दौड़ 17.43 सेकेंड में और तीसरी दौड़ 17.43 सेकेंड में पूरी की थी। खान ने कहा कि एफ.आई.एस. इंटरनेशनल स्की रेस में ढलानों के प्रकार को देखते हुए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट उनके लिए चुनौतीपूर्ण था। उन्होंने कहा कि यह इंटरनेशनल स्कीइंग फेडरेशन द्वारा आयोजित टूर्नामट था। यह टूर्नामेंट मेरे लिए बहुत चुनौतीपूर्ण था क्योंकि वहां बर्फ से बनी लगभग 200 मीटर की छोटी ढलानें थीं। स्कीयर के लिए पहाड़ी से नीचे जाना चुनौती रहा लेकिन मैंने तीसरे और चौथे प्रयास में बेहतरीन प्रयास किया और पदक का दावेदार बन गया। खान ने कहा कि पहले दिन मैं दौड़ से बाहर हो गया था और दूसरी दौड़ में मैंने शीर्ष-10 में जगह बनाई थी। तीसरे दिन मैं ठीक होने के बाद कांस्य जीतने में सफल रहा। चौथे दिन की दौड़ में भारतीय टीम पहले स्थान पर रही जिस कारण हमने पहला अंतरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक जीता। खान ने इस जीत को ऐतिहासिक बताया और कहा कि यह भारत के स्कीयर को अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपनी छाप छोड़ने के लिए प्रेरित कर रही है।